# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 05 दिसम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 329, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 110 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए व सेंसेक्स में 110 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 10 अंक चढ़ा। } 14

## चीन के करेंगे वार्ता, घटायेंगे तनाव : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत–चीन संबंधों पर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अपेक्षित और महत्वपूर्ण है। } 16



### संक्षेप

## ईरान के तेल परिवहन पर 35 कंपनियां प्रतिबंधित

वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरान के तेल का अन्य देशों में परिवहन करने वाली 35 कंपनियों और जहाजों पर मंगलवार को प्रतिबंध लगा दिया। इनमें भारत की दो कंपनियां भी शामिल हैं। भारत की जिन दो कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें फोनिक्स का प्रबंधन और संचालन करने वाली विजन शिप मैनेजमेंट एलएलपी और टाइटशिप शिपिंग मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, लाइबेरिया, हांगकांग सहित अन्य देशों की कंपनियों और जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। एक बयान में, वित्त विभाग ने कहा कि एक अक्टूबर को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इसरो ने आज तक रोका प्रक्षेपण

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने प्रोबा-3 अंतरिक्षयान में पाई गई एक विसंगति के कारण पीएसएलवी-सी59 का प्रक्षेपण बृहस्पतिवार तक के लिए स्थगित कर दिया। बुधवार को प्रस्तावित प्रक्षेपण से चंद मिनट पहले अंतरिक्ष एजेंसी ने यह घोषणा की। अंतरिक्ष एजेंसी ने मूल रूप से बुधवार को शाम 4 बजकर आठ मिनट पर यहां अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण की योजना बनाई थी। एजेंसी ने प्रस्तावित प्रक्षेपण से चंद मिनट पहले एक बयान में कहा, प्रोबा-3 अंतरिक्षयान में पाई गई विसंगति के कारण पीएसएलवी-सी59प्रोबा-3 का प्रक्षेपण कल (बृहस्पतिवार) शाम चार बजकर 12 मिनट पर पुनर्निर्धारित किया गया है। अपनी तरह की दुनिया की पहली पहल के तहत प्रोबा-3 में दो उपग्रह शामिल हैं, जिसमें दो अंतरिक्षयान एक साथ उड़ान भरेंगे और सूर्य के बाहरी वायुमंडल का अध्ययन करेंगे। इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) से यह ऑर्डर मिला है।

## कश्मीर में पारा शून्य से नीचे

श्रीनगर। कश्मीर में बुधवार रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुष्क मौसम के पूर्वानुमान के कारण आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कोकेरनाग को छोड़कर घाटी के अन्य सभी मौसम केंद्रों ने रात का तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो मंगलवार रात को शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- महाकुंभ में मनोरंजन करेंगे अभिनेता और कलाकार (पृष्ठ–02)
- एक्सप्रेस वे पर बनेंगे 72 फास्ट चार्जिंग स्टेशन (पृष्ठ–02)
- सेबी ने नॉमिनेशन सुविधाओं के लिए समान मानकों पर नियम किये अधिसूचित (पृष्ठ–14)
- बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 14.54 लाख करोड़ की आवश्यकता (पृष्ठ–14)
- भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि में मामूली गिरावट (पृष्ठ–14)


# स्वर्ण मंदिर जा रहे सुखबीर बादल पर हमला

एजेंसी

अमृतसर (पंजाब)। पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के बाहर बुधवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर एक पूर्व आतंकवादी ने गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन वहां सादे कपड़े में मौजूद एक पुलिसकर्मी द्वारा आरोपी को पकड़ लिए जाने से उसका निशाना चूक गया और बादल बाल-बाल बच गए। पंजाब में शिअद सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई गलतियों के लिए स्वर्ण मंदिर में सेवादार के रूप में बादल की सजा का यह दूसरा दिन था, जिसे कवर करने पहुंचे मीडियाकर्मियों के कैमरे में हमले का पूरा दृश्य रिकॉर्ड हो गया। टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में बादल (62) एक पैर की हड्डी टूटने की वजह से व्हीलचेयर पर बैठकर सेवा करते दिखते हैं। उसी दौरान हमलावर धीरे-धीरे उनकी ओर बढ़ता और अपनी जेब से हथियार निकालता दिखता है। इस बीच, बादल के पास सादे कपड़े में खड़े एक पुलिस अधिकारी ने तुरंत हमलावर का हाथ पकड़कर उसे दूर धकेल दिया। इस दौरान चली एक गोली बादल के पीछे मंदिर की प्रवेश दीवार पर लगी। हालांकि इस दौरान बादल बाल-बाल बच गए। इसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्य बल के सदस्यों ने भी बीच बचाव किया। पंजाब के ...शेष पृष्ठ 14 पर

**आरोपी गिरफ्तार**

# नौसेना की प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा : मोदी

### 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में नौसेना की उपलब्धियों की याद में नौसेना दिवस मनाया जाता है

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना की सराहना की और कहा कि उसकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है।

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में नौसेना की उपलब्धियों की याद में नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य भारतीय नौसेना के अद्वितीय साहस, कार्यकुशलता और देश की रक्षा में उसके योगदान को याद करना है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नौसेना दिवस पर हम भारतीय नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अतुलनीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है। इस अवसर पर



शुभकामनाएं देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अवसर नौसेना की अद्भुत युद्ध क्षमता का स्मरण कराता है। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना के कर्मियों को शुभकामनाएं। यह एक ऐसा अवसर है जो हमारी नौसेना की अद्भुत युद्ध क्षमता को याद करता है और साथ ही समुद्री मार्गों की रक्षा और मानवीय सहायता प्रदान करके हमारे विदेशी संबंधों को मजबूत करने में इसकी बहुआयामी भूमिका का सम्मान करता है। राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सभी भारतीय नौसेना कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। नौसेना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और भारत की समुद्री सुरक्षा की रक्षा में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज जब पूरा देश नौसेना दिवस मना रहा है, मैं सभी भारतीय नौसेना कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय नौसेना राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो भारत की समुद्री सुरक्षा की रक्षा करती है। हमारी नौसेना सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# संभल का एक भी उपद्रवी न बचे : योगी

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलों में राजस्व मामलों के निपटारे और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई और राजस्व वादों में लापरवाही-लेटलतीफी स्वीकार नहीं की जाएगी। सबकी जवाबदेही तय होगी। मिशन मोड में राजस्व वादों का निस्तारण करें।

कानून व्यवस्था को लेकर सीएम ने कहा कि संभल या किसी भी अन्य जिले में अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। संभल का एक भी उपद्रवी बचना नहीं चाहिए। सार्वजनिक संपत्ति को जिन्होंने नुकसान पहुंचाया है, उनकी पहचान करें। सीएम ने कहा कि सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चले। चेन स्नेचिंग की घटनाओं और बाइक स्टंटबाजी को देखते हुए पेट्रोलिंग बढाएं और जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करें। 6 दिसंबर को बाबा साहेब



भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सुनिश्चित करें कि कहीं अव्यवस्था न होने पाए। सीएम योगी ने बैठक में लोगों की समस्याओं को निपटाने में खराब प्रदर्शन करने वाले मंडल, जिला, रेंज, तहसील और थानों की रिपोर्ट पर चर्चा. सीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसान, व्यापारी, पटरी व्यवसायी और श्रमिक संगठनों से बात करें और समन्वय बनाएं। महाकुंभ को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली। विशेष समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संपूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में आने वाले मामलों के शिकायतकर्ताओं से मिले फीडबैक की भी जानकारी ली। साथ ही आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर मिले लोगों के फीडबैक पर रिपोर्ट जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों, मंडलायुक्तों, डीएम, तहसीलों, रेंज, थानों से जवाब लिए जाने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर हो, अलीगढ़, संभल या कोई अन्य जिला, अराजकता की छूट नहीं दी जा सकती। संभल में हुई घटना

## नया भारत तय करता है दुनिया की दिशा : योगी

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है।

सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एम पी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, शपथ ग्रहण आज



एजेंसी

मुंबई। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री का पद एक तकनीकी व्यवस्था है और वह अपने सहयोगी एकनाथ शिंदे और अजित पवार को साथ लेकर महाराष्ट्र में नयी महायुति गठबंधन सरकार चलाएंगे। फडणवीस राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने फडणवीस को अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। उनके साथ शिंदे और अजित पवार भी थे। फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री का पद एक तकनीकी व्यवस्था है। हम तीनों एकजुट होकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं और दो उपमुख्यमंत्री (बृहस्पतिवार शाम को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान) शपथ लेंगे। अभी यह तय नहीं हुआ है कि कितने मंत्री शपथ लेंगे। फडणवीस ने कहा कि उन्होंने मंगलवार शाम शिंदे से मुलाकात कर उन्हें सरकार में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। हालांकि, वर्तमान में कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिंदे से जब पूछा गया कि क्या वह सरकार में शामिल होंगे, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। जुलाई 2022 से महायुति सरकार के मुख्यमंत्री रहे शिवसेना अध्यक्ष शिंदे ने कहा कि शाम

**मुख्यमंत्री पद तकनीकी व्यवस्था है, सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे : फडणवीस**

## उत्तराखंड को मिल रहा है केंद्र का सहयोग : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में उत्तराखंड के लिए विशेष स्थान है। यही कारण है कि केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से उत्तराखंड को हर स्तर पर सहयोग मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा ऋषिकेश में राफ्टिंग का आधुनिक बेस स्टेशन के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रकट किये।

बता दें कि सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ऋषिकेश में आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में अपनी जगह बना चुका है। अब यहां 100 करोड़ की



लागत से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधायें विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी, जिसका लाभ आसपास के क्षेत्र में पयर्टन गतिविधियां बढ़ने के रूप में मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस परियोजना के तहत राफ्टिंग केंद्रों पर शौचालय, कपड़े बदलने की सुविधा के साथ ही खानपान की सुविधा भी विकसित की जायेंगी। साथ ही तपोवन क्षेत्र में भीड़भाड़ कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी निर्माण किया जाना है। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को रोजगार मिलने का भी अनुमान है। योजना के लिए जमीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# संभल जाने से रोके गये राहुल, दिल्ली लौटे

### भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पुलिस को आगे कर रही है : राहुल

एजेंसी

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के पीड़ितों से बुधवार को मिलने के लिए जा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हिंसा प्रभावित जिले में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक लिया गया। राहुल ने पुलिस की इस कार्रवाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने विशेषाधिकारों का हनन करार दिया। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लंबी बहस के बाद भी बात नहीं बनने पर राहुल करीब दो घंटे बाद दिल्ली लौट गये।

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पुलिस को आगे कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (भाजपा) सच्चाई



और भाईचारे के संदेश को क्यों दबा रही है? राहुल के काफिले को रोके जाने से मार्ग के दोनों तरफ काफी लम्बा जाम लग गया और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राहुल ने दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर पुलिस द्वारा रोके जाने पर संवाददाताओं से कहा, हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पुलिस मना कर रही है। लोकसभा में नेता विपक्ष के नाते मेरा अधिकार बनता है कि मैं जा सकता हूं लेकिन तब भी वह मुझे रोक रहे हैं। यह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के मेरे अधिकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा है कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं, पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं लेकिन उन्होंने वह भी बात नहीं मानी और अब कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह हमें जाने देंगे। राहुल ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि यह (संभल जाने से रोका जाना) लोकतंत्र के खिलाफ है। हम संभल जाकर देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मेरा जो संवैधानिक अधिकार है, मुझे उससे वंचित किया जा रहा है। यह संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। अंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। लेकिन हम लड़ते रहेंगे। राहुल ने एक्स पर कहा कि पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि श्रमिकों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है

# बॉयलर विधेयक 2024 को राज्यसभा की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बॉयलर का विनियमन सुनिश्चित करने, भाप बॉयलर के विस्फोट के खतरे से लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश में इसके विनिर्माण, स्थापना और उपयोग के दौरान पंजीकरण और निरीक्षण में एकरूपता के मकसद से लाए गए एक विधेयक को बुधवार को राज्यसभा की मंजूरी मिल गई।

बॉयलर विधेयक, 2024 एक सौ साल पुराने बॉयलर कानून की जगह लेगा। विधेयक पर उच्च सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि श्रमिकों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में 2022 से 2047 तक देश को समृद्ध बनाने के लिए हर क्षेत्र में सुधार, कौशल उन्नयन और कठोर श्रम जरूरी है साथ ही देश को गुलामी की मानसिकता से भी मुक्त कराना



होगा। गोयल ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं जिनमें प्रावधानों को सख्त करना, कारोबार की सुगमता के साथ ही अपनी विरासत पर गर्व करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बॉयलर विधेयक 2024 इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक 100 साल पुराने बॉयलर अधिनियम, 1923 (1923 का 5) को निरस्त करेगा। मंत्री ने कहा कि इस विधेयक से बॉयलर का विनियमन सुनिश्चित करने, भाप बॉयलर के विस्फोट के खतरे से लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा तथा देश में बॉयलर के विनिर्माण, स्थापना और उपयोग के दौरान पंजीकरण और निरीक्षण में एकरूपता लाने और इससे जुड़े मामलों में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिस अधिनियम को बदला जा रहा है वह 100 साल पहले आया था। उन्होंने कहा कि बॉयलर का इस्तेमाल सभी उद्योगों में होता है और बॉयलर कई तरह के होते हैं। उन्होंने कहा कि सालों तक जंग लगने की वजह से दुर्घटनाएं भी होती हैं और पुराने कानून में डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। गोयल ने कहा कि गुलामी की मानसिकता को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने ब्रिटिश काल के पुराने और अप्रसांगिक हो चुके कानूनों का बदलने का संकल्प लिया है और उपनिवेशवाद के प्रतीक 2,000 से अधिक पुराने कानून निरस्त कर दिये गए हैं। मंत्री ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुरादाबाद के जेलर और डिप्टी जेलर निलंबित

एजेंसी

मुरादाबाद। प्रदेश सरकार ने संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात कराने के मामले में मुरादाबाद के जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीजी जेल ने इसके साथ ही जेल अधीक्षक पीपी सिंह के खिलाफ विभागीय जांच करने की संस्तुति की है।

जेल प्रशासन पर हिंसा में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से सपा के स्थानीय नेताओ को बिना जेल मैनुअल का पालन कराए मुलाकात कराने का आरोप है। इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि गत सोमवार को सपा विधायक नवाबजान, चौधरी समरपाल सिंह, पूर्व सांसद एसटी हसन के साथ कई सपा नेताओं ने मुरादाबाद जेल में बंद संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात की थी। जेल प्रशासन पर आरोप है कि उन्होंने सपा नेताओं को बगैर पर्ची मुलाकात करवाई थी। शासन के निर्देश पर डीजी जेल ने डीआईजी जेल कुंतल किशोर को मामले की जांच सौंपी थी। दूसरी ओर, संभल में पुलिस ने अब तक 300 से ज्यादा हंगामा करने के आरोपियों की शिनाख्त कर ली है, लेकिन बवाल में शामिल नकाबपोशों की तलाश में पुलिस उलझी हुई है। बवाली कैमरे में कैद तो हुए, लेकिन मुंह ढकने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## कार चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना में तीन लोगों को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर घायल करने को लेकर चालक के खिलाफ लापरवाही समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के तिलहर निवासी करन सरोज पुत्र रामराज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्तीस नवंबर को रात साढ़े दस बजे पुरवारा डेरवा रोड पर संदीप सरोज तथा सुधांशु व जुगुल बाइक खड़ी कर शौच कर रहे थे। इस बीच एक कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक टक्कर से तीनों को चुटहिल कर दिया। घटना को लेकर पुलिस ने कार चालक लालगंज के ढिंगवस निवासी शिवम पाण्डेय पुत्र राजेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। क्षेत्र के रैठे गांव में मंगलवार की देर शाम हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने कथाव्यास डॉ. शिवशंकर तिवारी का माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं की ओर से सम्मान किया गया। भण्डारे के दौरान भक्ति संगीत के कार्यक्रम में भी श्रद्धालु मगन दिखे। कार्यक्रम का संयोजन प्रेमशंकर तिवारी व राजबल्लभ तिवारी ने किया। इस मौके पर डा. पुरूषोत्तम शुक्ल, राहुल मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, मोनू तिवारी, अभिषेक शुक्ला आदि रहे।

## अधिवक्ताओं के उत्पीड़न को लेकर संघर्ष की बनी रूपरेखा

प्रतापगढ़। गाजियाबाद तथा प्रयागराज व जिले मे अधिवक्ताओ के उत्पीडन को लेकर रूरल बार एसोशिएसन ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन को लेकर बुधवार को यहां रणनीतिक चर्चा की। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रयागराज मे अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल के मुख्य हत्यारोपी को अभी तक पुलिस हिरासत मे नही ले सकी। वही गाजियाबाद में वकीलो पर फर्जी मुकदमे लादे गये हैं। प्रतापगढ़ जिले मे सदर तहसील मे अधिवक्ता उत्पीड़न को लेकर आंदोलन की स्थिति बन गयी है। उन्होने कहा कि एसोशिएसन साथियो के उत्पीड़न को लेकर शीघ्र ही प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम यात्रा के तृतीय चरण की शुरूआत करेगा। बैठक की अध्यक्षता महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, सिंटू मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, सुमित त्रिपाठी, अमरनाथ यादव, प्रभात श्रीवास्तव, संजय सिंह, रमेश पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, मनीष क्रांतिकारी, अखिलेश द्विवेदी, शिवेन्द्र तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे।

## आरोपी के खिलाफ जालसाजी व धमकी का केस

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित को गुमराह कर उसकी जमीन का धोखाधडी से लिखाये जाने को लेकर केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के मुल्तानीपुर गांव निवासी रामकृपाल यादव के पुत्र वेंकटेश्वर प्रसाद ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह अक्टूबर को गांव के निर्भय यादव उर्फ सोनू पुत्र भोलानाथ उसे गुमराह कर लालगंज ले आये। यहां दो अन्य आरोपियो के साथ मिलीभगत कर आरोपी वेंकटेश्वर ने उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। पीडित का कहना है कि आरोपी एक सादा स्टाम्प लेकर उसके घर पहुंचा और हस्ताक्षर करने को कहा तब उसके बेटे ने मनाही कर दी। जानकारी पर जमीन के धोखाधडी से बैनामे के बाबत पीडित ने शिकायत की तब आरोपी ने गालीगलौज करते हुए उसे जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## 4 अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। शान्तिव्यवस्था भंग करने के प्रकरण से सम्बन्धित 04 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण में . नन्दलाल तिवारी पुत्र अच्छेलाल तिवारी उम्र करीब 40 वर्ष, . प्रदीप कुमार चौबे पुत्र अटल बिहारी चौबे उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम किठूरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर, . बदरूदुजा पुत्र नसरूद्दीन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम चन्दापुर थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर, राजमन जायसवाल पुत्र बुधई उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम शुक्लागंज बाजार गुमड़ी थाना श्रीदत्तगंज।

# हर शिकायत पर होगी कार्रवाई

## 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं



गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, घबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के अस्पताल से इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अफसरों से कहा कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

# शत प्रतिशत बच्चों को पिलाया जाये पोलियो की खुराक :डीएम



बलरामपुर। 08 दिसंबर को प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि समस्त एमओआईसी माइक्रो प्लान बना लें एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ट्रेनिंग इत्यादि करा ले एवं वैक्सीन समय से स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच जाए यह सुनिश्चित करें। पल्स पोलियो अभियान की निगरानी के लिए तहसील स्तर पर एसडीएम को नोडल अधिकारी एवं विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाए जाने का निर्देश डीएम ने दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम स्तर पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाए, कोई भी बच्चा ना छूटे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में जीरो से 5 वर्ष तक के 03 लाख 88 हजार 883 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जानी है। 8 दिसंबर को बूथ दिवस के दिन जनपद में कुल 1066 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 632 टीमों द्वारा घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

# यूपी के प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित कर रहे हैं सीएम योगी : नरेंद्र सिंह



गोरखपुर। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं।

श्री तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में वह भक्तियोग का मार्ग दिखाते हैं तो उसी के समानांतर राजनेता के रूप में कर्मयोग का भी रास्ता बताते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। उन्होंने भगवान गोरखनाथ की धरा पर आगमन का आमंत्रण पाने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताया।

श्री तोमर ने गोरक्षपीठ के प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के व्यापक लोक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्था, पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है। पर, गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकर, इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा भारत

श्री तोमर ने कहा कि आज भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूझबूझ और अदम्य साहस, कठोर परिश्रम के कारण भारत की ख्याति दुनिया के मानचित्र पर तेजी के साथ स्थापित हो रही है। एक कालखंड था जब भारत को वैश्विक मंचों पर बहुत तजब्बों नही मिलती थी लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि कोई भी वैश्विक मंच पर दुनिया में नहीं है जिसका एजेण्डा भारत की अनदेखी करने का साहस कर सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिणाम शनैः-शनैः परिलक्षित होंगे और इससे आमूलचूल बदलाव होगा। शिक्षा, देश को सुयोग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराने की माध्यम बनेगी। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव) प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में शिक्षा को वैषयिक सीमाओं से परे कर दिया गया है। विद्यार्थी किसी भी स्ट्रीम से खुद को किसी और स्ट्रीम में शिफ्ट कर सकते हैं। एनईपी ने शिक्षा और रोजगार को एक बड़ा व्यापक क्षेत्र दिया है।

# संभल की घटना पर सरकार गंभीर ,कुछ लोग चाहते हैं आग लगाना : प्रभारी मंत्री

- सड़क ,सुरक्षा, विद्युत ,आस्था, संस्कृति रखना हमारी जिम्मेदारी : धर्मपाल सिंह
- अब नहीं चलेगी अस्पतालों की मनमानी ,नहीं कर पाएंगे जनता की जान से खिलवाड़ : धर्मपाल सिंह



मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि मानकों के विपरीत चलने वाले अस्पतालों पर लगाम लगाई जाएगी उनकी मनमानी नहीं चल पाएगी साथ हीअब जनता की जान से खिलवाड़ नहीं हो पाएगा । बुधवार को विकास भवन में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस बार प्रयागराज में लगने वाला कुंभ मेला डिजिटल होगा जिससे कुंभ की व्यवस्था को घर बैठे देखा जा सकता है इस मेले में आने के लिए संपूर्ण देश से जनता को न्योता दिया जा रहा है मैं खुद एक राज्य मंत्री के साथ न्योता देने हिमाचल जाऊंगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विगत दिनों संभल में हुई घटना में पाकिस्तान मेड के खोखे पाए गए संभल घटना जानबूझकर कराई गई इस पर सरकार संवेदनशील है संभल में शांति है लेकिन कुछ लोग आग लगाना चाहते हैं । प्रभारी मंत्री ने बताया की मेरठ में जाम की समस्या से निजात पाने के लिए अब पुलिस के साथ-साथ जिला प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करेगा ताकि शहर को जाम मुक्त बनाया जा सके जिसके लिए 5 पॉइंट चिन्हित किए गए हैं जहां पर जाम की समस्या सबसे ज्यादा है । प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेरठ में चौहमुखी विकास तथा सुरक्षा हो यह हमारी जिम्मेदारी प्रभारी होने के नाते भी है वहीं शहर का विकास हो तथा शहर से ग्रामीण तक सड़के फर्राटा भरे इस पर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब कोई गांव ऐसा नहीं बचा है जो सड़क से नहीं जुड़ा हो। समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें यह जानकारी पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने भी दी है ।

# महाकुंभ में अध्यात्म के साथ मनोरंजन करेंगे अभिनेता और कलाकार

प्रयागराज। अगले वर्ष 13 जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए देश के प्रख्यात कलाकार कुंभ की गाथा सुनाएंगे और साथ ही रामलीला व महाभारत का भी मंचन किया जाएगा।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन में प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा 25 जनवरी को गंगा पंडाल में हमारे राम पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

वहीं अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी 26 जनवरी को गंगा अवतरण पर अपनी प्रस्तुति देंगी। महाभारत धारावाहिक में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाले पुनीत इस्सर महाभारत के मंचन में अपनी प्रस्तुति देंगे। संस्कृति विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ये सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे।

इनके अलावा आठ फरवरी को भोजपुरी अभिनेता और गोरखपुर के सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत का मंचन करेंगे। 23 जनवरी को लखनऊकी भारतेंदु नाट्य अकादमी काकोरी महागाथा प्रस्तुत करेंगी और 23 फरवरी को रिलायंस इंटरटेनमेंट एंड सोबो द्वारा फिल्म कुंभ गाथा प्रदर्शित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि 10 जनवरी से 23 फरवरी तक होने वाले इन कार्यक्रमों में अलग-अलग कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री

- आमजन को स्वच्छपेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: प्रभारी मंत्री
- मेरठ में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाए : धर्मपाल सिंह



मेरठ। बुधवार को मेरठ पहुंचकर विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उ0प्र0 धर्मपाल सिंह द्वारा कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में पूर्व में दिये गये निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कृत कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत की गई। प्रभारी मंत्री द्वारा गत बैठक की पुष्टि पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होने कहा कि विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओ में है, शासन की मंशा अनुरूप प्रशासन आमजन को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराये।

जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विभागो की विकास योजनाओ यथा- एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, शादी अनुदान, प्रोजेक्ट अलंकार, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण, एनआरएलएम, मनरेगा, भवन निर्माण, सडक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन, शिक्षा, पशुपालन विभाग आदि विभागो की योजनाओ की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि नकली दवा विक्रेताओ के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इस योजना से जुडे सभी कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पाईप लाईन डालने के बाद सडको को ठीक करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। ग्राम सचिवालय निर्माण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उन्होने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी कर्मियो की उपस्थिति दर्ज हो तथा उनके लिए टाईमटेबिल बना दिया जाये ताकि ग्राम की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहे। उन्होने कहा कि मेरठ में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं है। मेरठ महाभारतकाल से जुडा है, यहां टूरिज्म सर्किट बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें तथा जो भी पर्यटन क्षेत्र है उन्हें विकसित करने हेतु आवश्यक कदम उठाये। उन्होने पर्यटन को बढावा देने के लिए प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को किसानो की आय बढ़ाने के लिए मुर्गी पालन, बकरी पालन, सुअर पालन, मत्स्य पालन के लिए प्रेरित करने, योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये तथा योजनाओ से संबंधित जानकारी जनप्रतिनिधियो से साझा करने व क्षेत्र पंचायत की बैठको में भाग लेने के निर्देश दिये। उन्होने गौशालाओ में गायो के लिए स्वच्छ पानी, चारा तथा ठंड से बचाव के प्रबंध करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री द्वारा विद्युत विभाग के अंतर्गत लाईन लोस, विद्युत सप्लाई, ट्रांसफार्मर का बदला जाना आदि के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि जमीन से जुडी शिकायतो दाखिल खारिज, पैमाईश आदि का त्वरित निस्तारण किया जाये। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतो का ससमय निस्तारण किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियो को आवास उपलब्ध कराये जाये, कोई भी पात्र लाभार्थी बिना आवास के न रहे। अवैध कालोनी ना बसे, सीवेज सिस्टम बेहतर किया जाये, शहर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि शहर के नालो की साफ-सफाई व शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने संबंधित अधिकारियो को ठंड के दृष्टिगत रैनबसेरा व अलाव का प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा डा0 सोमेन्द्र तोमर, राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग दिनेश खटीक, महापौर हरिकांत आहलुवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्वनी त्यागी, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, विधायक सरधना अतुल प्रधान, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष एमडीए अभिषेक पाण्डेय, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अग्निवीरों का समारोहपूर्वक हुआ सम्मान



प्रतापगढ़। सांगीपुर ब्लाक के रेहुआ लालगंज के पूरे नेवली में राजपूत समाज द्वारा बुधवार को अग्निवीरों की हौसला आफजाई की गयी। कार्यक्रम में अग्निवीर प्रभाकर सिंह तथा सुधाकर सिंह को आयोजन समिति द्वारा शॉल तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन अर्जुन सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि अशोक शुक्ल विमल ने भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे बद्री प्रसाद उपाध्याय, अरविन्द तिवारी, लल्लन सिंह, रामबरन, मनोज सिंह, राजीव तिवारी, रविनंदन सिंह, अखिलेश सिंह, सरोज देवी, तारावती आदि रहे।

## नीबू चम्मच दौड़ में बालिकाओं ने मारी बाजी



इटावा। समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समस्त विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के सामाजिक एवं मानसिक विकास हेतु एकेडमिक स्पोर्ट्स इवेंट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा के द्वारा एएलसी, डायट परिसर के प्रागंण में किया गया। अर्चना सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मूकबधिर, मानसिक मंद, शारीरिक दिव्यांग और दृष्टिबाधित समस्त प्रकार के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डायट प्रागंण में प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्वेतांबरी राय पत्नी अवनीश राय जिलाधिकारी तथा नीलम राय पत्नी संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा व विशिष्ट अथिति लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रेमपाल सिंह उप शिक्षा निदेशक, प्राचार्य, डायट तथा नमिता प्राचार्या, जेएसकेजी पॉलीटेक्निकल कॉलेज, इटावा के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति में मूकबधिर बालिका अदिति तिवारी, नगर क्षेत्र के द्वारा किया गया और अतिथि का स्वागत कर किया गया। दृष्टिबाधित बालक दिव्यांश की ब्रेल में पढने व लिखने की प्रगति को देखकर जनपद के सभी स्पेशल एजूकेटर्स की मुख्य अतिथि द्वारा सराहनीय प्रशन्सा की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों को आर्शीर्बचन देते हुए कहा कि बच्चों का यह अद्भुद प्रयास है। इनके साथ अभिभावकों को भी आगे आने की आवश्यकता है। इन बच्चों को किसी से कम ना समझे साथ ही अनुरोध किया कि दिव्यांगो के साथ समानता का व्यवहार करें। आज पहली बार मेरे द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ दिव्यांगजन दिवस मनाया गया जो कि बहुत ही सराहनीय प्रयास रहा। मुझे उम्मीद नहीं थी कि ऐसे बच्चों से मुलाकात होगी। यह बच्चें भगवान के स्वरूप है।

## बालिकाओं, छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे विभिन्न ऑपरेशन



बलरामपुर। जनपद में बालिकाओं/ छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो गॉवों भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- डळढ शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं

## अश्लील हरकते करने वाले अभियुक्त को सजा

बलरामपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में अभियुक्त को अश्लील हरकते करते हुए पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने के संबंध में थाना पचपेड़वा पर *मु0अ0सं0- 791/17 धारा 294 भा0द0वि0 बनाम मुबारक अली पुत्र अहमद अली निवासी जुड़ीकुइंया थाना पचपेड़वा पंजीकृत हुआ जिसके अभियोग की विवेचना उ0नि0 गौरव सिंह तोमर द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी अभियोजन अधिकारी जितेन्द्र कुमार भारती, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान एवं थाना पचपेड़वा पुलिस के पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप ग्राम न्यायालय तुलसीपुर द्वारा अभियुक्त मुबारक अली को उपरोक्त धारा के अपराध में 500रु0 अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गयी।

## बीएचयू में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म केस के तीसरे आरोपी को मिली जमानत

वाराणसी। काशी हिंदू विश्विद्यालय के आईआईटी की छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी को भी जमानत मिल गयी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस बीच पीड़िता ने छात्रावास से दूसरे शहर चले जाने का हवाला देते हुए अदालत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी कराने का अनुरोध किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्तता मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को उच्च न्यायालय के आदेश पर छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी सक्षम पटेल को भी जमानत दे दी गयी। इससे पहले कुणाल पांडेय और अभिषेक चौहान को चार महीने पहले ही जमानत दे दी गयी थी। गुप्ता ने बताया कि तीसरे आरोपी को जमानत मिलने के बाद छात्रा ने अदालत से छुट्टी लेकर किसी दूसरे शहर जाने की बात कही। अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता ने बार-बार अदालत का चक्कर लगाने से पढ़ाई में आ रही बाधा और अदालत में आरोपियों से सामना करने में हो रही परेशानियों का हवाला देते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश होने का अनुरोध किया हालांकि अदालत ने फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं किया।

संक्षेप

## बिजली के तार जोड़ने को लेकर हुआ विवाद

शाहजहांपुर । जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव ग्राम नगरिया गुलड़िया निवासी छविनाथ पुत्र बाबूराम थाना जलालाबाद में बुधवार को सेवर 8 प्रार्थना पत्र देकर बताया के गांव में बिजली का तार टूटा था जिसे जोड़ने की कई लोग बात कर रहे थे इसमें गांव का साधूराम पुत्र रतीराम निवासी नगरिया म० गुलडिया आया तथा प्रार्थी को गाली देने लगा जब प्रार्थी ने इसका विरोध किया तो उक्त साधूराम ने कल्टीवेटर की लैंड से प्रार्थी के सिर पर भारी प्रहार किया जो कि प्रार्थी के सिर से फिसल कर मुंह के नीचे ढोड़ी में लगी जिससे प्रार्थी गम्भीर अवस्था में बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा तभी आवाज सुनकर प्रार्थी का पुत्र अंकित पुत्र छविनाथ व विवेक पुत्र छविनाथ निवासी ग्राम नगरिया म० गुलडिया आ गये तथा प्रार्थी को वमुश्किल उक्त साधूराम से बचाया तथा उक्त साधूराम जान से मारने की धमकी देकर चला गया। साधूराम गुंडा किस्म का व्यक्ति है जो कि 02.12.2024 को जेल से छूट कर घर आया था जिससे प्रार्थी को जान माल का खतरा है।पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, । चीनी में संघर्ष समिति ने कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर मिल के कारखाना प्रबंधक और जोनल एचआर को ज्ञापन देकर एक सप्ताह में मांग पत्र पर निर्णय लेने को की मांग की है। कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। चीनी मिल संघर्ष समिति ने कारखाना प्रबंधन को दिए गए ज्ञापन में कहा है 5और 7 नवंबर को कर्मचारियों की मांगों को संबंधित ज्ञापन दिया गया था। कई चरणों में वार्ता हुई कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद संघर्ष समिति ने मिल प्रबंधन को एक रिमाइंडर दिया। जिस पर 25 नवंबर को वार्ता हुई, लेकिन सहमत नहीं बनी। 2 दिसंबर की शाम संघर्ष समिति ने मांग पत्र देकर वार्ता के लिए कहा, पर चीनी मिल द्वारा बताया गया कि वह 3 दिसंबर की शाम वार्ता करेंगे। पदाधिकारियों का कहना है कि इस वार्ता में भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यदि 7 दिनों में मांग पत्र उचित निर्णय नहीं लिया गया तो वह विवश होकर चीनी मिल के सदर गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देगे। ज्ञापन सौंपने वालों में गन्ना मजदूर यूनियन के शैलेंद्र शाह, भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ के जाकिर अली, मजदूर यूनियन शुगर फैक्ट्री के दामोदर नाथ तिवारी और शकर मजदूर यूनियन के राजकुमार अवस्थी शामिल हैं। ज्ञापन की प्रतियां श्रम मंत्री, श्रम आयुक्त, डीएम, एसडीएम, सीओ,श्रम परवर्तन अधिकारी समेत तमाम जगह भेजी गई हैं।

## खीरी सांसद ने रेल मंत्री से दिल्ली, हरिद्वार रेल चलाये जाने की मांग की

लखीमपुर-खीरी। उत्कर्ष वर्मा मधुर 28 लोक सभा खीरी सांसद ने रेल मंत्री से मुलाकात कर खीरी लोकसभा छेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन लखीमपुर, गोला, मैलानी होते हुए दिल्ली - हरिद्वार - अमृतसर -मुंबई और दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में नई ट्रेनों के संचालन हेतु व खीरी हॉल्ट को पुनः रेलवे स्टेशन बनाये जाने की मांग की है। इस संदर्भ में 28 लोक सभा खीरी सांसद ने फरधान, गोला और हरगाँव क्रासिंग पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज जल्द को पूर्ण कराये जाने की मांग रेल मंत्री से की है।

# हार्टअटैक पर सीपीआर से बच सकती है जान

## सीडीओ ने कार्मिकों संग स्वयं भी की सीपीआर ट्रेनिंग

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। बीते कुछ सालों में कार्डियक अरेस्ट के मामले बढ़े हैं। कुछ केस तो इतने अचानक से हुए हैं कि किसी को भी चिकित्सक को बुलाने या कुछ संभालने का मौका ही नहीं मिला। हार्टअटैक की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल शुरू की है।इस पहल में विकास भवन में संचालित सभी दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों को सीपीआर यानी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सी पी आर ) की ट्रेनिंग प्रदान की गई।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ स्वयं भी सीपीआर ट्रेनिंग ली। सीडीओ ने अधिकारी,कर्मचारियों से अपील की कि सभी को यह ट्रेनिंग लेनी चाहिए, ताकि आप किसी के मुसीबत में काम आ सके। सीपीआर एक इमरजेंसी लाइफ सेवर प्रक्रिया है, जिसे तब किया जाता है जब दिल धड़कना बंद कर देता है। सीपीआर देने का तरीका सभी को मालूम होना चाहिए, क्योंकि हृदय गति कहीं भी रुक सकती है। कहीं भी दुर्घटना या कार्डियक अरेस्ट के चलते मृत्यु हो सकती है। ऐसे में सीपीआर जीवन बचाने में एक बड़ा प्रयास हो सकता है।एक्सपर्ट्स का मानना है कि हृदय गति रुकने जैसी कंडीशन में सीपीआर देकर लोगों की जान बचाई जा सकती है।सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में कुशल चिकित्सक बुलवाया, जिन्होंने विकास भवन के प्रांगण में सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में हार्ट अटैक आने पर चंद मिनट के अंदर सीपीआर के जरिए किसी की जान बचाने का तरीका बताया। उन्होंने इसका लाइव डेमो देते हुए बताया कि किस तरह मरीज को सीपीआर दी जा सकती है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने अनूठी पहल करते हुए विकास भवन में हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया। सभी अधिकारी, कर्मचारियों का मेडिकल चेकअप एवं महत्वपूर्ण जांच ( बीपी, शुगर सहित स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य जरूरी जांचे ) भी करवाई। इसके बाद चिकित्सकों ने उचित परामर्श एवं औषधीय भी प्रदान की। कार्मिकों को तनाव मुक्त रखने के लिए योग प्रशिक्षण भी दिया गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि कार्मिकों को कामकाज के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कार्यस्थल पर अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के अनेक लाभ भी बताए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध

शाहजहांपुर/जनपद में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार को लेकर खिरनी बाग रामलीला मैदान में विशाल जनसभा और प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा गया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा के लिए एकत्रित हुए हिंदू धर्म के समस्त धमार्चार्यों विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं मंदिर चर्च तोड़े जा रहे हैं. महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया जा रहा है. इस्कॉन मंदिर के आचार्य के साथ जो बर्बरता की जा रही है वह बर्दाश्त से बाहर है इस विशाल जनसमूह की उपस्थिति में यह मांग करते हैं कि भारत सरकार तत्काल दखल देकर बांग्लादेश की रक्षा के लिए विश्व के अन्य देशों को भी साथ लेकर बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाकर उन्हें सुरक्षित किया जाए। विशाल जैन समूह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि आज बांग्लादेश में जो हो रहा है वह आने वाले भविष्य के लिए चिंता का विषय है ।

## 31 तक किसान करा सकते हैं फसल बीमा

शाहजहांपुर। रबी मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 है। रबी मौसम में अधिसूचित फसलें गेहूं, सरसों, मसूर व आलू की फसल का किसान करा सकते हैं फसल बीमा।उप कृषि निदेशक श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य कर लें जिससे प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति का लाभ ले सकें, इसमें कृषक को 72 घंटे के अंदर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज कराकर क्षति का सर्वे करा कर क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है फसल बीमा के लिए इसको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को जनपद में नामित है। किसान फसलों का बीमा अपने नजदीकी बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र एवं भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

## किसानों को प्रकृतिक खेती का बताया महत्व

शाहजहांपुर। अध्यक्ष उ0प्र0 गौ सेवा आयोग आचार्य श्याम बिहरी ने 03.12.2024 को जनपद का दौरा कर किसानों को गो आधारित खेती एवं प्रकृतिक खेती के महत्व को बताया। अध्यक्ष ने दिन का प्रारम्भ ग्राम वतलैया, तिवार स्थित वृहद गौशाला का निरीक्षण व गोपूजन से किया। उन्होने नावाई के



सहयोग से संचालित गो आधारित खेती के सफल प्रयोग का क्लस्टर डिमास्ट्रेशन ग्राम स्मापुर दक्षिणी में सरदार वल्देव सिंह के फार्म पर किया। अध्यक्ष जी ने कृषकों को प्राकृतिक खेती का महत्व बताते हुए सभी से देशी गोपालन तथा प्राकृतिक खेती करने का आवाहन किया।इसके उपरान्त गुरुगवा, निगोही से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामनारायण की गो आधारित सब्जी वाटिका का उद्घाटन किया।पुवामों में श्री राजीव सिंह के जेवाँ, पुवामा सुभाष पालेकर खेती के प्रयोग का अवलोकन किया। जेंवा न्याय पंचायत व आस पास के 33 ग्राम सभाओं के वर्तमान प्रधान, पूर्व प्रधान आदि गणमान्य लोगो के साथ लक्षमण घाट व मस्तान घाट के बीच सामाजिक प्रयासों से विकसित चारागाह का अवलोकन किया। विकसित इस चारागाह को संजय त्रिपाठी की टीम द्वारा विकसित किया गया है जिसकी अध्यक्ष जी ने सराहना कि। पूरे कार्यक्रम का समन्वय कामधेनु अवतरण अभियान पिपरौला के सचिव संजय उपाध्याय ने किया।

## बच्चों को तंबाकू से दूर रहने की दिलायी शपथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तंबाकू जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य डॉ विवेक वर्मा ने बच्चों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बाबत बच्चों को बताया। कहा इसके सेवन से व्यक्ति का जीवन नष्ट हो सकता है। शरीर व समाज पर होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत तंबाकू सेवन से लोगों को बचाना चाहिए।मुख,दांत, लिवर,किडनी,ग्रीवा, अग्नाशय आदि के कैंसर होने की प्रबल संभावना रहती है।प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि तंबाकू सेवन से प्रतिवर्ष एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मृत्यु होती है। 1987 से विश्व स्वास्थ्य संगठन तंबाकू जागरूकता के संदर्भ में कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को तंबाकू से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।इस मौके पर रामसनेही,डॉ राजेश कुमार,आमिर हुसैन,नागेश वर्मा,तेजराम गंगवार, पुष्पेंद्र शुक्ला,श्रीश गुप्ता,संजय त्रिपाठी नीलम कुमार,राजकुमारी उपस्थित रहे।

## वायु सेना तक पहुंचा वॉइस ऑफ प्रज्ञा का हुनर



लखीमपुर खीरी। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर-खीरी द्वारा संगीत से संस्कार के उद्देश्य से आयोजित प्रेरणादायक गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता वॉइस ऑफ प्रज्ञा के विजेता रहे नकहा ब्लॉक के ग्राम बसैगापुर निवासी नवोदित संगीत प्रतिभा पवन कुमार मौर्य का चयन भारतीय वायु सेना में म्यूजिशियन के पद पर हुआ है जिस पर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ ने हर्ष व्यक्त किया है।

पवन ने वायु सेना में पूरे भारत से चयनित 32 म्यूजिशियन्स में अपनी जगह बनाई है।प्रथम प्रयास में ही सेना में चयनित होने की अपनी सफलता का श्रेय पवन अपने अध्यापकों दुर्गा प्रसाद नाग व दिनेश चंद्र शर्मा (भूतपूर्व वायु सैनिक) को विशेष रूप से देते हैं जिन्होंने वायु सेना की परीक्षा की तैयारियों में विशेष सहयोग किया। पवन एक सामान्य किसान परिवार से हैं जिनकी शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र ही हुई है। पवन ने संगीत की प्रारंभिक गुर अपने किसान पिता तेज प्रकाश मौर्य से सीखे हैं। पवन वर्तमान में भातखंडे संगीत विश्व विद्यालय से दूरस्थ संगीत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। पवन ने व्यक्त किया कि गायत्री परिवार के वॉइस ऑफ प्रज्ञा आयोजन ने उन्हें सर्वाधिक प्रभावित किया जिसे वो अब तक के प्रतिभाग किए सभी कार्यक्रमों में अव्वल दर्जा देते हैं। आयोजन मंडल के सभी परिजनों के आत्मीय व्यवहार ने उन्हें गायत्री परिवार से जुड़ने को प्रेरित किया है।

पवन अब तक कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पा चुके हैं तथा युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर तक प्रतिभाग कर चुके हैं। पवन आरएसएस की देशभक्ति भावना से भी प्रेरित हैं। उनकी इच्छा वायु सेवा में सेवाएं देते हुए भी संगीत जगत में अभी और बहुत आगे जाने की है।

## राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी। नगर के राजकीय कन्या इन्टर कालेज में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित से हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने छात्राओं को करियर विकल्पों के बारे में जानकारी देते हुए अपने करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होगा।विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल कृष्णा नगर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन



में उद्देश्य अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना चाहिए।प्रधानाचार्या वीना कुमारी ने कहा,₹हमारा उद्देश्य छात्राओं को अपने करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है।हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगा।इस मौके पर कार्यक्रम में वीरेश बाजपेई,लता राठौर,पूनम मिश्रा,सुमन श्रीवास्तव,शक्ति,सीमा,कल्पना सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

## टैगोर हाउस ने लहराया जीत का परचम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी लक्ष्मनजती में वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन हो गया। समारोह के अंतिम दिन सर्वप्रथम विद्यालय निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह, ख्याति लब्ध खिलाड़ी रहे विश्वनाथ सिंह तथा अन्य अतिथियों ने श्री राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यालय संस्थापक स्व० अरविंद गिरि के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ गवेन्द्र पाल गौतम ने ध्वज फहराकर खेलों का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि जनार्दन गिरि रहे।विद्यालय में हुये खेलों के प्रतिभागी सभी छात्र छात्राएं 4 हाउस,क्रमशः टैगोर,रमन, शिवाजी और अशोका में बंटे हुये थे। चारों हाउस के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट करते हुये मुख्य अतिथि को सलामी दी।इसके पश्चात विभिन्न खेलों की प्रतिस्पधार्यें प्रारम्भ हुयीं। प्रतिस्पधाओं में बालक बालिकाओं की प्रथक प्रथक ग्रुप-ए,बी,सी की क्रमशः 50 मीटर, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस,100 मीटर रिले रेस,टग आफ वार,वाली बाल, क्रिकेट, बालिकाओं का खो-खो आदि खेल हुये। नर्सरी के बच्चों की बर्थडे कैप रेस,एल केजी के बच्चों की बनी रेस तथा कनेक्टिंग द बाल ,हर्डल जम्प रेस ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रमों के मध्य में गीत-संगीत,नृत्य के मनमोहक कार्यक्रमों ने समां बांधे रखा। संचालन का दायित्व शिक्षिका साक्षी पुरवार,शिवानी गुप्ता ने निभाया। मुख्य अतिथि ने ओलम्पिक मशाल प्रज्वलित की,जिसे लेकर विद्यालय हेड ब्वाय परमवीर ने मैदान का चक्कर लगाया। विभिन्न प्रतिस्पधाओं में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टेगोर हाउस ने जीत का परचम लहराते हुये चैम्पियन्स ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।रमन हाउस,अशोक हाउस, शिवाजी हाउस क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे।मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय प्रबंध निदेशक अमन गिरि खेलों के समस्त प्रतिभागियों और विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में निदेशक मोहित पुरी ने श्रेष्ठ खेल भावना और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुये वार्षिक खेल समारोह के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा पीटीआई कमाल अहमद तथा निधि की सराहना की। प्रधानाचार्य ने इस सफल आयोजन को सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं ,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सराहना की तथा समस्त आगंतुकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अतिथियों में मधुसूदन गिरि, देवेन्द्र गिरि,राजबीर सिंह, कौशल जायसवाल,राम गुलाम पाण्डेय, सुरेन्द्र शर्मा, अवधेश मिश्रा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, श्याम किशोर अवस्थी,सत्य प्रकाश अग्रवाल आदि तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाये एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बनने के एक माह बाद ही टूटने लगी सड़क



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गोला कुकरा रोड फिर जर्जर होती जा रही है। जिसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग समेत जिले के अधिकारियों को भी भेजी गई है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने लोक निर्माण विभाग समेत तमाम उच्च अधिकारियों को भेजी शिकायत में कहा है कि गोला से कुकुरा रोड का निर्माण अभी एक महीना पूर्व हुआ था जो कि गन्ना विभाग की रोड थी, पर जिसका निर्माण लोक निर्माण विभाग खंड 3 ने किया था और यह रोड एक माह बाद ही जर्जर होने लगी है। किसान नेता का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है।इस रोड से सैकड़ो वाहन और तमाम लोग प्रतिदिन आते जाते हैं। सरकारें अच्छा खासा जनता का पैसा सड़क निर्माण के लिए देती है, लेकिन ठेकेदार और विभाग की मिली भगत से सड़के घटिया किस्म की बना दी जाती हैं।किसान संगठन ने रोड की जांच करा कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रक की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर कोतवाली के अम्बारी (पांडेय का पूरा) निवासी पीडब्लूडी कर्मचारी की रानी की सराय चेक पोस्ट के पास ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी, इस दुर्घटना में उसका भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फूलपुर कोतवाली के अम्बारी पांडेय का पूरा निवासी सुनील पाण्डेय उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व ओम प्रकाश पाण्डेय अपने भाई प्रदीप पाण्डेय के साथ मंगलवार की रात्रि में आजमगढ़ जा रहे थे। रानी की सराय चेक पोस्ट के पास किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सुनील पाण्डेय की मौत हो गयी, बाइक पर पीछे बैठा भाई प्रदीप पाण्डेय घायल हो गया। प्रदीप पाण्डेय को हल्की फुल्की चोटे आई हैं। सुनील पाण्डेय पीडब्लूडी में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। सुनील पाण्डेय की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। बता दे कि पिता ओमप्रकाश पाण्डेय का देहांत साल भर पहले हो गया था। पिता की मौत के बाद पीडब्ल्यूडी में चतुर्थ पद कार्यरत हुआ था।

# नुकसान से बचाव के लिए करायें फसल बीमा : डीएम



लखीमपुर खीरी। रबी 2024- 25 के लिए जिले के कृषकों का ₹पीएम फसल बीमा योजना₹ से आच्छादन कराने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में ₹पीएम फसल बीमा योजना₹ की समीक्षा बैठक ली। बैठक का संचालन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष-रबी 2024-25 के लिए अधिसूचित फसल (मसूर, रेपसीड सरसों, गेहूं ) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। कहा कि किसानों को क्षति से बचाने के लिए पीएम फसल बीमा का सुरक्षा कवच किसानों को प्रदान किया है। किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर से पहले करा लें, ताकि किसी भी दशा में फसल क्षति होने पर उन्हें मायूस न होना पड़े।

सीडीओ अभिषेक कुमार योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से अनुसूचित क्षेत्र में कोई बोई गई अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना, कृषि में उन्नति तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देना और आपदा वर्षों में कृषि आय को स्थिर रखता है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना फसल की बुवाई से लेकर कटाई के बाद तक की पूरे फसल चक्र से जुड़ी गतिविधियों के दौरान फसल के नुकसान के खिलाफ किसानों को सुरक्षा चक्र प्रदान करती है। समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि योजना के तहत रबी-2024-25 में 468 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 2077 किसानों ने बीमित है। डीएम ने डीडी कृषि, जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि माइक्रो प्लानिंग बनाकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए और सीएससी के जरिए किसानों का योजना में पंजीयन करवाए। एआर कॉपरेटिव को पैक्स सोसाइटी के जुड़े किसानों को जोड़ने के लिए निर्देशित किया। मॉनिटरिंग करे कि गठित टीमों द्वारा कितने आवेदन कराए जा रहे। साप्ताहिक प्रगति से उन्हें भी अवगत कराए।

### आवेदन में इन दस्तावेज की होगी जरूरत

बीमा कराने के लिए किसान भाइयों के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता सम्बन्धी प्रपत्र, भूमि स्वामित्व सम्बन्धी प्रपत्र, बटाई प्रमाण-पत्र, फसल बुआई का प्रमाण-पत्र (स्व-सत्यापित) एवं मोबाइल नम्बर जरूरी दस्तावेज है। कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत जमा करना होगा। कृषकों द्वारा देय प्रीमियम राशि के अलावा अन्य कोई शुल्क बीमा के लिए देय नहीं है। किसान भाई बीमा करवाने के लिए अपनी नजदीकी बैंक शाखा, जन-सेवा केन्द्र (सीएससी), भारत सरकार PMFBY PortÔl (www.pmfby.gov.i»»f), क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ / कार्यालय, अधिकृत डाकखाना में संपर्क स्थापित कर सकता है।

## पानी बहाने के विवाद में दो जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मोहनपुरवा माजरा कुंवरपुर में नाली का गंदे पानी रास्ते में बहाने को लेकर विरोध करने पर पड़ोसी परिवार के लोगों ने लाठी डंडों से पिटाई करने लगे बचाने दौडी लड़की के साथ मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता पुत्र और मां समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी कधई ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया सुबह 9 बजे करीब पड़ोसी सुरेंद्र पाल ने घर की नली का गंदा पानी दरवाजे पर बहाने से गंदगी फैल गई जिसका विरोध करने पर बेटा अनुज, छोटू और पत्नी सजावती के साथ मिलकर लाठी डंडों से पिटाई कर घायल कर दिया शोर गुल सुनकर बचाने दौड़ी उसकी पुत्री सुदामा की भी पिटाई कर दी है। पुलिस ने दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्र सं-838/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2024-25 दिनांकः 02 दिसम्बर, 2024

**पुनः अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या-837/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/ 2024-25 दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्यों हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र निर्धारित सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है कि रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 04 निर्माण कार्यों हेतु जी.एस.टी. रहित ऑफलाइन सीलबन्द पुनः निविदायें निर्धारित शर्तों के अधीन दिनांक 13.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशित की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांकः 11.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट- www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध हैं।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

संक्षेप

## खेत के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

सीतापुर ।महमूदाबाद के चार दिन से गायब युवक का शव गांव से बाहर खेत के किनारे पड़ा मिला। घटना स्थ्ल पर हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे झूल रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की ।महमूदाबाद के लोधासा के शब्बीर (30) पुत्र सगीर रविवार को घर से निकले थे और उसके बाद वापस नहीं आए। शब्बीर के घर वापस न आने पर परिजन आसपास के गावों के साथ रिश्तेदारी में तलाश करते रहे किंतु पुलिस को सूचना नहीं दी। मृतक के पिता सगीर ने बताया कि उन्हें बुधवार की सुबह जानकारी मिली कि गांव से बाहर खेत के किनारे हाईटेंशन लाइन के पास उनके बेटे का शव पड़ा है। ग्रामीणों के साथ पहुंचे पिता ने बताया कि शव हाईटेंशन लाइन के नीचे खेत के किनारे लगे कंटीले तार के पास पड़ा मिला है तथा एक हांथ झुलसा है। आशंका है कि हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से शब्बीर की मौत हुई है। मृतक के परिवार में पिता के साथ दो बेटिया व एक बेटा तथा पत्नी मौजूद हैं। मृतक परिवार पालने के लिए आसपास के गांवों से कबाड़ खरीद कर महमूदाबाद लाकर बिक्री करने के साथ कपड़े बेंचने के लिए तीन-चार दिन बाहर भी चला जाता था। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत होने की आशंका है, जिस स्थान पर लाश मिली वहां तार पर भी खून के निशान हैं। मृतक के पिता समेत अन्य किसी भी परिजन द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों में घोटाले की शिकायत

सीतापुर। सकरन विकासखण्ड की चर्चित ग्राम पंचायत सकरन का मुद्दा प्रदेश के मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक सीएम ने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सकरन विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में वर्ष 2021से 2023 तक ग्राम प्रधान सन्तोषी देवी यादव व पंचायत सचिव अर्पित गुप्ता व सन्तलाल पटेल द्वारा विकास कार्य कराए गए।विकास कार्यो के नाम पर 98 लाख 77 हजार 890 रुपए निकाल लिए। जिसमें हैंडपम्प रिबोर, सोकपिट निर्माण, ह्यमपाइप, प्राइमरी विद्यालय में बेंच स्थापना, मजरा गुलरबोझा में आंगनबाडी भवन की मरम्मत आदि समेत कई विकास कार्य शामिल है। उक्त कार्यों के नाम पर निकाली गई धनराशि के मामले की शिकायत ग्रामीण रामचन्द्र ने खंड विकास अधिकारी से लेकर एसडीएम, सीडीओ, डीएम आदि को कई बार की। शिकायत की जांच करने आये अधिकारियों की जांच से असंतुष्ट रामचन्द्र ने मामले मे उच्च न्यायालय लखनऊ में रिट दायर की थी। जिसमें न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी ने 28 नवम्बर को मामले की जांच में डीपीआरओ निरीशचन्द्र शाहू को भेजा था। जिनके द्वारा कुछ मामलों की जांच कर जांच आख्या जिलाधिकारी को भेज दी गई थी। उसके बाद मंगलवार को रामचन्द्र ने कुछ ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर जनता दरबार में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। रामचन्द्र ने बताया मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कर कार्यवाही करवाए जाने का आश्वासन दिया है।

## घूरामऊ बंगला में हुआ कार्यक्रम

सीतापुर ।उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के द्वारा संचालित नारी जागरण सेवा समिति के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर शहर के घूरामऊ बांग्ला मे जागरूकता रैली निकली गई। रैली के दौरान जागरूकता से संबंधित नारे भी लगाए गये। इस दौरान समिति के जिला पोग्राम मैनेजर सचिन त्रिपाठी ने कहा एड्स की रोकथाम सिर्फ जागरूकता और संयम है। इसके उपरांत समिति के सभी पदाधिकारीयो ने मिलकर एड्स दिवस की रंगोली बनाई। गोष्ठी के दौरान जिला महिला अस्पताल के परामर्श दाता नवीन दीक्षित ने एड्स के रोकथाम को लेकर सभी को जागरूक किया। इस दौरान जितेंद्र प्रताप सिंह, गौरव त्रिपाठी, नगमा खान, मोहित निगम, मोनिका श्रीवास्तव,दिलीप कुमार, विजेता, पियर हिमांशु, संचित, किशन, अमित, लल्ली,बिंदेश्वरी, रामप्यारी, रामजी आदि मौजूद रहे।

# आश्रय स्थलों पर पुआल की समुचित व्यवस्था की जाये




जिला संवाददाता(vol)

- डीएम ने अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय व नंदिनी अस्थायी गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विकास खण्ड कसमंडा के ग्राम पंचायत जगदीशपुर स्थित सुरभी अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल एवं ग्राम पंचायत महोली स्थित नंदिनी अस्थाई गो आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि शीतलहर के दौरान ठंड से बचाव हेतु गौशाला में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि चारे एवं भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

पशुओं को ठंड के दौरान प्रतिरोधक क्षमता में सुधार हेतु पर्याप्त सप्लीमेंट एवं पौष्टिकता युक्त हरा चारा भी दिया जाये। आश्रय स्थलों पर बिछावन के रूप में पुआल की समुचित व्यवस्था भी की जाये। ठंडी हवाओं को बचाव हेतु तिरपाल आदि का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। अलाव के साथ साथ पशुओं के ओढ़ने हेतु बोरे इत्यादि का प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहें। बीमार पशुओं के समुचित उपचार का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। सभी पशुओं की ईयर टैगिंग सुनिश्चित की जाये ।जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत जगदीशपुर स्थित सुरभी अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में अभिलेख अद्यतन न मिलने एवं अन्य व्यवस्थाएं ठीक न पाए जाने पर प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत महोली स्थित नंदिनी अस्थाई गो आश्रय स्थल में जिलाधिकारी ने अमरूद के पौधे का रोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार सहित सम्बंधित उपजिलाधिकारी व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम को राशन डीलरों ने सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। जिलाधिकारी एवं जलापूर्ति अधिकारी को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन संगठन राशन डीलरों ने दिया। ज्ञापन में डीलरों ने कमीशन बढ़ोत्तरी अथवा मानदेय बढ़ाए जाने की माग की। संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा सरकार को सिंहासन पर बैठाने का कार्य उत्तर प्रदेश के राशन डीलरों ने किया।

ईमानदारी पूर्वक उपभोक्ताओं को विषम परिस्थितियों में भी जनहित में कार्य करते आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशंसा पत्र भी राशन डीलरों के वितरण के उपरान्त ही प्राप्त हुआ। केंद्र सरकार ने कहा राज्य सरकार अपने प्रदेशों में राशन डीलरों का लाभांश बढ़ाने में स्वतंत्र है हरियाणा, गुजरात ने स्वयं राशन डीलरों का लाभांश बढ़ाया है। सरकार को केरल, गोवा, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली की तर्ज पर 200 रु प्रति कुंतल लाभांश बढ़ा देना चाहिए। अयुक्त महोदय द्वारा प्रमुख सचिव खाद्य महोदय को लाभांश बढ़ाने की फाइल पहुंचाई गई है। प्रमुख सचिव महोदय को राज्य में मुख्यमंत्री एवं खाद्य रसद विभाग के कैबिनेट मंत्री एवम मुख्यमंत्री को पहुंचाकर सिफारिश करनी चाहिए। अगर सरकार द्वारा 5 फरवरी, 2025 तक लाभांश उत्तर प्रदेश के राशन डीलरों का नहीं बढ़ाया जाता है तो जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय वर्मा, अजय वर्मा, आशीष शुक्ला, राकेश सिंह , अशोक रावत, अजय जायसवाल, वीरेंद्र मधुकर, कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, विनोद तिवारी, धर्मेंद्र, मोनू शुक्ला, रमेश, संतराम, केवाराम, सुधीर मिश्रा, कयूम खान, त्रिभुवन वर्मा, नसीम खान दिलीप गुप्ता , आलोक मिश्रा, राजेंद्र आदि समस्त पदाधिकारी और सैकड़ो की संख्या में राशन डीलर मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

पुरवा, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत सगौली निवासी युवक की दिल्ली की एक स्टील बर्तन फैक्ट्री में संदिग्ध मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। दिल्ली पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद बुधवार सुबह युवक का शव गांव पहुंचा जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। मौरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत सगौली निवासी मोहित चौरसिया ने बताया कि उसके सबसे बड़े भाई राजकुमार पुत्र जागेश्वर चैरसिया उम्र लगभग 45 वर्ष दिल्ली की एक स्टील बर्तन फैक्ट्री में काम करते थे और वहीं रहते थे। मंगलवार सुबह उनके दूसरे बड़े भाई अनिल कुमार के पास एक फोन कॉल आई जिसमें बताया गया कि उनके भाई राजकुमार की तबियत खराब है। जब अनिल फैक्ट्री पहुंचा तो उसके भाई की मौत हो चुकी थी। उनके भाई का आरोप है कि सोमवार रात काम करते समय फैक्ट्री में करेंट लगने से ही उनके भाई की मौत हुई है जबकि फैक्ट्री मालिक उक्त आरोप से इंकार करता रहा। स्थानीय दिल्ली पुलिस को सूचना दी गई और दिल्ली पुलिस राजकुमार को स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों के आरोपों के कारण दिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के गहरे विरोध और आक्रोश के चलते फैक्ट्री मालिक ने शव को उसके पैतृक गांव भेजने का प्रबंध किया और बुधवार सुबह राजकुमार के शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। राजकुमार की पत्नी सुमन देवी, पुत्र हिमांशु 16 वर्ष व पुत्री हिमांशी 11 वर्ष समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों को ढांढस बंधाने भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौत्रऋषि समेत स्थानीय लोग व ग्रामीण पहुंचे। राजकुमार का अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद फैक्ट्री मालिक के खिलाफ अभियोग दर्ज कराने की बात कही।

## लैंगिक उत्पीड़न के प्रावधानों से लोगों को किया जागरूक

उन्नाव। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया है कि जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा के निदेशानुपालन में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा माह अक्टूबर 2024 के माह दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं विकास खण्ड स्तरीय बाल विकास परियोजनाधिकारी कार्यालयों में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013 के प्राविधानों की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान कर जागरूकता अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के लिये चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्रदान की गयी।

## गुमशुदा बालक किया बरामद

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन पुरवा खनुआपुर निवासी कमलाकान्त पुत्र परसादी पुलिस को सूचना दी की उनका भतीजा मनजीत कुमार उम्र 13 वर्ष कहीं गुम हो गया है। वह 2 दिसम्बर को घर से तो निकला, लेकिन लौट कर घर नहीं पहुंचा। परिजनों की सूचना पर पुलिस बालक की तलाश में जुट गई। बालक को रेउसा कस्बे से बरामद किया है। बालक की बरामदगी के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## तकिया मेला की तैयारियों पर बैठक में की चर्चा



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय के सभागार में बुधवार को आगामी तकिया मेला को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने की। इसमें तहसीलदार अरसला नाज, पशु विभाग, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तकिया मेला की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा करना था।

उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और व्यापारियों से मेला के दौरान सुरक्षा सफाई, और अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मेला के आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपस में तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि मेला के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के कारण सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना अनिवार्य है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही, उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए ।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मेला क्षेत्र में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित करें। किसी भी आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकता के लिए पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। पशु विभाग के अधिकारियों को मेला में आने वाले पशुओं की देखभाल और स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि किसी भी प्रकार की स्वच्छता संबंधी समस्या न हो।

व्यापारियों ने भी बैठक में अपने सुझाव और समस्याएं रखीं। उपजिलाधिकारी ने सभी व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस बैठक में तकिया मेला की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उम्मीद है कि इस बैठक के बाद मेला का आयोजन सफलतापूर्वक किया जाएगा।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता

सीतापुर। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री द्वारा चीनी मिल परिसर में एक बृहद जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम लोग यातायात नियमों का पालन करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतापुर जनपद की सहायक परिवाहन अधिकारी माला वाजपेई ने कहा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। क्योंकि बहुत से लोगो को सड़क नियमों की जानकारी नहीं होती है। इसीलिये वह नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा ड्राइविंग करने पर रोष जाताते हुए कहा यदि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे किसी वाहन को चला रहे हैं तो उनके माता-पिता इसके जिम्मेदार हैं।

उन्होंने ऐसे लोगों पर 25000 का जुमार्ना व 6 माह की कैद का भी प्रावधान बताया। जो ऐसे बच्चों के माता-पिता पर लगाया जायेगा। उन्होंने गन्ने की गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगाने पर जोर दिया। क्योंकि रात में कोहरे के कारण गाड़ियां नजर नहीं आती। इसके लिए मिल प्रशासन को गाड़ियों के पीछे लाल कपड़ा व उस पर रिफ्लेक्टर लगाना आवश्यक कर देना चाहिए। यदि गाड़ी वाले ऐसा नही करते तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया ट्रकों पर यदि पीछे यह लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टर नहीं लगा है तो दस हजार का जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। पुलिस क्षेत्राधिकार सतीश चंद्र शुक्ला ने किसानों को यातायात नियमों का उल्लेख किया तथा जो नियम बनाए गए हैं उनका कठोरता के साथ पालन करने की बात कही। चीनी मिल के अधिशासी अधिकारी आर .सी .सिंघल व गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार ने पेराई सीजन 2024ध् 25 में गन्ने की गाड़ियों से होने वाली दुर्घटनाओं को शून्य करने की बीड़ा उठाया है ।जिसके लिए वह गोष्ठियों के माध्यम से ट्रक मालिक ड्राइवर व किसानों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। साथ ही सभी ट्रक व ट्रैक्टर डलल्प के पीछे लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टर लगाना आवश्यक कर दिया है। जिस गाड़ी में यह नहीं लगा होगा उसकी तौल नहीं की जाएगी। गोष्ठी का संचालन गन्ना प्रबंधक अविनाश चंद ने किया कार्यक्रम के अंत में गन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा के सहयोग से अतिथियों ने गन्ने की गाड़ियों में रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का शुभारंभ किया ।

## अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के राहुल बने जिला अध्यक्ष



सीतापुर। अखिल भारतीय बढई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्राम शर्मा ने - सरना शर्मा उर्फ राहुल शर्मा (पुत्र श्री राजकरन शर्मा, ग्राम गोवर्धनपुर, मानपुर, ब्लॉक बिसवां सीतापुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राहुल शर्मा को उनके संगठनात्मक समर्पण और समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए जिला सीतापुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी। वही सरना शर्मा से अपेक्षा की गई है कि वे एक महीने के अंदर जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे। राहुल शर्मा के जिला अध्यक्ष बनने से समाज के लोगों ने हर्ष जताया है।

## पैसे न देने को लेकर विवाद, फोड़ी आंख

सीतापुर महमूदाबाद । कोतवाली क्षेत्र के सिरौली चौराहे पर अंडा की दुकान पर बिना पैसे दिए अंडा खाने को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार ने अंडे के पैसे मांगे तो युवकों ने मारपीट के दौरान दुकानदार के भतीजे की आंख फोड़ दी। आनन-फानन में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिरौली निवासी कमल किशोर (28) पुत्र सियाराम सिरौली चौराहे पर अंडे का ठेला लगाने वाले अपने चाचा गंगाराम के साथ बुधवार की शाम खड़ा था। शाम को करीब आधा दर्जन लोग उसके ठेले पर रुके और अंडा रोल बनाने को कहा। इसी दौरान एक शख्स ने अंडा उठा लिया और खाने लगा। दुकानदार ने टोका तो युवक नाराज हो गए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कमल किशोर की आंख में चाबी से हमला कर दिया जिससे कमल किशोर की आंख फूट गई। कमल किशोर को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल कमल किशोर मोहब्बतपुर निवासी अवधेश सहित चार अन्य को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि प्रकरण में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है। घायल का मेडिकल कराया गया है।

## हाफ डाला और ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर

महमूदाबाद, सीतापुर। महमूदाबाद-सेमरी मुख्य मार्ग पर आनंद फिलिंग स्टेशन के पास सामान लेकर जा रहे हाफ डाला और सामने आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रॉली में बुधवार की रात करीब नौ बजे टक्कर हो गई। हाफ डाला चालक राजेश पुत्र छोटे लाल निवासी लखनऊ को मामूली चोटें आई। मौके पर पहुंचे कोतवाल अनिल सिंह ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया।

## ट्रकों के चलते लगा जाम, लोग परेशान



लहरपुर/सीतापुर ।क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज में एक बार फिर गन्ने से भरे ट्रकों के चलते लगा लंबा जाम, जाम से लोग हुए परेशान। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज में गन्ने से भरे ट्रकों की आवाजाही के चलते केसरीगंज बाजार के आधा किलोमीटर लंबे मार्ग पर जाम लग गया और भारी संख्या में वाहन जाम के झाम में फंस गए। ज्ञातव्य है कि गन्ने का सीजन होने के कारण विभिन्न गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ना लादकर ट्रक एक मात्र मार्ग केशरी गंज बाजार से होते हुए हरगांव शुगर मिल जाते हैं, आधा किलोमीटर मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ दूकानों के होने व सड़क पर खड़े वाहनों के चलते मार्ग संकरा हो जाता है जिसके चलते भारी वाहनों के निकलने से बाजार में अक्सर जाम लग जाता है और घंटों लोग व वाहन जाम में फंसे रहते हैं जिससे स्थानीय दुकानदारों व लोगों को भी आवागमन में भारी कष्ट उठना पड़ता है। बुधवार को लगभग आधा घंटा तक लोग लोग जाम में फंसे रहे और फिर स्वयं ही उतरकर कड़ी मशक्कत कर जाम को खुलवाया।

## रेडिको खेतान का डीएम ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कन्दुनी स्थित रेडिको खेतान लि. का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने कंपनी की विभिन्न इकाइयों एवं प्रक्रियाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया ।इस दौरान आयोजित बैठक में रेडिको खेतान लि. कन्दुनी के यूनिट हेड हरिशंकर शुक्ला ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कम्पनी की स्थापना, प्रोडक्शन यूनिट, उत्पादों एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी गतिविधियों की भी जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए सीएसआर के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जाये। स्थानीय किसानों के साथ गोष्ठी आयोजित कर कच्चे माल के रूप में प्रयोग होने वाले मक्के की खेती को जनपद में बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया जाये तथा आवश्यक प्रशिक्षण, उन्नत बीज, तकनीकी सहायता आदि प्रदान की जाये, जिससे किसानों की आय बढ़ सके। उपजिलाधिकारी बिसवां ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से मक्के की खेती हेतु किसानों को प्रशिक्षण आदि प्रदान किया जा रहा है ।जिलाधिकारी ने कंपनी के विभिन्न यूनिटों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्पूर्ण प्रक्रिया, सुरक्षात्मक प्रबंध, बारकोडिंग, पैकिंग, बाटलिंग आदि का भी निरीक्षण भी किया। उन्होंने रेडिको खेतान की पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, जिला आबकारी अधिकारी केपी यादव, सहायक आबकारी आयुक्त रेडिको प्रमोद गोयल, यूनिट हेड हरिशंकर शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बढ़ाया उन्नाव पुलिस का मान, युवा सोच अवार्ड से हुए सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)



उन्नाव। युवा सोच आर्मी द्वारा नोएडा में जी एन आई ओ टी ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूशन्स सभागार में आयोजित स्पीकर टॉक एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह विधायक जेवर द्वारा जनपद उन्नाव में तैनात पुलिस कंट्रोल रूम एवं 112 आर .ओ .आई .पी. प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र और सम्मान पत्र भेंट कर युवा सोच अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। सबइंस्पेक्टर अनूप मिश्रा को यह अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, वृक्षारोपण और समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया। युवाओं से जुड़े मुद्दों पर आयोजित स्पीकर टॉक में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मोटीवशनल स्पीच के जरिये कैरियर में सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताते हुए कहा कि, अनुशासित जीवन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्पित होकर बड़ी से बड़ी कामयाबी को हासिल किया जा सकता है।

अन्य वक्ताओं में डॉ. संजय कुमार अग्रवाल, नवरत्न अग्रवाल, प्रवीन कुमार पैरा ओलम्पिक गोल्ड-मेडलिस्ट, स्वीटी उपाध्याय असिस्टेंट कमिश्नर इंडस्ट्री नोएडा, अंशुमान सिंह, कार्तिक गोस्वामी जी महाराज, डॉ अमित माहेश्वरी, आशीष कुमार अग्रवाल ने अपने जीवन की कहानी बता कर संघर्षों से बदलाव लाने के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम आयोजक और युवा सोच आर्मी के संस्थापक रोहित कुमार जोगी ने बताया कि देश की जिन जानी मानी हस्तियों को युवा सोच अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके प्रेरणादायक व्यक्तित्व और संबोधन से से युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणा मिली। इस अवसर पर सह-संस्थापक इशिता शर्मा, संस्थापक सदस्य शिवानी अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर आस्था गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गुमटियों के ताले तोड़ पार किया सामान

सीतापुर ।सदरपुर के तीन गांवों में अगल स्थानों पर रखी लकड़ी की गुमटियों के ताले तोड़ चोर करीब 50 हजार की सामान चोरी कर ले गए। पीड़ितों द्वारा अभी तक घटना की सूचना थाने पर नहीं दी गई है ।सदरपुर के शहबाजपुर में अंसार आलम, अरविंद, लवकुश, अमरीका की गुमटियों का ताला तोड़ चोरों ने सिगरेट व पान पसाला के पैकेट समेत अन्य सामान उठा ले गए। चोरों ने खुशुरूवा चौराहे पर तुरनी के अली हसन की लकड़ी की गुमटी से 10 लीटर पेट्रोल, पान मसाला व अन्य सामान, इसी चैराहे पर खुसुरुआ के अंशुल व चंद्रभूषण की की गुमटी से 10 हजार की नकदी व अन्य सामान चोरी चोरी कर ली। गोडैचा चौराहे पर स्थित रामचंद्र लोध की गुमटी का ताला तोड़ चोरों ने करीब एक हजार का सामान चोरी किया। पीड़ितों द्वारा थाने पर अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करना जरूरीः डॉ. प्रखर

सीतापुर। मिश्रिख विकास खंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया।

बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। परिवार नियोजन जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम तभी पूरी तरह से सफल हो सकेगा, जब उसमें पुरुषों की समान रूप से भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के साथ ही माता-पिता के साथ विवाह की सही उम्र और उससे होने वाले शारीरिक और सामजिक लाभों को लेकर सामूहिक रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत है। इसके लिए हम सभी को एक साझा प्रयास करना होगा। पीएफआई के राम बरन यादव ने उम्मीद परियोजना के अन्तर्गत अभी तक हुये कार्यों एवं आगामी कार्यो की रूप रेखा के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि उम्मीद परियोजना हमारी आकार परियोजना का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। यह परियोजना वर्तमान में उत्तर प्रदेश के आठ जिलों, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, उन्नाव, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, गोंडा और सीतापुर चलायी जा रही हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन की जागरूकता और स्वीकार्यता को समुदाय में बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर विभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठकों में बाल विवाह, लैंगिक असमानता तथा किशोरियों की स्वास्थ के प्रति स्वच्छता से सबंधित समस्याओं का समाधान करने का प्रयास



किया जा रहा है। इस मौके पर पीएफआई संस्था की पूर्णिमा चैधरी ने संस्था के द्वारा समूह के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सीएचसी पर उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इसके बाद पीएचसी स्तर पर भी इन परामर्श केंद्रों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। यह जिले की छठीं बैठक है। बैठक में एडीओ पंचायत अमित चतुर्वेदी, सीएचसी के बीपीएम शैलेश वैश्य, अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता, फैमली वेलफेयर काउंसलर स्नेहलता, आईसीडीएस विभाग की सुपरवाइजर रागिनी मिश्रा, उर्मिला पाल, बेसिक शिक्षा विभाग से अमिताभ दुबे और एनआरएलएम से वीरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## जिले के प्रभारी मंत्री नंदी का आगमन आज

**बांदा।** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन व जिले के प्रभारी मंत्री नंदगोपाल नंदी गुरूवार को यहां आएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री नंदगोपाल नंदी गुरूवार को दिन में 12 बजे यहां पहुंचेगे। इसके बाद 1 बजकर 20 मिनट पर तेलंगाना प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के पैतृक आवास ग्राम महुआ पहुंचकर उनकी माता जी के निधनोपरान्त छोटेलाल तिवारी सहित शोकाकुल परिवार से भेंट कर आत्मीय संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद 2 बजकर 10 मिनट पर औद्योगिक संस्थान, पुलिस लाइन में सामने स्थित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता के आवास पर उनके परिजनों के साथ भेंट वार्ता करेंगे।

## स्वामी ब्रह्मानन्द के आदर्श अनुकरणीय

**ललितपुर।** सन्त स्वामी ब्रह्मानन्द महाविद्यालय जखौरा में स्वामीजी की जयन्ती का आयोजन महाविद्यालय की प्रबंधक ज्योति सिंह लोधी की अध्यक्षता व लाखन सिंह लोधी जखौरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी। जयन्ती के कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन के उपरान्त प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि व कार्यक्रम की अध्यक्ष ने स्वामी जी के चित्र का संयुक्त रूप से अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि महान समाजसेवी संत के रूप में आज हम सभी स्वामी ब्रह्मानन्द को उनके आदर्शों व कार्यों को लेकर याद कर रहे हैं। वक्ताओं ने स्वामीजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उन्हें महान समाजसेवी बताया और उनके पद चिह्नों पर चलने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य डा.मनोज कुमार, जी.डी. नरवरिया, भगवती प्रसाद चैबे, जमुना प्रसाद लोधी, अजय लोधी, प्रधान घिसौली बालकिशन लोधी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। अन्त में प्राचार्य डी.पी. वर्मा ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

## भाकियू ने थानों में किया धरना- प्रदर्शन

**ललितपुर।** नोएडा हो रहे भूमि अधिग्रहण को लेकर तथा किसान नेता की गिरफ्तारी के संदर्भ में आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सभी जनपद के एवं तहसील स्तर के स्थान पर धरना प्रदर्शन करके विरोध प्रदर्शन जताया। उनका कहना है कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत की अगवाई में सभी जनपद में तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक उनके मांग पूरी नहीं होती, तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना रहेगा। वहीं कोतवाली प्रभारी को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन दिया तथा उन्होंने बताया कि जैसे ही कोई आदेश आता है तो धरना स्थगित किया जाएगा।

## भाई-बहन से मारपीट

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी कमलेश अहिरवार पुत्र भगवान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को शाम करीब साढ़े छह बजे जब वह गांव की दुकान पर सामान लेने के लिए गया हुआ था। तभी गांव के सुनील उर्फ सोनू पुत्र अनन्दी अहिरवार, अनन्दी पुत्र उमराव अहिरवार एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। चीख-पुकार सुनकर बचाने आयी उसकी 12 वर्षीय बहन के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

# बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर एडीएम ने की शुरुआत



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अमिताभ यादव ने किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को विटामिन ए सम्पूरण माह में प्राप्त लक्ष्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि, दो से पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु दर में कमी लाना, रतौंधी से बचाव, कुपोषण से बचाव एवं उपचार और नियमित टीकाकरण के दौरान लक्षित बच्चों के साथ आंशिक प्रतिरक्षित ड्रॉप आउट बच्चों का प्रतिरक्षण किया जाता है। उल्लेखनीय है कि विटामिन ए सम्पूरण माह प्रत्येक माह दो बार आयोजित किया जाता है।

इसके अंतर्गत 6 माह के अंतराल पर विटामिन ए की खुराक से 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आच्छादित किया जाता है। राज्य ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को मनाए जाते हैं, पर विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। प्रत्येक आशा एवं आंगनवाड़ी इस कार्यक्रम में बच्चों को टीकाकरण स्थल पर लाएंगी ताकि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत सभी बच्चे इससे वंचित न रहें।

इस दौरान जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षका डॉ सुनीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अजय कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ विजय शंकर केसरवानी, डॉ वर्षा नायर, एस एम ओ, डब्ल्यू एच ओ, डीएमसी यूनिसेफ अवंतिका तिवारी, ए आर ओ आर आई राधा शर्मा, रोहित कुमार सिंह, प्रेमचंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर दान की अपील

ललितपुर। सात दिसम्बर को मनाये जाने वाले झण्डा दिवस के पूर्व जिले के सभी विभागों, कार्यालयों, अधिकारियों व कर्मचारियों, स्कूलों, कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, अन्य प्रतिष्ठानों एवं छात्र-छात्राओं, नागरिकों को बताया गया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनिक झण्डा दिवस 07 को मनाया जा रहा है।

झण्डा दिवस मनाये जाने का उद्देश्य भिन्न-भिन्न युद्धों में शहीद हुए सैनिकों, शूरवीर सैनिकों, सेवानिवृत्त और सशस्त्र सैनिकों के प्रति राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन में जागृत कराना है। झण्डे प्रदर्शित करके एंव झण्डा दिवस के अवसर पर दान देकर सम्पूर्ण राष्ट्र सशस्त्र सेना के प्रति राष्ट्रीय भावना एंव कृतज्ञता को व्यक्त करता है, जिससे सीमा पर तैनात देश के प्रहरी आस्वस्त हो जाते हैं कि वे अकेले नहीं हैं अपितु उनके पीछे सम्पूर्ण राष्ट्र है। जिससे उनका मनोबल बढ़ता है। झण्डा दिवस पर प्राप्त धनराशि का उपयोग सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध में घायल हुए अपंग सैनिकों, युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु किया जाता है।

# झांसी-ललितपुर में रेल सेवाओं के विकास को लेकर सांसद ने संसद में रखी क्षेत्र की प्रमुख मांगें

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** बुधवार को झांसी-ललितपुर लोकसभा के सांसद अनुराग शर्मा ने संसद भवन में झांसी लोकसभा के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों की सुविधा, नई ट्रेनों के संचालन, और यात्री सुविधाओं के विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की जनता की रेलवे से जुडी जरूरतों और उनकी लंबे समय से की जा रही मांगों को प्राथमिकता देते हुए जनहित में अनेक मुद्दों को सामने रखा। सांसद ने वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन और

● संसद में झांसी मंडल के रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और नई ट्रेनों के संचालन की मांग प्रमुखता से उठाई गई

ललितपुर रेलवे स्टेशन पर कोच वाशिंग पिट लाइन और स्टेबलिंग लाइन के निर्माण को मंजूरी देने और इसके लिए आवश्यक बजट आवंटित करने की मांग की। साथ ही उन्होंने झांसी से लखनऊ और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों तक तीव्रगामी ट्रेनों के संचालन की मांग करते हुए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (भोपाल) से झांसी होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत एक्सप्रेस और झांसी से बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, झांसी से बीना और झांसी से खजुराहो के बीच मेमू ट्रेनों के संचालन का विस्तार कर क्षेत्रीय यात्रियों को और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की गई। सांसद ने झांसी मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने ललितपुर रेलवे स्टेशन पर अंडमान एक्सप्रेस (16031/16032), रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन (12155/12156), केरला एक्सप्रेस (12625/12626), और गोवा एक्सप्रेस (12780/12779) जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव का अनुरोध किया। तालबेहट रेलवे स्टेशन पर झेलम एक्सप्रेस (11077/11078), मालवा एक्सप्रेस (12920/12919), और उत्कल एक्सप्रेस (18477/18478) के ठहराव की मांग की गई। इसी प्रकार जाखलौन रेलवे स्टेशन पर दादर-अमृतसर एक्सप्रेस (11058/11057), छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18237/18238), और साबरमती एक्सप्रेस (19165/19166, 19167/19168) के ठहराव का प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने धौर्रा रेलवे स्टेशन पर झेलम एक्सप्रेस और



महामाना एक्सप्रेस तथा बबीना रेलवे स्टेशन पर केरला एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, अंडमान एक्सप्रेस, और उत्कल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। बरुआसागर रेलवे स्टेशन पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस (11107/11108) और चिरगांव रेलवे स्टेशन पर ग्वालियर-बरौनी मेल (11123/11124) के ठहराव की आवश्यकता भी उठाई गई। सांसद ने इन ठहरावों को यात्रियों की सुविधा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सांसद अनुराग शर्मा ने झांसी मंडल में रेलवे सेवाओं को सुदृढ़ करने और विकास को गति देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए इन योजनाओं का क्रियान्वयन जरूरी है और इससे झांसी और आसपास के क्षेत्रों का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

# दिनदहाड़े काट रहे थे पीपल वृक्ष, शिकायत पर हुई कार्रवाई



**ललितपुर।** नगर क्षेत्र में एक निजी भूमि पर खड़ा पीपल का हरा-भरा पेड़ काटे जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुयी। इस वायरल वीडियो को तत्काल संज्ञान लेते हुये वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर पेड़ काट रहे लोगों को रोका और पेट्रोल से चलने वाली कटर मशीन को कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे वन दरोगा यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर वह सिविल लाइन में पूर्व विधायक स्व.रामकुमार तिवारी के आवास के बगल में काटे जा रहे हरे पीपल के पेड़ के समक्ष पहुंचे हैं। यहां उन्होंने पेड़ का एक बड़ा तना काटते हुये लोगों को रोका है। साथ ही पेड़ के करीब 18 फीट से अधिक और करीब 2 से तीन फीट गोलाई की तने की नापजोख करते हुये पेड़ को काटने में उपयोग की जा रही पेट्रोल संचालित मशीन को जब्त कर लिया है। मामले की सूचना आलाधिकारियों को दी जा रही है, आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उस पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के दौरान वन रक्षक गजेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# कैरियर मेले में पहुंचकर एसडीएम मांगेराम बाँर डॉ. प्रमोद ने बच्चों का बढ़ाया हौंसला




**नगीना, बिजनौर।** राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ एसडीएम नगीना मांगेराम चैहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए।

राजकीय इंटर कॉलेज बेगमपुर शादी में आयोजित कैरियर गाइडेंस मेले का शुभारंभ एसडीएम नगीना मांगेराम चैहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एसडीएम नगीना मांगेराम चैहान ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सीखने की भी आवश्यकता होती है। आने वाला समय सीखने का है। बच्चे मौलिकता के साथ जो कार्य करेंगे वही आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवंम किरतपुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद देशवाल ने कहा कि बच्चों को किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। बच्चे अपनी रुचि के क्षेत्र में जाएं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि यदि आपको विज्ञान के क्षेत्र में जाना है तब अपनी योग्यताओं को समझें और अपने लिए पसंद का विभाग चुने यही सफलता का मूल मंत्र है। इस अवसर पर बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने पवन चक्की, चंद्रयान, स्मार्ट हाउस, सड़क सुरक्षा, ज्वालामुखी सहित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान पर प्रेम प्रकाश का मॉडल रहा। अनुशा परवीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक शर्मा ने तथा संचालन शाकिर हुसैन ने किया। कार्यक्रम में वीर सिंह, रिपु दमन राजवंशी, बालेन्द्र, प्रताप सिंह, मयंक, संजय कुमार, पंकज, डॉ आसिफ, थाना प्रभारी राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजशास्त्र में रोजगार की काफी संभावनाएं, प्रो. राना




**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याख्यान माला के अनुक्रम में प्रोफेसर राकेश राना के आगमन पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत डॉ सबीहा रहमानी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र और डॉ आदित्य प्रकाश सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर राकेश राना ने समाजशास्त्र विषय में रोजगार की संभावनाएं विषय पर तथ्यपरक व्याख्यान दिया। उन्होने बताया कि नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत अंतर्वैषयिक अध्ययन एवं शोध पर बल दिया जा रहा है। छात्राओं को किसी भी विषय को कमतर नही समझना चाहिए। वह अपने विषय पर गूढ़ता के साथ अध्ययन करें। समाजशास्त्र विषय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। सामाजिक काउंसलर, स्वयं सेवी संस्थाओं में नौकरी, मनोवैज्ञानिक संस्थानों और शिक्षक तथा प्रशासनिक क्षेत्र में इस विषय के साथ रोजगार के अवसर तलाशे जा सकते हैं। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया और प्रोफेसर राकेश राना के प्रति आभार जताया। डॉ सबीहा रहमानी ने छात्राओं को संचेतिक होकर भीड़ से अलग चेहरा बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के डॉ सचिन मिश्रा, समाजशास्त्र विभाग की छात्राएं मौजूद रहीं। संचालन डॉ सबीहा रहमानी ने किया।

## अंडर 12, 14 व 16 क्रिकेट टूर्नामेंट 8 से

बांदा। क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 8 दिसंबर से टूर्नामेंट पुलिस लाइन में होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट, क्रिकेट लीग में अंडर-12, 14 व अंडर-16 खिलाड़ियों को भाग लेने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट के सभी मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम व पुलिस लाइन में होंगे। उद्घाटन एवं समापन मैच पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित होंगे। चयनित खिलाड़ी शीघ्र ही बीआर क्रिकेट अकादमी में क्रीडा सचिव राममिलन गुप्ता और स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच शिवप्रताप सिंह से संपर्क कर अपनी टीम के बारे में जानकारी प्राप्त करें। इस टनामेंट का उद्देश्य जूनियर खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों को सिखाना एवं मैचों में प्रतिभा का विकास करना है। सभी टीमों के साथ एक सीनियर खिलाड़ी जोड़ा गया है। इस आशय की जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वासिफ जमा खान अव अध्यक्ष चंद्रमौली भरद्वाज ने दी।

## रोजगार मेला 6 को

**बांदा।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशों के चलते क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय परिसर में 6 दिसंबर को रोजगार मेला आयोजित होगा। इसमें अनेक कंपनियां विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी मोहित जयसवाल ने बताया कि रोजगार मेले में इच्छुक बेरोजगार अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल पर साक्षात्कार के लिए शैच्छिक योग्यता की छायाप्रतियों व फोटो सहित आएं। मेले की शुरूआत प्रातः 10 बजे से होगी। बेरोजगार इस मौके का लाभ जरूर उठाएं।

## उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक ने कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार थाना तिंदवारी में तैनात सुभाषचंद्र को चैकी प्रभारी सिविल लाइंस, अनुग्रह नारायण को सिविल लाइंस से चैकी प्रभारी जेल, दुर्विजय सिंह को थाना कोतवाली देहात से चैकी प्रभारी दांदौघाट कमासिन, अखिलेंद्र प्रताप सिंह को थाना कोतवाली नगर से चैकी प्रभारी अतर्रा चुंगी, हरिश्चंद्र चुनाव सेल से चैकी प्रभारी मुरवल थाना बबेरू, शिवकुमार सिंह पुलिस लाइंस से चैकी प्रभारी अतर्रा कस्बा थाना अतर्रा, रामकिशोर को पुलिस लाइंस से चैकी प्रभारी लमहेटा थाना बदौसा का दायित्व दिया गया है।

# मखदूम रब्बानी रहमतुल्ला अलैह का उर्स संपन्न

**बांदा।** शहर में मखदूम रब्बानी हजरत सैयद महमुदुल कादरी रहमतुल्ला अलैहे अलैह का उर्स धूमधाम से मनाया गया। बाद नमाजे जोहर दरगाहे रब्बानी में गुलपोशी, गिलाफ पोशी की रस्म अदा की गई और उसके बाद कुरआन ख़्वानी का एहतिमाम किया गया।

इसके बाद सैयद खुशतर रब्बानी के आवास अल्लीगँज में नातो मनाकिब की महफिल सजाई गई उसके सलातो सलाम और फातिह.हुई और लंगर शरीफ का एहतिमाम किया गया। बाद नमाजे अस्र रब्बानी मंजिल अल्लीगँज से शाही जुलूसे चादर शरीफ रवाना हुआ और उसमें नातो मनाकि ब और कलामे चादर के तराने की आवाजें भी सुनाई दीं। कुछ जगहों में जुलूसे चादर का स्वागत भी किया गया। यह जुलूस मुहल्ला अल्लीगँज से उठकर हाथीखाना से लोहिया पुल होता हुआ दरबारे कादरी मजहरी में सम्पन्न हुआ।



बाद नमाजे मगरिब दरगाहे सरकार बड़े हज़रत में गुस्लो संदल, गुलपोशी, चादरपोशी की रस्म अदा की गई और उसके बाद हल्का ए जिक्रे काद्रिया और सलामो दुआ हुई। बाद नमाजे इशा सैयद खुशतर रब्बानी के आवास में एक अजीमुश्शान जलसे का आयोजन हुआ। दीगर उलमा ए किराम अपने अपने अंदाज में हज़रत की अजमतो शान बयान की और नात ख़्वाँ हजरात ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर खुसूसी तौर पर मौलाना सय्यद खुश्तर रब्बानी, मौलाना सय्यद मेराज मसूदी (शहर काजी), भाजपा नेता हाजी आरिफ खान, हाजी रशीद रोमा मुंबई, मौलाना सय्यद गौहर रब्बानी, सय्यद अजहर रब्बानी, अशअऱ रब्बानी, असगर रब्बानी, रहबर रब्बानी, सरवर रब्बानी, हाजी अजीजुस समद आदि मौजूद रहे। चेन्नई, बंगलौर, सेलम, त्रिचनापल्ली, हैदराबाद, मुम्बई, मदुरई, गुजरात और बुंदेलखंड के कई इलाकों से भी भारी तादाद में तमाम अकीदतमंद शरीक रहे।

# प्रतिबंधित लकड़ी का परिवहन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जखौरा क्षेत्र से बिना नम्बर के ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसायिक परिवहन करते हुये प्रतिबंधित लकड़ियों ले जा रहे दो अभियुक्तों को पकड़ने में नेहरू नगर चैकी पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। पकड़े गये दोनों अभियुक्तों के खिलाफ उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम व इमराती लकड़ी और अन्य उपज अभिवहन नियमावली के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है तो वहीं बरामद ट्रैक्टर-ट्रॉली मोटर वाहन

● पकड़े गये दो लोगों के खिलाफ की पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अधिनियम की सुसंगत धाराओं में सीज किया गया है। इस कार्यवाही के बाद से प्रतिबंधित लकड़ियों का अवैध कटान व परिवहन करने वालों में हड़कम्प मचा है।बीती दो दिसम्बर को वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर सिलगन फाटक के पास भ्रमण कर रहे नेहरू नगर चैकी इंचार्ज अंकित कौशिक अपने साथ आरक्षी योगेन्द्र कुमार व करण प्रताप के साथ मौजूद थे। इसी बीच दैलवारा की ओर से एक नीले रंग का ट्रैक्टर न्यू हॉलैण्ड आता हुआ दिखायी पड़ा। ट्रैक्टर पर नम्बर अंकित न होने के चलते उसे रोकते हुये जांच-पड़ताल की गयी तो पाया कि ट्रैक्टर की ट्रॉली में पीले तिरपाल से लकडि ?ां ढ़क कर ले जायी जा रहीं थीं। ट्रैक्टर व ट्रॉली में लदी लकड़ियों के वैद्य प्रपत्र मांगने पर ट्रैक्टर सवार लोग प्रपत्र नहीं दिखा सके।

मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ ग्राम दैलवारा निवासी रामसिंह कुशवाहा पुत्र कल्लू व जयप्रकाश अहिरवार पुत्र दयालीराम अहिरवार को पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह किसानों से पेड़ खरीदकर उसे काटकर ले जाते हैं और उसे बेच देते हैं, यही ठेकेदारी करते हैं। सोमवार को दोनों जखौरा के पास से बबूल और महुआ की लकड़ी कटवाकर ललितपुर बेचने जा रहे थे। ट्रैक्टर का इंजन नम्बर 88069 बताया गया। तदोपरान्त ट्रैक्टर- ट्रॉली को लदी हुयी लकड़ी के साथ कोतवाली लाया गया, जहां से वन विभाग को अवगत कराते हुये लकड़ी का भौतिक सत्यापन कराया गया। वन विभाग की टीम ने कोतवाली पहुंच कर जब जांच की तो ट्रॉली में चिलविल, देशी बबूल, बहेडा और महुआ की लकड़ी होना पायी गयी। बताया कि महुआ प्रजाति की लकड़ी वन का पातन व अभिवहन के लिए डीएफओ से अनुज्ञा पत्र लिया गया। वन विभाग द्वारा आख्या भी तैयार की गयी।

## जन्मदिन की दावत में मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। महानगर झांसी के थाना सीपरी बाजार अंतर्गत संगम बिहार कालोनी व हाल थाना बार के ग्राम देवरान निवासी राजकुमारी पत्नी मोतीलाल सेन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बड़ी बहन सरोज के यहां ग्राम देवरान में जन्म दिन कार्यक्रम में शामिल होने आयी थी। बताया कि दो दिसम्बर को देवरान निवासी जितेन्द्र व केहर पुत्र सरू राजपूत को भी दावत में बुलाया गया था। आरोप है कि उक्त लोगों ने खाना खाने के बाद उसे गालियां दी। रात करीब आठ बजे जब उसने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से प्रहार कर दिया। इसी बीच उसका लड़का दीपक सेन आ गया और उसे बचाव किया, जिस पर उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे दीपक के सिर में काफी चोट आयीं हैं। विवाद बढ़ता देख उसके परिजन बचाने दौड़े तो गांव के आनन्द पुत्र मुकेश ने भी मारपीट कर दी और सभी ने जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। राजकुमारी सेन की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## हाईवे पर स्पीड रडार गन से जांची गयी वाहनों की गति



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एन.एच.-44 हाइवे पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 08 भारी वाहनों का एम.वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया साथ वाहन चालकों/परिचालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 93 वाहनों का एम. वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# माल खरीद का दुकानदार से बिल लेना ग्राहक का अधिकार: जॉइंट कमिश्नर

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जॉइंट कमिश्नर राज्य कर राजीव आर्थर ने बताया कि उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार किसी भी माल के आदान-प्रदान पर टैक्स इनवाइस/बिल ऑफ सप्लाई होना आवश्यक है। बिल प्राप्त होने से ग्राहक को संतुष्टि भी रहती है क्योंकि किसी वस्तु की गारण्टी/वारण्टी भी बिल की आवश्यकता पडने पर क्लेम की जा सकती है। माल वापसी अथवा माल की गुणवत्ता में शिकायत होने पर बिल के आधार पर वापसी सम्भव हो पाती है। उन्होंने बताया कि बिल प्राप्ति के संबंध में सभी करदाताओं को व्यापारिक प्रतिष्ठानों से खरीदी गई सामग्री का बिल अनिवार्य रूप से बल प्राप्त करने के लिये जागरूक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी व्यापारियों/टैक्स पेअर्स के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा दुकान, ऑफिस, आउटलेट, रेस्टोरेन्ट, शॉपिंग मॉल्स आदि में जहाँ पर सबसे अधिक विजिबिलिटी हो वहां पर ह्लअपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है। बिल लेने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो 7235001729 पर फर्म का नाम, पता सूचित करें।

उन्होंने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा-10 के अंतर्गत समाधान योजना में पंजीकृत करदाताओं के द्वारा टैक्स इनवाइस नहीं जारी किया जाना प्राविधानित है न ही बिल पर टैक्स चार्ज किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के नियम-5 (एफ) के अनुसार समाधान योजना में पंजीकृत व्यक्ति के द्वारा जारी बिल पर ऊपर ह्लबिल ऑफ सप्लाईह्ल लिखा जायेगा। उन्होंने बताया कि नियम-5 (जी) के अनुसार उसे अपने कारोबार के मुख्य स्थान तथा अतिरिक्त व्यापार स्थलों पर प्रदर्शित प्रत्येक नोटिस या साइन बोर्ड पर ह्लसमाधान योजना में पंजीकृत व्यापारीह्ल शब्दों का उल्लेख करना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्क्रम में सभी समाधान योजना के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारियों को उपरोक्त प्रावधानों के सम्बंध में जागरूक करने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने सभी विभागीय अधीनस्थ अधिकारियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों को निर्देश दिए कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**ललितपुर।** ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान रोंडा ललितपुर में सूखा आपदा प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 2 से 4 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग सहित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत आपदा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण सूखा आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित किया गया। जहां पर जिला स्तरीय जिला आपदा विशेषज्ञ श्रीमती आरती सिंह जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देशराज सिंह, कल्याण सिंह राजावत, अरविंद सिंह मास्टर ट्रेनर द्वारा सूखा आपदा प्रबंधन सहित आपदा न्यूनीकरण एवं आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु समस्त प्रकार की आपदाओं में न्यूनतम क्षति तथा बचाव व राहत के कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया।

# आप का सियासी स्टंट

सियासत में अभिनय और स्टंट भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। हमारे देश में नेता ठोस मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रायः सस्ती जुमलेबाजी, गरीबों का मसीहा होने का अभिनय या फिर ऐसे स्टंट करते हैं जिनके जरिए जनता का ध्यान उनके दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों से हटाया जा सके। इसमें सहानुभूति या मीडिया हाइप में कुछ सियासी माइलेज भी मिल जाये तो फिर कहने ही क्या। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनकी पार्टी चौथी पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में जाने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में तीन बार विधानसभा चुनाव लड़ी है और तीनों बार उसकी सरकार बनी है। पहली बार कांग्रेस के बाहरी समर्थन से और दो बार प्रचंड बहुमत से लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की समस्याएं ज्यों की त्यों हैं। आप को मुफ्त की योजनाओं के कारण दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिलती है लेकिन राजनीति सिर्फ सरकार बना लेने तक सीमित रखना देश हित में नहीं है। राजनीति का उद्देश्य सरकार बनाकर राष्ट्र का नव निर्माण होना चाहिए। ऐसे में आप पार्टी व उसकी दिल्ली सरकार को हमेशा स्टंट के बजाय काम की राजनीति करनी चाहिए।



**आप आदमी पार्टी को दिल्ली में फ्रीबीज और स्टंटबाजी की सियासत करने के बजाय अब परिपक्वता दिखानी चाहिए।**

दिल्ली में जाम, वायु प्रदूषण, स्वच्छ पेयजल बड़ी चुनौती है। कूड़े का निस्तारण, साफ-सफाई और साथ ही दिल्ली का आधुनिक विकास ऐसा होना चाहिए जो उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति की राजधानी के अनुरूप हो। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में ठोस काम करने के बजाय सिर्फ स्टंट, आरोप-प्रत्यारोप और मुफ्त की योजनाओं की राजनीति आप करती है। बिजली, पानी, बस यात्रा, तीर्थयात्रा जैसी फ्री की योजनाओं के बाद आम आदमी पार्टी अब और नयी-नयी फ्री की स्कीमों की तलाश कर रही है। उसने चुनावी स्टंट भी शुरू कर दिया है। जब भी चुनाव आते हैं और अरविंद केजरीवाल प्रचार करने के लिए निकलते हैं, तो उन पर कोई न कोई हमला जरूर होता है। यह हमला सियासी स्टंट है या सुरक्षा में चूक, यह तो जांच का विषय है लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह केजरीवाल पर होने वाले कथित हमलों को अतिरेकी स्वरूप में पेश करती है, वह सोचने का विषय है। अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर हमला किया गया। एक नाराज नागरिक ने पूर्व मुख्यमंत्री पर पानी फेंका, जिसे आप नेताओं ने स्प्रिट करार दिया। कुछ ने तेजाब जैसा ज्वलनशील पदार्थ बताया। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बेहद उत्तेजित पर भ्रामक आरोप चस्पा किया कि भाजपा समर्थक व्यक्ति ने केजरीवाल को जिंदा जलाने की कोशिश की। उन्होंने कहाकि हमलावर के हाथ में माचिस भी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने हमले का पूरा आरोप भाजपा और केंद्र सरकार पर मढ़ दिया। केजरीवाल पर हमला सियासी स्टंट है या सुरक्षा, यह तो जांच का विषय है लेकिन जो भी है चिंता की बात है। अगर सुरक्षा में चूक है तो इसे दुरुस्त करना चाहिए। सियासी स्टंट है, तो भी चिंता की बात है, क्योंकि ऐसी हरकतों से चुनाव जीतने या जनहित के मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश गलत है। सवाल है कि क्या आप के नेता अतिशयोक्तिवाद की ही राजनीति के आदी हैं? बहरहाल केजरीवाल पर हमला कोई सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती और न ही उसे हल्के में लिया जा सकता है। एक पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाई गई है। केजरीवाल पर काली स्याही फेंक कर भी हमला किया गया था। किसी ने उन पर जूता भी उछाला था। उनको थप्पड़ मारने की भी कोशिश हुई है। ये तमाम हमले केजरीवाल पर किये गये। क्या ये हमले किसी साजिश का हिस्सा थे या मामला कुछ और भी हो सकता है? इन सवालों के ठोस जवाब हमारे सामने नहीं हैं। आप संयोजक पर बार-बार होने वाले हमलों की कभी गंभीरता से जांच भी नहीं हुई है। यह भी अनेक सवाल खड़े करता है। बहरहाल जहां तक सुरक्षा में चूक की बात है, तो सरकार को तुरंत इस कमी को ठीक करना चाहिए। आप आदमी पार्टी को भी अब फ्रीबीज और स्टंट के राष्ट्र निर्माण की राजनीति करनी चाहिए, क्योंकि जनता ने इसीलिए केजरीवाल को पलकों पर बैठाया है।

### विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

# भारत के दुश्मनों के हाथ खेल रहा बांग्लादेश



संजय श्रीवास्तव

**उत्तर-पूर्वी राज्यों से जुड़े बांग्लादेश में शांति और स्थायित्व का सीधा असर भारत की सुरक्षा से जुड़ा है। बांग्लादेश की पाकिस्तान से हथियार, गोलाबारूद की खरीद और लड़ाकू विमान खरीदने की मंशा के साथ चीन पाकिस्तान बांग्लादेश की दुरभि संधि भारत की विदेश नीति, कूटनीति के साथ रक्षा-सुरक्षा की रणनीति के लिए भी चुनौती बन सकती है।**

पूर्वी पाकिस्तान यानी बांग्लादेश ने पश्चिमी पाकिस्तान से 52 साल बाद हथियारों की खरीद फरोख्त का रिश्ता बनाया है। गोला बारूद की फरोख्त की। वहां के राजनीतिक टिप्पणीकार सलाह दे रहें हैं कि बांग्लादेश को पाकिस्तान से जेएफ-17 युद्धक विमान के तीन स्क्वाड्रन जल्द खरीदना चाहिये। बहाना यह कि चीन की मदद से पाकिस्तान में बना यह लड़ाकू जेट नई पीढ़ी के अमेरिकी युद्धक विमानों की टक्कर का, प्रभावशाली और सस्ता है। इसमें उन्नत चीनी तकनीक, रडार और एवियोनिक्स शामिल हैं। पर असल बात यह कि उसे भारत को ताकत दिखाना है। विरोधी पाकिस्तान और चीन से नजदीकी जताना है। बांग्लादेश ने तख्तापलट के बाद और राजनीतिक अस्थिरता के बीच सैन्य सलाहकारों की राय पर पड़ोसी हिंदुस्तान को परे रखकर पाकिस्तान से इस तरह हथियारों की खरीद की है, विमानों के सौदे की मंशा जाहिर की है, रक्षा बजट को 11 फीसदी बढ़ाया है तो उसके सबसे नजदीकी पड़ोस में इसके निहितार्थों की बात तो अवश्य होगी। निस्संदेह यह बात चीन, पाकिस्तान, म्यामार, नेपाल में नहीं भारत में ही होगी। खासतौर पर तब जब भारत के साथ बांग्लादेश के रिश्तों में पहले जैसी समरसता न बची हो, बांग्लादेश में प्रश्रय प्राप्त या छिपे तौरपर रह रहे रोहिंग्या मुसलमान एक जुट होकर न सिर्फ म्यामांर में लामबंद हो रहे हों बल्कि पूर्वोत्तर के क्षेत्रों में अशांति फैलाने वाले गुटों को भी मजबूत करने की बात खुलेआम कह रहे हों, जब दशकों बाद भारत को तीन मोर्चों- पश्चिम, उत्तर, पूर्व सहित उत्तर पूर्व में प्रतिकूल सैन्य स्थिति का सामना होने की आशंका हो, साथ ही कुछ अन्य मामलों में कुछ आसन्न विसंगतियां सामने दिख रही हों।

ऐसे में भले ही सता संभाल रही बांग्लादेशी सेना महज इसलिये सैन्य खरीदारी कर रही हो कि उसके पास गोले बारूद का टोटा हो गया हो लेकिन वह जिस तरह की आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बीच ऐसा कर रही है, सरकारी कोष को इस गाढ़े वक्त में बेदर्दी से इस मद में खर्च कर रही है वह शोचनीय है। उसकी इस खरीदारी से क्षेत्रीय स्तर पर जो असंतुलनकारी भू-राजनीतिक समीकरण बनते हैं वह भी उल्लेखनीय हैं। पाकिस्तान चीन और बांग्लादेश का त्रिगुट बनना एक दुरभिसंधि सरीखा है। कई दशकों से लेकर अभी हाल तक बांग्लादेश से हमारे संबंध अत्यंत मित्रतापूर्ण और भरोसे के रहे हैं। सीमा सुरक्षा और जल बंटवारे जैसे मुद्दों पर किंचित तनाव के अलावा बांग्लादेश से हमारे संबंध कभी इस कदर खराब नहीं हुए कि उनका उल्लेख विशेष हो। बांग्लादेश का वजूद भारत के सहयोग से आया ऐसी धारणा हमेशा बनी रही जिसका हालिया दौर में वहां से खंडन आ रहा है। शेख मुजीब ने भारत बांग्लादेश दोस्ती को विदेश नीति की आधारशिला घोषित किया था लेकिन भू-राजनीति में रिश्ते अप्रत्याशित तौर पर बदलते हैं। वहां भारत विरोधी हवा के बीच इस छोटे से हथियार खरीद को बड़ी गंभीरता से देखना होगा। आज हालात यह हैं कि बांग्लादेश में विगत के संबंधों और सहायताओं, परंपराओं को ताक पर रख कर भारत विरोध की मुहिम जारी है। कुछ गुटों द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है कि भारत बांग्लादेश में अशांति फैलाने के लिए एक खास राजनीतिक दल और कुछ गुटों को फंड कर रहा है। इस तरह की दुर्भावनाओं और अफवाहों का असर यह है कि भारत की सही सलाह भी बांग्लादेश के सैन्य सरकार को हस्तक्षेप लग रहा है। ममता अगर वहां की सैन्य शासन की सहमति से संयुक्तराष्ट्र से शांति सेना भेजने की बात करती हैं तो उसे गलत अर्थों में लिया जा रहा है अथवा भारत सरकार द्वारा हिंदू अल्पसंख्यकों के दमन के मुद्दे को भी जाती मामले में दखल माना जा रहा है। एक बड़ा गुट कुछ अंदरूनी तो कुछ बाहरी ताकतों के बल पर भारत विरोध को हवा देने में लगा है।

## बांग्लादेश की मंशा पर उठ रहे सवाल

वह बांग्लादेश में भारत विरोध की बात तो कर ही रहा है साथ में उसका मानना है कि बांग्लादेश को भारत के उन क्षेत्रों में खास तौरपर पूर्वोत्तर में जहां अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं, अतिवादी सक्रिय हैं वहां सक्रिय रूप से उनकी हर प्रकार से मदद करनी चाहिए, ताकि ये गुट लंबे समय तक भारत के खिलाफ लड़ सकें उनकी लड़ाई कमजोर न पड़ने पाए। सभी तरह की मदद में क्या गोला बारूद, असलहे भी शामिल है, जिसकी खरीद वह भारत की बजाए पाकिस्तान जैसे देश से कर रहा है। बेशक उनकी इस नीति से भारत के पूर्वोत्तर में जहां वैसे ही अशांति मुश्किल से काबू में है, उपद्रव की आग भड़क सकती है।

सैन्य स्तर पर भी वह मोर्चा कमजोर होगा जो चीन की चाहत है। सबको पता है कि दो सबसे बड़े रोहिंग्या आतंकवादी समूह- रोहिंग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन और अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी के प्रशिक्षण शिविर बांग्लादेश में चल रहे हैं और वे पूर्वोत्तर के लिये भी खतरा बनेंगे। मुश्किलें तो वे बांग्लादेश के लिये भी पैदा करेंगे मगर भारत विरोध के चक्कर में उसे कुछ सूझ नहीं रहा। बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना और कुछ धड़ों की बांग्लादेश और भारत के बीच सभी समझौतों और संधियों पर पुनर्विचार की मांग स्वस्थ संकेत नहीं हैं। बेशक, दोनों देशों के बीच विश्वास का स्खलन हुआ है। ऐसे में यदि अपने देश में भी यह प्रश्न उठने लगे है कि क्या बांग्लादेश में एक और मुक्ति अभियान का समय आ गया है? या फिर हिंदुओं की प्रताड़ना के बीच बांग्लादेश के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की जा रही है तो बहुत अप्रत्याशित नहीं। अपने मंसूबों में नाकाम रहने के बावजूद पाकिस्तान जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवादी वारदात में जुटा रहता है। चीन भी भारत को सीमा पर उलझाए रखने के लिए सीमा विवाद की वार्ता को पिछले पांच साल से लटकाए हुए है। चीन और पाकिस्तान के मंसूबे हो सकते हैं कि बांग्लादेश में मौजूद भारत-विरोधी ताकतों को खड़ाकर देश की एक और सीमा असुरक्षित कर दिया जाए। हालांकि यह बहुत आसान तो नहीं पर आंशिक तनाव भी कष्टकारी होगा। बांग्लादेश की सेना 145 देशों में 37वें पायदान पर है। भले ही उसके पास कुछ अच्छे हथियार, चीनी टैंक, युद्धपोत मौजूद हों, और खरीद ले हर साल तकरीबन चार बिलियन डॉलर अपनी सेना पर खर्च करता हो जो दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरा सबसे बड़ा बजट हो पर यह सब भारत की सैन्य शक्ति के आगे तुच्छ है। ऐसे में एक बात तो तय है कि बांग्लादेश भारत से सीधे सैन्य भिड़ंत कभी नहीं करेगा उसको हमारी ताकत का पूरा अहसास है। वह भारत से दो दिन भी मुश्किल से ही मुकाबला कर सकेगा। पर क्या हो कि भारत को तीन मोर्चों पर अटकाने के लिये चीन और पाकिस्तान जो सीमा विवादों के जरिये भारतीय पश्चिमी, उत्तरी और उत्तरपूर्वी सीमा को सदैव संवेदनशील स्थिति में बनाए रखने के प्रयास में लगे रहते हैं परोक्षतः उसके साथ आ जाएं?

बेशक उसके बावजूद बांग्लादेश का मोहरा पिटेगा लेकिन आधुनिक युद्ध में इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि अब परंपरागत युद्ध बीते जमाने की बात है। यूक्रेन-रूस युद्ध जब आरम्भ हुआ था, तब किसी ने भी उस युद्ध के दस दिन से ज्यादा खिंचने की कल्पना नहीं की थी। आज स्थितियां सबके सामने हैं। खैर यह अतिरेकी कल्पना है, भारत को तो बस हालात पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है।

### सोशल मीडिया

दिल्ली में बीजेपी बहुत बड़े स्तर पर लोगों के वोट कटवाने की कोशिश करते रंगे हाथों पकड़ी गयी, बीजेपी ने हजारों वोटर्स के वोट कटवाने के लिए अर्जियां डाली हैं। अरविन्द केजरीवाल.



लोकसभा के चुनाव में जनता ने संविधान की रक्षा के लिए उम्मीद की खिड़की खोली, लेकिन हालिया विधानसभा के चुनाव के बाद ये खिड़की अब रोशनदान भर रह गयी है। योगेन्द्र यादव.



प्रदेश व देश की प्रगति के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं का उज्ज्वल भविष्य अच्छी शिक्षा पर निर्भर करता है। केशव प्रसाद मौर्य.



# उपासना का महत्व

मनुष्य पर अपने आसपास के समाज, पर्यावरण और माहौल का प्रभाव अवश्य पड़ता है। साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

# गरीबों की मदद करने वाला गिरोह

व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।



पूरन सरमा

# सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है 'बुखारा'



पर्यटन

एक ऐसी जगह की कल्पना कीजिये जहां एक कदम आगे बढ़ाने पर आप कई सदी पीछे चले जाते हैं। एक ऐसी जगह जो बहुत अधिक पारम्परिक है, लेकिन तरोताजागी की उमंगें आपमें भर देती है। वह सूफी मत का केंद्र है और ऐसी जगह भी है, जहां भेड़ की पीठ पर जमी चर्बी उसके मांस जितनी ही महत्वपूर्ण है। यह बातें सिर्फ. बुखारा पर ही लागू नहीं होती हैं बल्कि पूरे उज्बेकिस्तान का यही हाल है। बुखारा एक ऐसी जगह है जहां टैक्सी चालक से लेकर व्यापारी तक आपकी मोलभाव करने की क्षमता की परीक्षा लेगा। अगर आप सौदेबाजी में असफल होकर दार्शनिक की मुद्रा में आ भी जाते हैं तो भी आपको खुश होना चाहिए क्योंकि भारतीय रुपए के मुकाबले में उज्बेक सोम बहुत सस्ता है। मैंने अपने एक दोस्त के साथ तीन-कोर्स लंच मात्र 800 रुपए में खाया और एयरपोर्ट से होटल तक का किराया सिर्फ. 200 रुपए लगा। मैं यह नहीं कह रहा कि बुखारा आप इसलिए जायें कि वह सस्ता है। यह तो ऐसा होगा जैसे कोई आगरा ताजमहल की बजाय लोहा मंडी की वजह से जाये।

बुखारा कठिन सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है, जो इतिहास और हेरिटेज की खुली किताब है। पुराने संसार का यह सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक व धार्मिक केंद्र था। वह ज्ञान का लाइटहाउस था। हिन्दुओं के लिए जो बनारस है, वही इस्लामी संसार के लिए बुखारा था। कुछ शताब्दियों के अंतर के कारण मैं बुखारा का आध्यात्मिक वैभव देखने से वंचित रह गया। लेकिन अपनी यात्रा की एक दोपहर जब मैंने नादिर दीवान-बेगी मदरसा काम्प्लेक्स के भीड़भरे आंगन में डांस परफॉर्मेंस व फैशन शो देखा तो मुझे एहसास हो गया कि बुखारा एक अलग ही अनुभव होने जा रहा है। अगले आश्चर्य के लिए मुझे अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। एक सजे हुए पूर्व मदरसा के सामने गधे पर सवार एक व्यक्ति की मूर्ति है, जिसे लोगों ने घेरा हुआ है। डूबते सूरज की नारंगी रोशनी मोटे पेड़ों व पुराने घरों से झांक रही है और व्यक्ति की मुस्कान को अधिक चमका रही है। यह बुखारा का प्रिय मुल्ला नसीरुद्दीन है, जिसकी मनोरंजक कथाएं केंद्रीय एशिया से पृथ्वी के हर भाग में यात्रा कर चुकी हैं। अगर मुल्ला की कब्र को देखना है, तो तुर्की के अकेशीर में जाना होगा। नसीरुद्दीन की गधे पर सवार मूर्ति बुखारा के केंद्र में है जैसे ऐतिहासिक इमारतों, बाजारों, रेस्टोरेंट्स और वेंडर्स पर नजर रख रही हो। प्राचीन गलियों, नहरों व घरों को बहुत ध्यानपूर्वक बरकरार रखा गया है जैसे इतिहास की 3डी तस्वीर बना दी गई हो, जिसकी दिलचस्पी तेज, आधुनिक संसार में प्रवेश करने की है ही नहीं। मैं एक कोने में बैठ गया और इस विंटेज नजारे का आनंद लेने लगा।

जैसे रेगिस्तान के बीच में नखलिस्तान हो, लयाबी हौज एक छोटा सा तालाब है इस हमेशा जवान रहने वाले प्राचीन शहर में। (अगली बार जब आप दिल्ली के हौज खास में जायें तो याद रखें कि हमारे इतिहास में केंद्रीय एशिया से इसका संबंध है)। तालाब के पास पांच बुजुर्ग बोर्ड गेम खेलने में व्यस्त हैं, उन्हें पर्यटकों के आने जाने और व्यस्त कार्य दिवस पर व्यापारियों से कोई लेना देना नहीं है। इस पासे के खेल में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी, इसलिए मैं आगे बढ़ा और टोकि तेल्पक बाजार के निकट सबसे विश्वसनीय हमाम में चला गया। हमाम का नाम मुझे किसी ने बताया तो था, लेकिन फिलहाल मुझे याद नहीं आ रहा है। नाम वैसे भी उजबेक में लिखा था और लाल व हरी बत्तियां उस पर टिमटिमा रही थीं। मैंने अपने कपड़े एक लकड़ी के कैबिनेट में बंद किये, अपने नाजुक अंगों को कॉटन के बारीक से तौलिये से कवर किया और फिर कुछ गुम्बदों के नीचे से होता हुआ हॉट चैम्बर में पहुंच गया। यह सदियों पुराना कमरा है, जिसमें मोटी पत्थर की दीवारें हैं। यह दिल्ली की गर्मियों के जितना गर्म है, लेकिन यह मुझे अधिक गर्म क्यों लग रहा है? मैंने अपना सिर घुमाकर देखा तो अपनी बेवकूफी समझ में आयी। मैं ब्लोअर के सामने बैठा था, जो गर्म हवा फेंक रहा था। मैंने अपनी सीट बदली। एक स्लोवाक पर्यटक मेरे पास आ बैठा। कुछ करने को नहीं था तो हम अपने अपने देशों के बारे में बातें करने लगे। अपने मुल्क के जाड़ों को याद करते हुए उसे यह सबसे अच्छा पल लग रहा था। कुछ मिनट बाद एक युवा मालिश करने वाला, जिसने मेरे जैसा ही तौलिया बांधा हुआ था, मुझे मुख्य स्नानघर में ले गया। मैं फिसलन भरे स्टोन प्लेटफार्म पर लगभग सो गया। वह मेरे हाथ पैरों को इस तरह स्ट्रेच करने लगा जैसे मैं कोई जिमनास्ट हूं। **समीर चौधरी.**

## आपकी बात

### जीएसटी का बढ़ता आंकड़ा

माह दर माह जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। बीते साल अप्रैल माह में 1.68 लाख करोड़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में आया था जो इस साल अर्थात अप्रैल 2023 में बढ़कर 1.87 लाख करोड़ पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगर हम अन्य आंकड़ों पर बात करें मसलन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा जीडीपी अनुमान, ई-वे बिल जेनरेशन, मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर का पीएमआई इंडेक्स, तो यह सभी इस तरह इशारा करते हैं कि तमाम अनिश्चिताओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। जीएसटी कलेक्शन कई कारणों से अर्थव्यवस्था की सटीक तस्वीर को बताता है। यह न सिर्फ प्रगति का सबसे भरोसेमंद आंकड़ा है बल्कि अर्थव्यवस्था में मांग, उपभोग और भविष्य में सरकार की राजकोषीय स्थिति को लेकर भी भरोसा पैदा करता है। बढ़ते कर से सरकार को अपने खर्च चलाने के साथ राजकोषीय संतुलन में आसानी होगी। देश में जीएसटी का बढ़ता संग्रह इस बात का प्रमाण है भारत विकास कर रहा है। देश में जैसे जैसे विकास होगा तो उसी गति से जीएसटी का संग्रह भी बढ़ता है। चूंकि जीएसटी बढ़ रही है इससे स्पष्ट है भारत की आर्थिक प्रगति भी संतोषजनक है।

**गिरीश त्रिपाठी, लखनऊ.**

### रहने लायक हो गरीबों का घर

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## कृषि विवि में पढ़ रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या** ।कुमारगंज थाना क्षेत्र के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ रहे फल विज्ञान के पीएचडी द्वितीय वर्ष छात्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया घायल छात्र को उपचार हेतु सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया।जहां डॉक्टरों की टीम में हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही छात्र की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि विश्वविद्यालय पीएचडी द्वितीय वर्ष छात्र धर्मेंद्र गौतम पुत्र रामचंद्र गौतम उम्र करीब 26 वर्ष निवासी चितौड़ी जौनपुर बुधवार सुबह करीब 9 बजे बाइक से कृषि फार्म पर शोध कार्य हेतु जा रहे थे, जैसे ही विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 से सड़क पर निकले तभी अचानक बैटरी रिक्शा से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर में बाइक सवार धर्मेंद्र गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्र को उपचार हेतु सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया, स्थानीय लोगों ने बताया कि विश्वविद्यालय गेट के पास स्पीड ब्रेकर नहीं है ।

# सैलानी अब आसमान से निहार सकेंगे अलौकिक रामनगरी का अद्भुत नजारा

जिला संवाददाता(vol)

- हॉट एयर बैलून के जरिये अब 250 फीट की ऊंचाई से निहारिये अयोध्या
- हॉट एयर बैलून का शुभारंभ, एक साथ बैठ सकेंगे चार लोग, नया घाट के हेलीपैड पर मिलेगी सुविधा
- आसमान से दिखेगा रामलला का भव्य मंदिर, हनुमानगढ़ी और सरयू का खूबसूरत तट

**अयोध्या** ।वाटर मेट्रो बोट के बाद अयोध्या में अब हॉट एयर बैलून की शुरूआत हुई है।सीएम योगी की मंशा पर अयोध्या में शुरू की गई यह सेवा पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बन गयी है।इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे।नया घाट हैलीपैड पर बुधवार को इसका शुभारंभ हुआ है।अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं की अयोध्या को इस लिहाज से सजाया जाए कि जिससे यहां एक बार पहुंचने वाला श्रद्धालु बार-बार आने का प्रयास करे।इस दिशा में चल रहे कार्यों के तहत अब यहां एयर हॉट बैलून की शुरूआत की गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर की मदद से शुरू हुए इस कार्य से निश्चित ही पर्यटन की दिशा में अयोध्या को बड़ा मुकाम हासिल होगा।अयोध्या में एडवेन्चर स्पोर्टस के माध्यम से पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने व युवा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हॉट एयर बैलून का शुभारंभ सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मण्डलायुक्त गौरव दयाल व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने किया।यह अनूठी पहल अयोध्या को एक रोमांचक पर्यटन स्थल के रूप में



स्थापित करने एवं पर्यटकों को सरयू नदी के मनोरम दृश्यों के साथ अयोध्या की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एक एडवेंचर है।इसमें 10 मिनट की राइड होगी। ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा देखने के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने पड़ेंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से मजबूत करने का काम किया जा रहा है।मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत अयोध्या में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है।इसी के अंतर्गत हॉट एयर बैलून शुरू कराया गया है।यह हवा के रुख के हिसाब से चलता है।आने वाले दिनों में ऐसे कई प्रोजेक्ट अयोध्या में धरातल पर दिखाई पड़ने लगेंगे।

## भाजपा ने आठ बूथों के अध्यक्षों ने किया चयन

**अयोध्या** ।भारतीय जनता पार्टी में चल रहे सांगठनिक चुनाव में साहबगंज शक्तिकेन्द्र के बूथों का पुनर्गठन किया गया।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, महानगर चुनाव सह संयोजक तिलकराम मौर्या व शैलेन्द्र कोरी की देख-रेख में पुनर्गठन की प्रक्रिया की गई। साहबगंज शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 117 पर वैभव सिंह, 118 पर कन्हैया सोनकर, 119 पर अरविंद कुमार सिंह, 120 पर देवी शंकर मौर्या, 122 पर अनुज कसौधन, 146 पर राजेंद्र यादव, 147 पर अवनीश मिश्रा, 148 पर विकास गुप्ता को चुना गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन के सांगठनिक चुनाव के क्रम में साहबगंज शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत आठ बूथों का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से सभी बूथों पर अध्यक्ष का चयन किया गया। सांगठनिक चुनाव में 15 दिसम्बर तक सभी मंडल के अध्यक्ष का चयन सम्पन्न होगा। इसके पश्चात इस माह के अंत तक जिलाध्यक्षों का चुनाव होगा।इस दौरान मंडल अध्यक्ष शशि प्रताप सिंह, शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी चंदन कसेरा, पार्षद अनूप श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद रामनंदन तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिटी इण्टर कालेज में परख की परीक्षा संपन्न



**बाराबंकी** ।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत एनसीईआरटी द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत सिटी इण्टर कालेज में कक्षा 9 के छात्र-छात्राओ की परीक्षा सूचितापूर्ण सम्पन्न हुई। पर्यवेक्षक विनोद कुमार व डायट के विकास कुमार वर्मा ने कालेज परिसर में चल रही परीक्षा का निरीक्षण कर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर प्रधानाचार्य वी0पी सिंह समेत अन्य शिक्षक-शिक्षकाये मौजूद रहे।

## भाकियू नेता फैसल मलिक के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी** । गौतमबुद्धनगर में शातिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे किसानो को जबरन हटाकर जेल भेजे जाने के विरोध मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मध्याचल अध्यक्ष उत्कर्ष तिवारी के निर्देश पर अयोध्या मण्ड़ल प्रभारी फैसल मलिक के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने प्रदर्शन करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना नगर कोतवाली को मांग पत्र सौपा।तथा तत्काल किसानो को रिहा किये जाने की मांग की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या** ।कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के शैक्षिक प्रक्षेत्र में काम कर रहे दैनिक श्रमिक भगवान दास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बेहोशी हालत में अपने साथी कर्मचारी को मिले, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कैसे हुई पुष्टि हो सकेगी।मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कुमारगंज के अकमा गांव निवासी भगवानदास पुत्र रती पाल आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षिक प्रक्षेत्र मैं दैनिक श्रमिक के रूप में काम कर रहा था।मंगलवार की रात ड्यूटी करने गया था।जहां संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी हालत में साथी कर्मचारियों को मिले थे।जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी आर के सिंह रामदास के परिजनों को सूचना देते हुए इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां पर मौजूद डॉ अनमोल पाठक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। चैकी प्रभारी एनडीए अभय सिंह का कहना है कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता लग सकेगा।

## गृहकर पर चर्चा हेतु चेयरमैन ने बुलाई बैठक

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज नगर पंचायत की चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कस्बे में शासन द्वारा लगाया जा रहे हाउस टैक्स का आपत्ति दर्ज करते हुए आपातकालीन बैठक बुलाने की बात कही है।चेयरमैन ने कहाकि यह बैठक 15 दिवस की आपत्ति के पूर्व अगले सप्ताह में निर्धारित की जा रही है। जिसमें सभी सामाजिक, राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी, नगर के प्रबुद्ध जन, व्यापारी गण पूर्व समस्त सभासद गण आमंत्रित किये जाएंगे। इस विषय पर चर्चा व कार्यवाहीं समस्त कस्बेवासी के बीच खुले मंच से होगी जिसने मुझे इस पद पर जनता की सेवा के लिए जिम्मेदारी सौंपी हैं।बताते चले कि बीते दो दिसम्बर को एक न्यूजपेपर में गोसाईंगंज नगर पंचायत प्रशासन ने गृहकर को लेकर एक नोटिफिकेशन प्रकाशित करवाया था।नोटिफिकेशन की जानकारी होने पर कस्बे के लोगो में इसका पुरजोर विरोध उठता दिखा।जिसपर नगर पंचायत चेयरमैन ने अपनी प्रतिक्रिया दिया

## गैंगस्टर के दो दोषियों को उम्रकैद

**अयोध्या**। 22 साल पहले पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर निमौली गांव में वर्चस्व की रंजिश को लेकर पत्रकार पत्रकार विजय शंकर मिश्र की सरेशाम बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में दोषसिद्ध दो गैंगेस्टर अभियुक्तों अजय कुमार मिश्र व राजेश उर्फ रज्जू को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है साथ ही 9 साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गयी है।दोनों अभियुक्तों पर 30-30 हजार रुपए जुमार्ना भी किया गया है।यह फैंसला विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट मोहिंदर कुमार ने भरी अदालत में सुनाया है।

इसके पश्चात दोनो अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच जेल भेजने का आदेश पारित किया।यह मामला अयोध्या जनपद के पूराकलन्दर थाना अन्तर्गत मिजार्पुर निमौली गांव का वर्ष 2002 का है। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता जितेन्द्र तिवारी व विकास शुक्ला के मुताबिक गांव के वर्चस्व की जंग को लेकर पत्रकार विजय शंकर मिश्र की पूरा बितौली गांव के समीप 18 अप्रैल 2002 की सांय 6.30 बजे बंदूक से ताबड़तोड फायरिंग कर उस समय हत्या कर दी गयी थी जब वह अपनी पुत्री रेखा मिश्र व उसकी सहेली उम्मेहबीबा को परीक्षा दिलाकर अपनी मोटर साइकिल से बैठाकर घर आ रहे थे तभी 6-6 की संख्या में हमलावरों ने उनपर फायरिंग कर दिया।फायरिंग के दौरान गोली लगने से पत्रकार विजय शंकर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि पुत्री के द्वारा पिता को बचाने के दौरान उसको भी गंभीर चोटें आयी थीं।इसकी रिपोर्ट 10 हमलावरों रामनरेश पाठक, चन्द्रभान, राम मिलन यादव, राजेश उर्फ रज्जू, अजय मिश्र, राम तीरथ, नीलाम्बर, रामलखन उर्फ लखई, राज किशोर व बब्लू के विरूद्ध अपरा संख्या 118/2002 अन्तर्गत धारा 302, 148 व गैंगेस्टर एक्ट के तहत मृतक की पुत्री ने दर्ज कराया था।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधे 244 जोड़े

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अतिथियों ने दिया उपहार व आशीर्वाद

**मिल्कीपुर-अयोध्या** ।मिल्कीपुर विकास खण्ड के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 244 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे।तथा दो मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे,अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद, उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया। उन्होंने ने कहा कि परिणय सूत्र में बंधे सभी नव दम्पतियों का जीवन खुशहाली से भरा रहे।

बेटियों के हाथ पीले करने के लिए पहले गरीबों को सेंठ साहूकारों के यहां हाथ फैलाना पड़ता था आज वे गर्व से अपनी बेटी का विवाह कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि देश भर की निगाहें मिल्कीपुर पर है उप चुनाव में भारतीय




जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत होगी।सरकार हर गरीब के लिए पक्के छत की व्यवस्था कर रही है।मिल्कीपुर में भी हर गरीब परिवारों को पक्का मकान दिया जाएगा किसानों को किसान सम्मान निधि आसानी से खाते में मिल रही है।मातृशक्ति के सम्मान में मोदी जी और योगी जी अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि योगी जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर रहे हैं गुण्डों दंगाइयों पर कठोर कार्यवाही कर रहे हैं, सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचा रही हैं, कांग्रेस ने संविधान के साथ छेड़छाड़ किया और ऐ लोग संविधान को लेकर झूठा अफवाह फैला रहे हैं।सपा सरकार में पुलिस भर्ती का रिजल्ट एक मंत्री के कमरे में बनता था, कुछ जिले के लोगों को ही भर्ती किया जाता था वो नौकरी उद्योग अब बंद हो चुके हैं, सत्ता से बाहर हो गये इसलिए छटपटा रहे हैं।पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार की संपूर्ण योजनाएं पारदर्शिता के साथ चल रही है, कार्यक्रम का संचालन कवि अरुण द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह मंडल अध्यक्ष मिल्कीपुर अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा, बब्लू पासी, खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता,एड़ियों पंचायत सुरेन्द्र कुमार राव,शान्ती पासी उषा रावत, विनय सिंह टुनटुन, प्रधान अजीत जायसवाल, अनुराग सिंह एस पी ग्रामीण बलवंत, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी, थानाध्यक्ष इनायत नगर देवेंद्र कुमार पाण्डेय, थाना अध्यक्ष कुमारगंज अमरजीत सिंह सहित भारी संख्या में वर वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे।

# आबकारी निरीक्षक ने शराब की गुणवत्ता चेक करने के लिए बार कोड़ किया सर्च



जिला संवाददाता(vol)

- अनियमियतता मिलने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की दी चेतावनी

**बाराबंकी**। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर द्वारा शुरू किये गये आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक की टीम ने संघन चेकिंग अभियान चलाया। आबकारी निरीक्षक सर्किल सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली सरकारी देशी-विदेशी, बीयर की दुकानो पर जाकर क्यू आर कोड़ के माध्यम से शराब की गुणवत्ता, स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर की जांच पड़ताल की। इस दौरान निरीक्षक ने लाइसेन्सियो व सैल्समैनो को पास मशीन का संचालन सुचारु रुप से चालू रखने, दुकान का लाइसेंस निरस्त, जुमार्ना, आजीवन कारावास संबंधी संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-60क संशोधन के बारे में जानकारी दी। टीम में आबकारी सिपाही संजय कुमार, जावेद, महिला आबकारी सिपाही सीमा मौजूद रहे।



## कृषक गोष्ठी और मेला आयोजित होगा

**बहराइच** । जिला उद्यान अधिकारी डॉ. दिनेश चैधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद में औद्यानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच में 06 व 07 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर कृषि कार्य से सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रदर्शनी/स्टाल भी लगाये जायेंगे।श्री चैधरी ने बताया कि 02 दिवसीय औद्यानिक कृषक गोष्ठी/मेला के अवसर पर शाकभाजी, मसाला एवं पुष्प फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने हेतु 06 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण तथा 07 दिसम्बर 2024 को कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

# बैंकिंग संशोधन विधेयक पर कांग्रेस सांसद ने की सदन में चर्चा

- बिल में जनता की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा गया: तनुज पुनिया

**बाराबंकी**।सांसद तनुज पुनिया ने संसद में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक बिल 2024 पर चर्चा के दौरान अपने विचार रखते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1969 में देश के 14 प्राइवेट बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इसका मकसद था कि बिना मुनाफे की चिंता किए बैंक हमारे गांवों तक पहुंचें ताकि आम गरीब और वंचित लोगों को भी बैंकिंग का लाभ मिल सके। इसका लक्ष्य था कि ज्यादा से ज्यादा लोग बैंकिंग सुविधा से लाभान्वित हो सकें। तनुज पुनिया ने आगे कहा कि अब सरकार निजीकरण की ओर बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि बजट भाषण




में वित्तमंत्री ने आईडीबीआई समेत दो बैंकों के निजीकरण की बात कही। लेकिन इस बिल में उसका उल्लेख नहीं किया गया है।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के को-ऑपरेटिव बैंकों में ऋण की जटिल प्रक्रिया की जमीनी हकीकत बयां करते हुए बताया कि को-ऑपरेटिव बैंकों की स्थापना का मकसद बिचैलियों और साहूकारों को खत्म कर दिया जाए।उनके शोषण से समाज को राहत मिले और कम दरों पर आसान ऋण उपलब्ध कराया जाए। लेकिन सच्चाई ये है कि आज के समय में अगर कोई को-ऑपरेटिव बैंकों में लोन लेने जाता है।तो उन्हें टेबल टू टेबल इतना घुमाया जाता है कि जमीन पर इमरती बन जाती है।उन्होंने कहा कि अगर आप वहां के ब्रोकरों और दलालों को 50 फीसदी तक कमीशन दे देते हैं।तो काम हो जाता है और अगर आप इनका सहारा ना लें।तो आपको फिर साहूकारों के पास जाना पड़ता है। तनुज पुनिया ने बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक बिल 2024 पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें जनता की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा गया है।सांसद ने इस केसीसी में होने वाली परेशानियों का भी जिक्र किया। उन्होंने वित्तमंत्री को सुझाव दिया कि जनता के लिए बैंकिंग सुविधाओं को आसान बनाया जाना चाहिए।

## जनपद के 340 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे मॉडल

**अयोध्या**। जिले के 340 आंगनबाड़ी केंद्रों को संवारने काम शुरू होने जा रहा है।इन केंद्रों को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।इसमें 18 बिंदुओं पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि बच्चे केंद्रों के प्रति आकर्षित हो सकें।शासन का निर्देश मिलते ही बाल विकास विभाग ने लक्ष्य का वितरण ब्लॉकवार कर दिया है।एक ब्लॉक क्षेत्र में 80 से 90 के बीच आंगनबाडी केंद्र हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि छोटे-छोटे गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कर दिया जाए, ताकि वे भी किसी बड़े विद्यालय की भांति दिखे।इसके लिए शासन ने दूसरे चरण में 340 केंद्रों का लक्ष्य दिया है।

पहले चरण में 500 के करीब आंगनबाड़ी केंद्रों को सजाया-संवारा जा चुका है। ब्लॉकवार लक्ष्य का आवंटन करते हुए ग्राम पंचायतों से बनवाने की अपेक्षा की है।प्रत्येक पर तीन लाख रुपये खर्च होंगे।

## तहसील मोतीपुर में 23 को आयोजित होगा तालाब आवंटन शिविर

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच** ।तहसील महसी अन्तर्गत उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 व उ.प्र. राजस्व संहिता नियमावली 2016 में वर्णित उपबन्धों के अनुसार मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) स्थित गल्ला मण्डी मिहींपुरवा के सभाकक्ष में 23 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से होने वाली नीलामी के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा को नीलाम अधिकारी नामित किया गया है।

एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील अन्तर्गत ग्राम बोझिया में खसरा नम्बर 723 क्षेत्र 5.4030 हे., अड़गोड़वा (धमार्पुर) में ख.न. 228/2 क्षेत्र 0.2290 हे., वैवाही में ख.न. 946ग क्षेत्र 4.0670 हे., जंगल गुलरिहा में ख.न. 234ख क्षेत्र 0.2550 हे., चफरिया में ख.न. 286 क्षेत्र 0.2950 हे., हसुलिया में ख.न. 678 क्षेत्र 2.0470 हे., मंझरा में ख.न. 2155 क्षेत्र 0.2180 हे., धमार्पुर में ख.न. 1071 क्षेत्र 0.3320 हे., ख.न. 1096क क्षेत्र 0.0320 हे., ख.न. 1122 क्षेत्र 0.1880 हे., ख.न. 1124 क्षेत्र 0.5670 हे. व ख.न. 1067 क्षेत्र 0.2760 हे. तथा ग्राम मधवापुर में ख.न. 225 क्षेत्र 0.2830 हे. का नीलामी पद्धति से दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि 0.5 एकड़ से लेकर 02 हेक्टेयर तक के क्षेत्रफल के जालाबों की नीलामी मछुआ समुदाय के लोगों को तथा 02 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के जालाब की नीलामी सहकारी समितियों के हक में की जायेगी।

एसडीएम ने बताया कि तहसील स्थित रजिस्ट्रार कानूनगो के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर पट्टे की शर्तों एवं नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## वोकेशनल पत्रकारिता की छात्रा गरिमा बनी असिस्टेंट प्रोड्यूसर



**अयोध्या**। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा संचालित बैचलर ऑफ वोकेशनल एमसीजे अंतिम वर्ष की छात्रा गरिमा त्रिपाठी का राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पद पर चयन हुआ।इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल सहित विभाग के समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. आर एन पाण्डेय, डॉ. अनिल कुमार विश्वा ने बधाई दी।इसके अतिरिक्त विभागीय छात्र-छात्राओं ने गरिमा के चयन होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।समन्वयक डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि बी.वोक एमसीजे अंतिम वर्ष की छात्रा देवरिया जनपद की मूल निवासी है।इसने पाठ्यक्रम में प्रवेश एक उद्देश्य के साथ लिया था और वह अपने उद्देश्य में सफल रही।

विभागीय शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में नोयडा स्थित इंडिया डेली लाइव राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पर हुआ है, जो विभागीय छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनेगी। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग के बीवोक, एमए एमसीजे के विद्यार्थी राष्ट्रीय न्यूज चैनलों, समाचार पत्रों, विज्ञापन एवं जनसम्पर्क के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है।इन्हें विभाग में आमंत्रित कर छात्रों को समय समय पर प्रशिक्षित भी किया जाता है।इसी क्रम में छात्रा गरिमा त्रिपाठी का चयन राष्ट्रीय न्यूज चैनल में असिस्टेंट प्रोड्यूसर के पद पर हुआ।छात्रा की इस उपलब्धि पर बीवोक, एमए व पीएचडी के विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

## ग्राम पंचायत फखरपुर में 05 दिसम्बर को आयोजित होगा सेवा से संतृप्तीकरण

**बहराइच** । विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर तहसील कैसरगंज के ब्लाक फखरपुर की ग्रा.पं. फखरपुर में 05 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

# ग्राम पंचायत लौकाही में सेवा से संतृप्तीकरण शिविर आयोजित

**बहराइच** ।विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत लौकाही में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर तथा फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

शिविर के उद्घाटन के पश्चात विधायक श्री त्रिपाठी ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी



प्राप्त की। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी तथा 05 बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। इसके अलावा विधायक श्री त्रिपाठी ने आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, 03 स्वयं सहायता समुहों को सामुदायिक निवेश निधि स्वीकृति पत्र, पोषण किट, टीबी के 05 मरीज को पोषण किट, कुष्ठ रोगी को जूता, कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत 10 बच्चियों को बेबी जानसन किट का वितरण, कन्या सुमंगला के अन्तर्गत 03 बच्चियों को स्वीकृति पत्र, निराश्रित एवं विधवा पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी स्वीकृति पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। परिवार नियोजन जागरूकता कार्यक्रम हेतु 03 सारथी वाहन को विधायक श्री त्रिपाठी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जो जिले में परिवार नियोजन सम्बंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगें।

संतृप्तिकरण शिविर को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के आयोजन से ग्रामवासियों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर में आने वाले ग्रामवासियों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के साथ-साथ उनकी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं, और यह शिविर उस दिशा में किया गया एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टालों पर आने वाले ग्रामवासियों को योजना की जानकारी देते समय पात्रता, आवेदन करने के तरीकों, आवेदन करते समय वांछित अभिलेखों इत्यादि के बारे में भी बताएं ताकि शिविर से जाते समय सम्बन्धित व्यक्ति कम से कम जागरूक अवश्य हो जाए।

डीएम ने शिविर में आने वाले ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि आयोजन अपने उद्देश्यों में सफल है। डीएम ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया।

संक्षेप

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**अमेठी/रामगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रंगीन का पुरवा गांव के पास देर रात प्रेमिका से फोन पर बात कर रहा युवक अचानक ट्रेन के सामने कूद गया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बीती आधी रात त्रिशुंडी गांव के निवासी ऋतिक वर्मा पुत्र रजत वर्मा (22) रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और अचानक गुजर रही ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। रेलवे ट्रैक पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक फोन पर किसी महिला से जोर-जोर से बहस कर रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि वह बात करते-करते रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और ट्रेन के आगे कूद गया। सूचना मिलते ही एसएचओ अजयेंद्र पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। एस एच ओ बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक फोन पर प्रेमिका से हुई बहस के कारण युवक ने यह कदम उठाया।

## बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

**कादीपुर, सुलतानपुर।** बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता दिवस पर बार के वरिष्ठ व कनिष्क अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। बार के अध्यक्ष दिनेश प्रताप शुक्ल एवम सचिव अखिलेश उपाध्याय ने वरिष्ठ अधिवक्ता पं. राममिलन तिवारी को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं को मिलने वाली पांच लाख रुपए की अपनी भविष्य निधि को मैं बार के सदस्यों की सुविधा बढ़ाने के लिए एवं वाचनालय बनाने के लिए दान दे रहा हूं। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता विनोद श्रीवास्तव, शेषनारायण तिवारी, दयाराम पांडेय, आरबी सिंह, इंद्रजीत यादव, सुरेश नारायण यादव सहित अनेक वरिष्ठ व कनिष्क वकीलों को सम्मानित किया गया।

# जरूरतमंदों को वितरित किये गये कंबल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खण्ड के कूरेभार अंतर्गत भटवारा गांव में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। सैकड़ों लोगों को कम्बल वितरित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का आयोजन भटवारा गांव स्थित मुसहर बस्ती में किया गया। कार्यक्रम में धर्म रक्षा समिति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बिभाग संरक्षक जमुना प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि बिरसा मुंडा ब्रिटिश काल में अंग्रेजो के बिरुद्ध जनजातियों को एकजुट कर आंदोलन का बिगुल बजाया था। जिससे खिन्न होकर अंग्रेजो ने उन्हें तमाम यातनाएं ही नही दी बल्कि उन्हें दो साल के कठोर कारावास की सजा ही नही सुनाई, बल्कि उन्हें जहर देकर मार भी दिया। सेवा समर्पण संस्थान के जिला हित रक्षा प्रमुख बलराम मिश्रा ने कहा कि बिरसा मुंडा हमारे देश के उन महापुरुषों में से एक थे, जिन्होंने अपने जीवन को देश के लिये समर्पित कर दिया था। आज भी बिहार, झारखंड, उड़ीसा तथा बंगाल के जनजातीय इलाको में उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है। कार्यक्रम के समापन के मौके पर मुसहर जाति के सैकड़ो लोगो को कम्बल वितरित किया गया। इस मौके पर भाजपा सह संयोजक जितेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, चन्द्रभान, सालिक राम, मुन्ना लाल, पिंकू आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेला 11 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10:30 बजे संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर, अमेठी में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा व रोजगार मेले में 12वीं, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के भाग ले सकते है। उन्होंने बताया अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करते हुए योग्यता के अनुरूप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते है तथा रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो व बायोडाटा सहित उपस्थित होकर भाग ले सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

# प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ खाया जहर, प्रेमी की मौत



- प्रेमिका का चल रहा इलाज, तीन साल से चल रहा था अफेयर
- प्राइवेट स्कूल बस चलाता था मृतक युवक

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव में प्रेमी-प्रेमिका ने एक साथ जहर खाकर जान देने की कोशिश की। गंभीर अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लाया गया। जहां पर चिकित्सक ने प्रेमी को मृत घोषित कर दिया। प्रेमिका की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीलमपुर निवासी भारतलाल निषाद (20) एक प्राइवेट कॉलेज में गाड़ी चलाता था। उसी स्कूल में पढ़ने वाली एक बीस वर्षीय छात्रा से उसका प्रेम हो गया। इसी दौरान प्रेमिका भारतलाल से शादी करने की जिद करने लगी। तब भारत ने अपने भाई की शादी हो जाने के बाद शादी करने की बात कही। मंगलवार को बात बढ़ गई थी और दोनों के घरों तक मामला पहुंचा तो दोनों परिवार के लोगों ने लड़के लड़की पर सख्ती की। बीती रात दोनों घर से निकलकर भीलमपुर में एक सूनसान जगह पर आए और दोनों ने एक साथ जहर खा लिया। परिजन रात भर दोनों की खोजबीन करते रहे। बुधवार सुबह खेत जोतने गए ट्रैक्टर चालक ने दोनों को तड़पते देखा तो परिजनों को सूचना दी। भारतलाल के परिजन पोस्टमार्टम के बिना शव लेकर घर गए और अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष पंडित तिवारी ने बताया कि दोनों पक्ष से अभी तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर प्राप्त होगी तो आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने आज यानी बुधवार को दोनों कोर्ट मैरिज करने वाले थे।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अमेठी।** आज जिला अस्पताल गौरीगंज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर वृहद स्तर पर वन स्टॉप सेन्टर अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। वन स्टॉप सेन्टर केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया कि लिंग आधारित हिंसा से महिलाएं और लड़कियां उच्च जोखिम का सामना कर रही हैं हमारे घरों, कार्यस्थलों, रास्तों, सड़को और आनलाइन माध्यमों पर महिलाओं व लड़कियों के लिए लिंग आधारित हिंसा का शिकार होने का जोखिम बहुत अधिक है। इन समस्याओं को दूर करने हेतु हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा। समाज, सरकार और व्यक्तियो के सामूहिक प्रयासों से लिंग आधारित हिंसा को समाप्त किया जा सकता हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर योजना, तथा हेल्पलाइन सेवा जैसे महिला हेल्पलाइन सेवा- 181, पुलिस हेल्पलाइन सेवा -112, एम्बुलेंस सेवा-108, स्वास्थ्य सेवा -102, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा -1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा- 1076, साइबर हेल्पलाइन सेवा -1930 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी एवं किरन सिंह काउंसलर, महिलाएं मौजूद रहीं।

# सिर्फ एक कर्मचारी के सहारे चल रहा कारखाना

- परिसर में स्थित खादी उत्पादन केंद्र बंद
- तागे के अभाव में जुलाई से बंद है कम्बल तैयार करने का काम
- बदहाली पर आंसू बहा रहा है गुंगवाछ का कम्बल कारखाना



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के पुराने कम्बल कारखानों में शामिल कम्बल कारखाना गुंगवाछ बदहाली की आंसू बहा रहा है। कारखाना इस समय केवल एक स्टाफ के सहारे चल रहा है। कम्बलों का उत्पादन पांच महीने से बंद है। कम्बल कारखाने में स्थित लाखों रुपए लागत की मशीनें ?जंग लगने से खराब हो रही है। कारखाने में स्थित एक मात्र हैंडपंप कई साल से खराब पडा हुआ है। परिसर पूरी तरह जंगल में तब्दील हो गया है। दिन रात यहां सांप, बिच्छू ?और विषैले जानवर निकलते रहते हैं। कर्मचारियों का जीवन सुरक्षित नहीं है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। कारखाने में स्थित खादी उत्पादन केंद्र कई साल से बंद है। कम्बल कारखाने की स्थापना 1986 के दशक में हुआ था। वर्तमान में भवन अत्यंत जर्जर है। प्लास्टर टूट कर गिर रहे हैं। वर्तमान में कारखाने में केवल एक कर्मचारी स्पिनिंग आर्गनाइजर के पद पर तैनात हैं। मैनेजर का कार्यभार जौनपुर के कारखाना प्रबंधक को दिया गया है। कारखाना प्रबंधक यहां कभी कभी आते हैं। लिपिक, चौकीदार, चपरासी कोई नहीं है। कारखाने की स्थापना का पत्थर गायब है। अधिकांश मशीनें बंद पड़ी हुई है। जुलाई से तागा खत्म होने के कारण कम्बलों की बुनाई बंद है। कम्बल बुनने वाला एक मात्र कारीगर जुलाई के बाद नहीं आ रहा है।

## स्टाफ के अभाव में बंद पड़ा है खादी उत्पादन केंद्र

**अमेठी।** स्टाफ के अभाव में खादी उत्पादन केंद्र बंद पड़ा हुआ। पूर्व में इस कारखाने से सम्बद्ध बुनाई केन्द्र बंद पड़े हुए हैं। मंगलवार को कारखाने में मौजूद एस के सिंह ने बताया कि स्टाफ के अभाव में कारखाने का ठीक से संचालन नहीं हो रहा। स्थानीय लोग कम्बलों की बुनाई का काम सीखने में कोई रूचि नहीं ले रहे हैं। कमलेश कुमार नाम का एक कारीगर ही यहां कम्बलों की बुनाई करता है। तागे के अभाव में काम जुलाई से बंद है।

अमरभान सिंह, प्रभारी प्रबंधक कम्बल कारखाना गुंगवाछ का कहना है कि मेरे पास कम्बल कारखाना गुंगवाछ का अतिरिक्त चार्ज है। स्टाफ सरकार दे नहीं रही। एक स्टाफ से कारखाना नहीं चल सकता है। तागा बुधवार को मिलने की संभावना है। तागा मिलने के बाद कारीगर काम शुरू होगा। यहां तैयार किए गए कम्बलों को फिनिशिंग के लिए गोपीगंज भेजा जाता है। वहीं से बिक्री होती है। बिक्री केंद्रों पिछले चार दशक से बंद है।

विजय कुमार शर्मा, स्थानीय निवासी का कहना है कि कम्बल कारखाने को चलाने की कई बार कोशिश हुई लेकिन चल नहीं पाया। नेता, अधिकारी और सरकार सब फेल है। बहुत बड़ा परिसर है। सरकार चाहे तो इसे कौशल विकास और रोजगार केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## पत्रकार को दी धमकी 24 घंटे बाद भी नहीं लिखा गया मुकदमा

**अमेठी।** मंगलवार को थाना संग्रामपुर क्षेत्र के चौकी टीकरमाफी निवासी व ग्राम वार्ता के पत्रकार चंदन दूबे पुत्र दीनानाथ दूबे निवासी बनवीरपुर ने थाना संग्रामपुर में लिखित तहरीर दी कि बगल के गांव धौरहरा निवासी धनन्जय सिंह पुत्र अरविंद प्रताप सिंह द्वारा आज सुबह करीब 9 से 10 बीच ग्रामसभा प्रधान प्रतिनिधि बनवीरपुर के पक्ष में धमकी देते हुए बताया कि बनवीरपुर की खबर विपक्ष में लगाओगे तो ठीक नहीं होगा। इस प्रकरण को लेकर पत्रकार ने 112 पर फोन करके घटना की जानकारी दी और थाना संग्रामपुर में लिखित तहरीर दी। थाना संग्रामपुर प्रभारी ईश नारायण मिश्रा ने बताया कि ग्राम वार्ता अखबार के पत्रकार चंदन दूबे द्वारा तहरीर दी गई कि धौरहरा निवासी धनन्जय सिंह पुत्र अरविन्द सिंह ने बनवीरपुर गौशाला को लेकर मृत गोवंश की खबर प्रकाशित होने पर नाराज होकर घर पर जाकर धमकी भरा शब्द का प्रयोग किया। इस मामले को गहनता से जांच की जा रही है।

# राहुल गांधी ने अपनी अमेठी को भारत का पहला विमानन विवि दिया

**अमेठी।** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में नेता प्रतिपक्ष/ सांसद राहुल गांधी जी एवं स्थानीय सांसद किशोरीलाल शर्मा जी के प्रोटोकाल का सुनियोजित अनादर की जानकारी मिलते ही अमेठी कांग्रेसजनों में बड़ा आक्रोष है। राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय की स्थापना 2013 में राहुल गांधी जी ने सदन से पास कराकर, अमेठी सहित देश-प्रदेश एवं बड़े उद्योगों को अमेठी से सीधे जोड़ने का एक विशाल संस्थान स्थापित कराने का शुभारम्भ किया। अभी बीते कुछ माह पहले ही अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा ने सदन में विमानन विश्वविद्यालय के मुद्दे को उठाया, तो संस्थान के कार्य में बड़ी प्रगति हुई। नये कुलपति की नियुक्ति भी तत्काल कर दी गयी. केन्द्र सरकार का अमेठी जनमानस के प्रति लगातार सौतेले व्यवहार से संस्थान के जिम्मेदार अधिकारी भी दीक्षांत समारोह में नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय सांसद के प्रोटोकाल का पालन न करके, सांसद ही नहीं बल्कि अमेठी के जन-जन का अपमान किया है। यह जानकारी मिलते ही सांसद अमेठी कार्यालय प्रभारी, बृजेश तिवारी ने जब विमानन विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों से सम्पर्क किया, तो उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय सांसद को कार्यक्रम मंच पर जगह नहीं है, वे प्रथम पंक्ति में बैठ सकते हैं। ऐसे संवैधानिक प्रोटोकाल असंज्ञीय अधिकारियों पर उचित कार्यवाही हो, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय सांसद के गरिमा की अवहेलना अति निंदनीय है। इन्दिरा गांधी उड़ान अकादमी फुरसतगंज के सिल्वर जुबली कार्यक्रम के दौरान 2011 में स्थानीय सांसद रहे मा० श्री राहुल गांधी विमानन विश्वविद्यालय बनवाने की बात कही थी। इसका 2013 में शिलान्यास हुआ था। केन्द्र सरकार के इशारे पर इस घिनौने कृत्य से अमेठी जनमानस अपने को अपमानित महसूस कर रहा है। अमेठी की सम्मानित जनता के साथ-साथ प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक संगठनों में संस्थान के प्रति काफी रोष है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि यह अमेठी का अपमान है

# विकास कार्यों की अनदेखी से किसान परेशान

- दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**तिलोई, अमेठी।** योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा कर रही है, वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से मोहना माइनर क्षेत्र में विकास कार्यों की गति धीमी हो गई है, जिससे किसानों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्राम पंचायत कूरा के पूरे पण्डित माइनर के किसानों और क्षेत्रवासियों ने सिंचाई और जल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में सड़क निर्माण और जल निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे खेती और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। मोहना माइनर से सटे कूरा ग्राम सभा के पूरे पण्डित में नहर पर सर्विस रोड का निर्माण कार्य कई वर्षों से अधर में लटका हुआ है। सड़क की खस्ता हालत के कारण लोगों को कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल दुर्घटनाएँ हो रही हैं, बल्कि किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सर्विस रोड को पड़ोसी किसानों द्वारा काट लिया जाता है, जिससे आवागमन में बाधाएँ आती हैं। इसके अलावा, माइनर के पहले साइफन में जमा सिल्ट के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो रही है। ग्रामीणों ने प्रदेश और जनपद के अधिकारियों से मांग की है कि सर्विस रोड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, अनियमितताओं की जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित की जाए।

### आनंदपुर जारखी आईटीआई में 32 अभ्यर्थी अप्रेंटिस के लिए चयनित

**टूंडला।** आईटीआई आनंदपुर जारखी, फिरोजाबाद में श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग्स लि. द्वारा अप्रेन्टिस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें 61 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 32 अभ्यर्थी चयनित हुये। प्रधानाचार्य हेमलता यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनायें दी। संयुक्त निदेशक (प्रशि/शिक्षु), आगरा मण्डल, आगरा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किये गये। इस दौरान सत्यप्रकाश कार्यदेशक, सनत कुमार, कार्यदेशक, बृजभवन पाण्डेय, दिव्या, सुधीर कुमार वर्मा, ध्रुवकान्त तिवारी, अनूप आदि सभी ने प्लेसमेंन्ट व अप्रेन्टिस ड्राइव को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले इनामिया इन्तजार अली उर्फ राजू उर्फ इन्तयाज अली को मुठभेड में गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्तयाज अली पर 15000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में मादक पदार्थ तस्करी के दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त इन्तयाज अली उर्फ राजू उर्फ इन्तजार अली निवासी कोहीनूर रोड नूरनगर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद की गिरफ्तारी हेतु 03 टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना रसूलपुर पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि वांछित अभियुक्त इन्तजार अली गाँव मौढा से खंजापुर की ओर जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गाँव मौढ़ा से खंजापुर जाने वाले रोड पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम मौढा की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखायी दी जिस पर पुलिस टीम द्वारा रुकने का इसारा किया गया।

अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया एवं उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 01तमंचा 01 खोखा कारतूस 02 जिंदा कारतूस एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर की बरामद किये है।

# वृद्धों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

**अमेठी।** वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) राजगढ़ गौरीगंज अमेठी में जिला अस्पताल असैदापुर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा० पीताम्बर कन्नौजिया व उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित समस्त वृद्धजनो की बी.पी. चेक की गयी तथा ताकत, गैस, और बुखार तथा आँख की दवा वृद्धजनों को निशुल्क प्रदान की गयी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी सेवासियों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। किसी को भी कोई गम्भीर समस्या नहीं थी। चिकित्सा शिविर में डा० पीताम्बर कन्नौजिया द्वारा समस्त वृद्धजनों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके खानपान, व्यायाम, दैनिक दिनचर्या इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी व स्वस्थ्य रहने के विभिन्न उपायों को विस्तार पूर्वक बताया गया।



# हाइकु कविता पर गोष्ठी आयोजित साहित्यकारों ने किया प्रतिभाग

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कस्बे के विवेकानंद नगर मोहल्ले में विक्रम भवन पर हाइकु दिवस पर हाइकु कविता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कवियो एवं साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को आयोजित गोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट ने कहा भारत में हाइकु के जनक डॉ. सत्यभूषण वर्मा की जयंती चार दिसंबर को हाइकु दिवस के रूप में मनाई जाती है। 17 अक्षरों की हाइकु कविता विश्व की सबसे छोटी कविता है। जो शब्दों के अनुशासन के महत्व को स्थापित करती है। आज के दौर में यह कविता अत्यंत प्रासंगिक है। अपनी लघुता में यह कविता के संदेश की अनुभूति कराती है। इसे इलेक्ट्रॉनिक कविता कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येंदु ने कहा कि हाइकु कविता अत्यंत सीमित शब्दों में कविता की शक्ति का बोध कराती है। इसमें एक-एक शब्द और वर्ण का बहुत महत्व होता है। साहित्यकार डॉ. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने कहा की हाइकु भारतीय काव्य सरोवर का खिला हुआ नया कमल है। जो अपने सौंदर्य और प्रभाव की छाप छोड़ रहा है। कवि अवनीश प्रताप पांडेय ने कहा की हाइकु कविता सचमुच बेजोड़ है। जो कम शब्दों में अधिक से अधिक बात कहती है। गोष्ठी के दूसरे चरण में कवियों ने हाइकु कविता सुनाया। डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट ने पढ़ा.. तुमसे मिले, दिल के अरमान, फूल से खिले। ज्ञानेंद्र विक्रम रवि ने सुनाया.. बसंत आया, आदमी तो आदमी, पेड़ बौराया। डॉ सुशील कुमार पांडेय ने पढ़ा.. चुपके से जो पेड़ को कटवाने में दक्ष, पादप रोपण पर्व पर वही बना अध्यक्ष। गोष्ठी में पवन कुमार सिंह, अवनीश प्रताप पांडेय ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर हृदय नारायण शुक्ल, ध्यानेंद्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# इंद्र का अहंकार दूर करने के लिए कृष्ण ने रची थी लीला



- सैफुल्लागंज बाजार में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** थाना अंतर्गत सैफुल्लागंज बाजार में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन कथा वाचक पं. मनीष चंद्र त्रिपाठी जी महाराज ने पूतना उद्धार, माखन चोरी, और गोवर्धन पर्वत लीला, कालिया नाग उद्धार, का वर्णन कथा के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया। पूतना उद्धार के अंतर्गत भगवान की उदारता बड़ी अद्भुत है। जिस पूतना ने भगवान को जान से मारना चाहा। ऐसी पूतना के लिए भी भगवान ने स्थान दिया, क्योंकि दूध पिलाने का कार्य सिर्फ माता का ही होता है। पूतना भले ही दूध में जहर मिलाकर मारने का भाव था। इसलिए भगवान ने उसे माता का स्थान दिया। महाराज ने बताया कि भगवान ने इंद्र देव के अहंकार को दूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को कनिष्ठा उंगली से उठाया था। क्योंकि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ती पर घमंड हो गया था सात दिनों बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। आगे कहा कि मानव को कभी भी अंहकार नही करना चाहिए श्रेष्ठ बनो, लेकिन अपने आपको कभी सर्वश्रेष्ठ नहीं मानना चाहिए। कथा में बताया कि गोपियों का वस्त्र हरण वसनात्मक दृष्टि से न करके अपितु भगवान ने संसार को शिक्षा दिया जो माया का आवरण है जब तक व्यक्ति के जीवन में है तब हमारी प्राप्ति संभव नहीं है, क्योंकि भगवान माया से परे हैं। कथा के अंत में मुख्य यजमान डॉ. गोपाल चंद्र राय ने सपत्नीक वेद व्यास पीठ की आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मनोज सोनी, प्रदीप जायसवाल, आशीष सोनी, गणेश प्रसाद, विनीत रॉय सुनीत रॉय, अभिजीत बिस्वास, शुभोजीत विस्वास, समेत सैकड़ों भागवत प्रेमी मौजूद रहे।

## लाखों के विद्युत तार चोरी

**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र के दो गांव के बीच में से अज्ञात चोर लगभग आधा दर्जन विद्युत खम्भों के तार काट कर चुरा ले गए हैं जिसकी जानकारी विभाग ने पुलिस को दी है। टूंडला क्षेत्र के गांव नगला कलुआ व बदनपुर के बीच में एक नई विद्युत लाइन बिछाई गई थीइस विद्युत लाइन पर 33000 की बिजली की सप्लाई की जा रही थी बीती रात चोर इस लाइन के लगभग 6 दर्जनविद्युत खम्भोंके तार चोरी कर ले गए जिनकी कीमत 300000 बताई गई है एसडीओ दुष्यंत कुमार ने बताया किमौके पर देखने से पता चला है कि विभाग का लगभग 3 लाख का विद्युत तार चोरी हुआ है साथ ही कुछ खंबे भी टूटे मिले हैं जिनको दुरुस्त कराया गया और विद्युत सप्लाई में किसी कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि विद्युत सप्लाई दूसरी लाइन से जोड़ दी गई थी।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, दिये कड़े निर्देश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने रायबरेली रोड स्थित अंकारीपुर, दूबेपुर में ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष और वीवीपैट कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि वेयरहाउस में सुलतानपुर, सदर, लंभुआ और कादीपुर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम और वीवीपैट मशीनें सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सभी खिड़कियां और दरवाजे पूरी तरह बंद रहना चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाओं को चाक-चैबंद करने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

संक्षेप

## ई-सिगरेट के बढ़ते खतरे के खिलाफ तत्काल कदम उठाने का आह्वान

नई दिल्ली। शालिनी यादव ने भारत में बच्चों और युवाओं के बीच ई-सिगरेट और हीट-नॉट-बर्न (एचएनबी) प्रोडक्ट्स के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई है। शालिनी यादव ने मदर्स अगेंस्ट वैपिंग (एमएवी) की पहल पर भी चर्चा की और उसकी सराहना की। एमएवी चिंतित माताओं का एक समूह है, जो भारतीय बच्चों एवं युवाओं के बीच वैप्स, ई-सिगरेट, हीट-नॉट-बर्न डिवाइस और निकोटीन पाउच जैसे नए निकोटीन डिलीवरी प्रोडक्ट्स के बढ़ते संकट से निपटने के लिए समर्पित है। इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और हीट-नॉट-बर्न उत्पादों जैसे नए जमाने के नशे के उपकरण अच्छे और आकर्षक लगते हैं। ये उत्पाद हमारे बच्चों को लुभा रहे हैं और निकोटीन की लत को तेज व ज्यादा खतरनाक बना रहे हैं। ये उत्पाद भारत में प्रतिबंधित हैं, लेकिन विदेशी कंपनियां गलत तरीकों से इन्हें देश में ला रही हैं, जिससे निकोटीन का सेवन करने वाली एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। आगे चलकर इन बच्चों के ड्रग्स का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है।

## 98.1 प्रतिशत एडवाइजर्स ने आईप्रू एज का उपयोग कर तुरंत कमीशन प्राप्त किया

बरेली। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइजर्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइजर्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1प्रतिशत एडवाइजर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। इन पहलों ने हमें देश का सबसे एडवाइजर-फ्रेंडली लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर बनने में मदद की है।

## महिन्द्रा यूनिवर्सिटी की एयरबस से साझेदारी

हैदराबाद। महिन्द्रा यूनिवर्सिटी ने वैमानिकी एवं एयरबस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस गठबंधन का लक्ष्य दोनों संगठनों की ताकत का इस्तेमाल कर भविष्य के लिए प्रतिभाएं तैयार करने के लिए एयरोस्पेस और डिजिटल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस साझीदारी के तहत ये संगठन पाठ्यक्रम विकास, उद्योग प्रशिक्षण, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के आदान प्रदान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग (एआई), एडवांस्ड एनालिटिक्स एवं साइबर सुरक्षा सहित डिजिटल टेक्नोलॉजीज एवं एयरोस्पेस में गहन अनुसंधान में गठबंधन करेंगे। इस समझौता ज्ञापन से विद्यार्थियों के लिए उन्नत इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर भी बढ़ेंगे और संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं जैसे संयुक्त आयोजन सुगम होने के साथ ही एयरस्पेस से जुड़ी परियोजनाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ जुड़ाव होगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में बैंकेबिलिटी दिव्यांगजन की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास शीर्षक से एक विशेष कार्यक्रम-जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों की विविधताओं को पहचानने, समावेशिता को बढ़ावा देने और विशिष्टक्षमताओं का सम्मान करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया, के आयोजन के साथ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2024 मनाया। इस कार्यक्रम में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने दिव्यांग व्यक्तियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपनी आकांक्षाओं को हासिल करने के लिए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बैंक ने अपने सभी दिव्यांग ग्राहकों, मौजूदा और नए दोनों, के लिए निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवा शुरू करने की घोषणा की। दिव्यांग ग्राहक अगले एक साल तक हर महीने एक निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवा का लाभ उठा सकते हैं। समारोह में बैंक ने भारत की व्हीलचेयर बास्केटबॉल महिला टीम की कप्तान और पैराप्लेजिक खिलाड़ी गीता चौहान को खेल के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

# सेंसेक्स में 110 अंकों की उछाल



मुंबई। विदेशी पूंजी की आवक बढ़ने और चुनिंदा बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 110 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 10 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारिक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 110.58 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 80,956.33 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 81,245.39 के उच्च स्तर और 80,630.53 के निचले स्तर पर भी गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 10.30 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 24,467.45 पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने भारतीय रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक को देखते हुए सतर्क रुख अपनाया। नीतिगत दर तय करने वाले पैनल की बैठक बुधवार को शुरू हो गई और इसमें लिए जाने वाले फैसलों की शुक्रवार को जानकारी दी जाएगी। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी सबसे ज्यादा लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, मारुति, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया के हालात की वजह से एशियाई बाजारों में मिली-जुली धारणा देखने को मिली। इससे उपजी अनिश्चितता के बावजूद घरेलू बाजारों ने सकारात्मक रुख कायम रखा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,664.67 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मालकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड ने 2.13 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि वित्तीय सेवा खंड में 1.19 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 0.91 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान के निक्की में तेजी रही जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, चीन के शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही।

# रेपो दर तय करने वाली एमपीसी की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू किया। खुदरा मुद्रास्फीति के केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर होने के कारण प्रमुख नीतिगत दर पर यथास्थिति का अनुमान है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में लिए गए निर्णय की घोषणा शुक्रवार छह दिसंबर को की जाएगी। दास अपने मौजूदा कार्यकाल की आखिरी एमपीसी बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। उनका कार्यकाल 10 दिसंबर को खत्म हो रहा है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो यानी अल्पकालिक ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाये रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें 2025 में ही कुछ ढील मिल सकती है। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है, हमें चालू वित्त वर्ष के दौरान दरों में कटौती की उम्मीद नहीं है... पहली दर में कटौती तथा रुख में और बदलाव अप्रैल 2025 में होने की संभावना है। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आरबीआई ने खाद्य मुद्रास्फीति के जोखिम के बीच अपनी पिछली द्विमासिक समीक्षा (अक्टूबर) में भी रेपो दर को नहीं बदला। एसबीएम बैंक इंडिया के ट्रेजरी प्रमुख मंदार पिताले ने कहा कि आरबीआई को दर में कटौती पर विचार करने के बजाय सीआरआर (नकद आरक्षित अनुपात) में चरणबद्ध कटौती करके नकदी बढ़ाकर वृद्धि को समर्थन देना चाहिए। हालांकि जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनी एसकेए ग्रुप के निदेशक संजय शर्मा ने कहा, रियल एस्टेट क्षेत्र एक महत्वपूर्ण बिंदु पर खड़ा है जहां संभावित रेपो दर में कटौती एक पासा पलटने वाला साबित हो सकती है।

# भारत को अब तक चीन प्लस वन रणनीति में सीमित सफलता मिली

नयी दिल्ली। भारत को अब तक चीन प्लस वन रणनीति को अपनाने में सीमित सफलता मिली है, जबकि वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया को इसका बड़ा फायदा मिला है। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया कि सस्ता श्रम, सरल कर कानून, कम शुल्क और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने में तेजी जैसे कारकों से इन देशों को अपनी निर्यात हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिली। अमेरिका ने चीन की वृद्धि और तकनीकी प्रगति पर होने वाले खर्च को सीमित करने के लिए चीनी वस्तुओं पर सख्त निर्यात नियंत्रण और उच्च शुल्क लागू किए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट - ट्रेड वॉच क्वार्टरली में कहा गया है कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बड़ा बदलाव आया और बहुराष्ट्रीय निगमों को चीनी विनिर्माण का विकल्प तलाशना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, भारत को अब तक चीन प्लस वन रणनीति को अपनाने में सीमित सफलता मिली है। हाल के वर्षों में श्रम-सघन क्षेत्रों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी घटी है। इसमें कहा गया कि भारत को प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की जरूरत है।

# सेबी ने प्रतिभूति बाजार में नॉमिनेशन सुविधाओं के लिए समान मानकों पर नियम किये अधिसूचित



नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नॉमिनेशन सुविधाओं के लिए समान मानकों को लेकर नियम अधिसूचित किए हैं। इससे खाते में नामित लोगों को सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय नहीं ले पाने वाले निवेशकों की ओर से कदम उठाने की अनुमति मिल सकेगी।

इसके अतिरिक्त, अधिसूचित नियम के तहत प्रत्येक प्रतिभागी को लाभार्थी के रूप में एक व्यक्ति को नामित करने का विकल्प प्रदान करना अनिवार्य होगा, जिसे उनकी मृत्यु के बाद उनकी प्रतिभूतियां हस्तांतरित की जाएंगी। सेबी ने अधिसूचना में कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी लाभार्थी के संदर्भ में एक व्यक्ति को नामित करने का विकल्प प्रदान करेंगे। यह सोच-विचारक निवेश नहीं करने वाले निवेशकों के मामले में उसकी ओर से लेनदेन करने के लिए अधिकृत होगा। नए नियमों का मकसद निवेशकों के लिए चीजें आसान बनाना और भारतीय प्रतिभूति बाजार में नॉमिनेशन सुविधाओं के लिए एक समान मानक लागू करना है। संयुक्त स्वामित्व के मामले में, मालिक सामूहिक रूप से किसी व्यक्ति को नामित कर सकते हैं जो सभी संयुक्त प्रतिभागियों की मृत्यु के बाद प्रतिभूतियों का हकदार होगा। इसके अलावा, डिपॉजिटरी और प्रतिभागियों को संबंधित व्यक्ति की तरफ से उपलब्ध कराये गये नॉमिनेशन के आधार पर किसी भी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा।

सेबी ने इस आशय में डिपॉजिटरी एंड पार्टिसिपेंट्स विनियमों में संशोधन किया है। यह 28 नवंबर से प्रभावी हो गया है।

# डीआरआई ने बीते वित्त वर्ष में 2,242 करोड़ के प्रतिबंधित सामान जब्त किये

नयी दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने पिछले वित्त वर्ष में 2,242 करोड़ रुपये मूल्य के लगभग 8,224 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थों को जब्त किया है।

पिछले पांच वर्षों में कोकीन की जब्ती में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डीआरआई ने अवैध रूप से लाए गए 1,319 किलोग्राम सोने को भी जब्त किया है। इसके साथ देश की पूर्वी सीमाओं, खासकर बांग्लादेश और म्यांमा के रास्ते होने वाली तस्करी भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन गई है। डीआरआई के 67वें स्थापना दिवस पर जारी भारत में तस्करी रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के वर्षों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने याबा के चलन में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इस शक्तिशाली गोली में मेथमफेटामाइन और कैफीन का मिश्रण होता है, जिसका अधिकांश उत्पादन म्यांमार में होता है। याबा को पागल बनाने वाली दवा भी कहा जाता है। यह गंभीर लत लगाने की क्षमता और स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभावों के लिए बदनाम है। इसकी पूरे क्षेत्र में खासी मात्रा में जब्ती हुई है। वित्त वर्ष 20223-24 में अधिकारियों ने 974.78 करोड़ रुपये मूल्य की 107.31 किलोग्राम कोकीन जब्त की।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि में मामूली गिरावट



नयी दिल्ली। देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नवंबर में मामूली गिरावट के साथ 58.4 रह गई, जबकि इस क्षेत्र में रोजगार में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक अक्टूबर के 58.5 से नवंबर में मामूली गिरावट के साथ 58.4 रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों की वृद्धि दर नवंबर में 58.4 रही जो पिछले महीने के 58.5 से केवल थोड़ा सा कम है। नवंबर में सेवा क्षेत्र में रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह 2005 में इस सर्वेक्षण के शुरू होने के बाद से अभी तक की सबसे तेज गति से बढ़ा। भंडारी ने कहा कि नियुक्तियों में उछाल क्षेत्र में कारोबारी आत्मविश्वास में सुधार, नए ऑर्डर में वृद्धि तथा जोरदार अंतराष्ट्रीय मांग दर्शाता है... सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने अपनी सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार का संकेत देना जारी रखा, जबकि नए निर्यात ऑर्डर में तीन महीनों में सबसे तेज वृद्धि हुई, लेकिन यह वर्ष के मध्य में देखी गई वृद्धि से काफी कम है।

कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ, श्रम लागत ने मुद्रास्फीति पर दबाव डाला। कुल मिलाकर व्यय तथा आउटपुट शुल्क क्रमशः 15 महीनों और लगभग 12 वर्षों में सबसे तेज दर से बढ़े।

# देश में 2022-27 तक बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 14.54 लाख करोड़ की आवश्यकता

नयी दिल्ली। देश में 2022-2027 के दौरान बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 14.54 लाख करोड़ रुपये के कोष की आवश्यकता है।

इसमें 2027 से 2032 में चालू होने वाली परियोजनाओं के लिए व्यय भी शामिल है। बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि 2026-27 के लिए अखिल भारतीय स्तर पर अनुमानित विद्युत ऊर्जा आवश्यकता और अधिकतम बिजली मांग क्रमशः 1908 अरब यूनिट और 277 गीगावाट अनुमानित है। ये अनुमान मंगलवार शाम विद्युत मंत्रालय से संबंधित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक के दौरान व्यक्त किए गए। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बैठक की अध्यक्षता की थी। बयान में कहा गया, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा प्रकाशित 20वें बिजली सर्वेक्षण (ईपीएस) रिपोर्ट के अनुसार 2031-32 तक अधिकतम मांग और ऊर्जा आवश्यकता करीब 366 गीगावाट और 2474 अरब यूनिट रहने का अनुमान है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ऊर्जा भंडारण क्षमता एक महत्वपूर्ण पहलू है। 2026-27 तक 16.13 गीगावॉट ऊर्जा भंडारण क्षमता की आवश्यकता है। इसमें 7.45 गीगावॉट क्षमता के पीएसपी (पंप स्टोरेज) और 8.68 गीगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) शामिल है। इसमें कहा गया, कुल क्षमता वृद्धि के अनुमान देश के 2029-30 तक 500 गीगावाट की हरित ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप हैं। मंत्रालय ने कहा कि 2022-2027 की अवधि के लिए कुल निधि की आवश्यकता 14,54,188 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें 2027-32 के दौरान चालू होने वाली परियोजनाओं के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए 2022-27 के बीच संभावित व्यय भी शामिल है। सांसदों ने विभिन्न पहलों तथा योजनाओं के बारे में कई सुझाव दिए। उन्होंने महत्वाकांक्षी हरित ऊर्जा लक्ष्यों और बिजली उत्पादन क्षमता में उपलब्धियों के लिए योजना की सराहना भी की। बैठक में भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और किसानों के मुआवजे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## लाइफलांग फिटनेस एंड वेलनेस स्टोर का लखनऊ में शुभारंभ



लखनऊ। अलीगंज लखनऊ में लाइफलोंग फिटनेस एंड वेलनेस स्टोर का भव्य उद्घाटन बेहद उत्साहपूर्ण रहा। फिटनेस प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय यह आयोजन, मशहूर फिटनेस आइकॉन मिलिंद सोमन की उपस्थिति के कारण और भी खास बन गया। उन्होंने फीता काटकर इस नए स्टोर का उद्घाटन किया और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। लाइफलोंग ऑनलाइन रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीओओ वरुण ग्रोवर ने कहा कि हमें लखनऊ में इस स्टोर के शानदार स्वागत से बेहद खुशी है। यह लॉन्च हमारे उस मिशन का हिस्सा है, जिसमें हम लखनऊ के लोगों के लिए किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस एवं वेलनेस उत्पाद उपलब्ध कराना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ फिटनेस को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि इसे लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बनाना है।

## पेज एक का शेष

### ईरान के

इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के बाद की गई यह कार्वाई तेहरान पर एक और चोट है। ईरान ने 11 अक्टूबर को लगाए गए प्रतिबंधों के बाद परमाणु कार्यक्रमों को तेज करने की घोषणा की है। आतंकवाद और वित्तीय खुफिया विभाग के कार्यवाहक अवर सचिव ब्रैडली टी स्मिथ ने कहा कि ईरान अपने पेट्रोलियम व्यापार से होने वाले राजस्व को परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के प्रसार तथा आतंकवादियों पर खर्च कर रहा है, जिससे क्षेत्र में और अधिक अस्थिरता पैदा होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने सभी संसाधनों और प्राधिकारों का इस्तेमाल कर इन अवैध गतिविधियों को सरंक्षण देने वाले जहाजों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वर्ण मंदिर

पूर्व मुख्यमंत्री बादल को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है।

पुलिस ने हमलावर की पहचान डेरा बाबा नानक निवासी और एक पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की तथा हमले के बाद सुरक्षा अधिकारी उसे अपने साथ ले गए और उसे गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस की सतर्कता के कारण बादल पर हमला विफल कर दिया गया। आयुक्त ने कहा कि पुलिस अधिकारी रशपाल सिंह ने चौरा के आगे बढ़ते समय इस ओर ध्यान दिया कि वह एक पूर्व आतंकवादी है और उसका एक आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि जब चौरा ने हथियार निकाला तो सहायक उप-निरीक्षक जसबीर सिंह और एक अन्य पुलिस अधिकारी परमिंदर सिंह ने चौरा के हाथ पकड़ लिए जिससे उसका निशाना चूक गया।

भुल्लर ने कहा कि नारायण सिंह चौरा को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की हर कोण से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि चौरा से पूछताछ के बाद हमले के पीछे का मकसद पता चलेगा। उन्होंने कहा कि वह स्वर्ण मंदिर में अकेले ही आया था। एक सवाल के जवाब में भुल्लर ने कहा कि मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाएं जुड़ी होने के कारण पुलिस तलाशी नहीं ले सकती। भुल्लर ने बताया कि स्वर्ण मंदिर परिसर में एक सहायक महानिरीक्षक के नेतृत्व में करीब 175 पुलिसकर्मी तैनात हैं। एएसआई जसबीर सिंह के साहसी कार्य की हर तरफ से प्रशंसा हो रही है। सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि वह केवल अपना कर्तव्य निभा रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त हरपाल सिंह ने कहा कि पुलिस पूरी तरह से सतर्क थी।

### नौसेना की

समुद्र सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा साझेदार और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में हमारी प्रतिष्ठा की पुष्टि करती है। भारतीय नौसेना हर साल 4 दिसंबर को नौसेना दिवस के रूप में मनाती है ताकि भारतीय नौसेना की भूमिका को मान्यता दी जा सके और 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' में इसकी उपलब्धियों का स्मरण किया जा सके।

### संभल का

से जुड़े उपद्रवियों से सख्ती से निपटें। जिन्होंने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उसे वापस ठीक कराने का खर्च उन्हीं उपद्रवियों से वसूला जाए। अराजकता फैलाने वालों के पोस्टर लगाएं। लोगों का सहयोग लें, सर्च ऑपरेशन चलाएं और एक भी उपद्रवी बचना नहीं चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज महाकुंभ होगा। देश-दुनिया में इसको लेकर उत्साह है। आस्था और श्रद्धा से जुड़ा यह पर्व शांति से हो। महाकुंभ को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखने की तैयारी है। इसके लिए जिला, तहसील, थाना स्तर पर लोगों को जानकारियां दें। प्रयाग आने वाले श्रद्धालुओं को बताएं कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा न करें।

### नया भारत तय

है। सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मन रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाने का। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को वर्तमान दौर में तकनीकी के प्रयोग की अपरिहार्यता से भी अवगत कराया। साथ ही नसीहत दी कि तकनीकी का इस्तेमाल जीवन को सरल और सहज बनाने के लिए जरूरी है लेकिन यह ध्यान भी रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से नहीं। हम खुद को तकनीकी के अनुरूप और तकनीकी को अपने अनुरूप तैयार करें। सीएम योगी ने कहा कि हर कालखंड में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विश्व के सौ प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रमुख एक्जीक्यूटिव की बात करें तो इसमें सबसे बड़ी संख्या भारतीय नौजवानों की है। सीएम ने कहा कि ये नौजवान पूरी दुनिया में अपनी तकनीकी ज्ञान का लोहा मनवा रहे हैं।

### फडणवीस होंगे

तक इंतजार करें। अजित पवार ने बीच में ही कहा कि वह (उपमुख्यमंत्री के रूप में) शपथ लेने जा रहे हैं, जिस पर वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। शिंदे ने उसी लहजे में चुटकी लेते हुए कहा कि उनके पास अनुभव है। वह सुबह के साथ-साथ शाम को भी शपथ ले सकते हैं। शिंदे का इशारा स्पष्ट रूप से अजित पवार द्वारा तड़के शपथ लेने की ओर था, जब 2019 में भाजपा और उनके नेतृत्व वाले राकांपा गुट ने अल्पकालिक सरकार बनाई थी। फडणवीस ने बताया कि शिवसेना और राकांपा के अलावा राष्ट्रीय समाज पक्ष, जनसुराज्य शक्ति पार्टी, युवा स्वाभिमान पक्ष के रवि राणा और दो अन्य निर्दलीय विधायकों ने उन्हें समर्थन पत्र सौंपा है। शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार शाम 5:30 बजे दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों के अलावा राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। अजित पवार ने कहा कि नई सरकार एकजुट होकर काम करेगी, जबकि शिंदे ने कहा कि वह अपने ढाई साल के कार्यकाल से संतुष्ट हैं, जिसके दौरान कल्याणकारी उपायों और विकास के एजेंडे को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाया गया। शिंदे ने कहा कि हम एक टीम के रूप में काम करेंगे। भारी जनादेश के कारण हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। महायुति गठबंधन ने पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीटें जीतकर प्रचंड जीत हासिल की थी।

### उत्तराखंड को मिल

उपलब्ध कराने में राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी। दो वर्ष की तय समय सीमा में इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

### संभल जाने से

का नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। फिर भी मुझे रोका गया। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा क्यों डरी हुई है। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पुलिस को आगे क्यों कर रही है? सच्चाई और भाईचारे के संदेश को क्यों दबा रही है? राहुल के साथ मौके पर मौजूद उनकी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी राहुल को रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवाददाताओं से कहा, संभल में जो हुआ, वह गलत है। राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके संवैधानिक विशेषाधिकार हैं, जो बाकी लोगों से अलग हैं। उनको रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में संवैधानिक अधिकार मिले हैं। उन्हें पीड़ितों से मिलने जाने दिया जाए। वहीं गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संभल में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी, जिसे जिलाधिकारी ने बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया। इससे पहले कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने लखनऊ में संवाददाताओं को बताया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं नजरबंद हूं। यह सरकार की गुंडागर्दी और अराजकता है।

### बॉयलर विधेयक

कारोबार में सुगमता को जिस तरह आगे बढ़ाया गया है उससे देश में काम करना आसान हुआ है और निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बॉयलर विधेयक 2024 में कारोबार सुगमता का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि कारोबार सुगमता के लिए, विधेयक एमएसएमई क्षेत्र सहित बॉयलर उपयोगकर्ताओं को लाभान्वित करेगा, क्योंकि विधेयक में गैर-अपराधीकरण से संबंधित प्रावधानों को शामिल किया गया है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

### मुरादाबाद के

कारण पहचानना मुश्किल हो रहा है। संभल में जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने की याचिका पर सर्वे के कोर्ट के आदेश पर हिंसा हो गई थी।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट कठोर लगता है : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम कठोर प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मई 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है। पीठ ने अपील स्वीकार करते हुए कहा कि यह अधिनियम कठोर प्रतीत होता है। हम इस पर विचार करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष नवंबर में मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य से याचिका पर जवाब मांगा था और कहा था कि अस्थायी अंतरिम आदेश के माध्यम से गैंगस्टर एक्ट के तहत याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। बुधवार को याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि गंगा नदी में अवैध खनन के आरोप में 1986 के अधिनियम के प्रावधानों के तहत उस पर मामला दर्ज किया गया है। वकील ने तर्क दिया कि इससे पहले कथित अवैध खनन से संबंधित एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने एक ही आरोप के लिए मुझ पर दो बार मामला दर्ज किया है। इस पर राज्य की ओर से पेश वकील ने 1986 के अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया। पीठ ने कहा कि इस पर विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही पीठ ने कहा कि अधिनियम के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक अन्य याचिका भी उसके समक्ष लंबित है। उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि उसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है।




## संक्षेप

### रीयल कश्मीर ने दिल्ली एफसी को 2-1 से हराया

श्रीनगर। रीयल कश्मीर एफसी ने बुधवार को यहां आईलीग फुटबॉल मैच में दिल्ली एफसी को 2-। से हराया जो टीम की घरेलू मैदान पर तीन मैच में दूसरी जीत है। रीयल कश्मीर की ओर से टीआरसी फुटबॉल टर्फ मैदान पर बोबा अमिनोउ (72वें मिनट) और लालरमदिनसांगा राल्टे (84वें मिनट) ने गोल दागे। दिल्ली की टीम के लिए एकमात्र गोल स्टीफन समीर बिनोंग ने 89वें मिनट में किया। रीयाल कश्मीर ने मौजूदा सत्र में अब तक अपने तीनों मुकाबले अपने घरेलू मैदान पर खेले हैं और उसके तीन मैच में सात अंक हैं। दिल्ली की टीम को दूसरी हार का सामना करना पड़ा और उसका सिर्फ एक अंक है।

### लखनऊ जिला क्रास कंट्री टीम का ट्रायल 7 को

लखनऊ। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ क्रास कंट्री टीम के चयन के लिए सलेक्शन ट्रायल 7 दिसंबर 2024 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सुबह 6 बजे से होगा। सलेक्शन ट्रायल के दौरान पुरुष व महिला सीनियर (10 किमी.), अंडर-20 बालक (8 किमी.) व बालिका (6 किमी.), अंडर-18 बालक (6 किमी.) व बालिका (4 किमी.) और अंडर-16 बालक व बालिका (2 किमी.) की स्पर्धा के लिए चयन होगा। चयन के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड व एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-20 आयु वर्ग में 16-1-2005 से 15-1-2007 के बीच, अंडर-18 आयु वर्ग में 16-1-2007 से 15-1-2009 से और अंडर-16 आयु वर्ग में 16-1-2009 से 15-1-2011 में जन्म होना चाहिए। इस ट्रायल के माध्यम से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 दिसंबर को होने वाली 59वीं यूपी स्टेट वार्षिक क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024-25 में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ टीम का चयन होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरूण (मोबाइल नः 9415027942) से संपर्क कर सकते हैं।

### अब्बास की तीन साल बाद पाक टीम में वापसी

इस्लामाबाद। तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास की दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मुकाबलों के लिए तीन साल बाद पाक टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी दौरे पर सिर्फ सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेलेंगे। अब्बास ने पाकिस्तान के लिए 25 टेस्ट में 90 विकेट चटकाए हैं लेकिन 2021 में जमैका टेस्ट के बाद वह पाकिस्तान के लिए लाल गेंद के प्रारूप में नहीं खेले हैं। चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद ने बताया कि अफरीदी को चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रखने के लिए टेस्ट टीम शामिल नहीं किया गया। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो घरेलू टेस्ट से बाहर रहे नसीम शाह, खुर्म शहजाद और बाएं हाथ के मीर हमजा तेज गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी संभालेंगे। पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे की शुरुआत अगले मंगलवार से होगी जिसमें सबसे पहले तीन टी20, फिर इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और फिर सेंचुरियन तथा केपटाउन में दो टेस्ट मैच होंगे।

### हीरो वर्ल्ड क्लासिक गोल्फ में भारतीय खिलाड़ियों पर होगी नजरें

अल्बानी (बहामास)। दिग्गज टाइगर वुड्स की गैरमौजूदगी में विश्व के नंबर एक और मौजूदा चैंपियन स्कॉटी शेफलर गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ में एक बार फिर से खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। इस प्रतियोगिता के पांच बारे के चैम्पियन वुड्स सितंबर में हुई अपनी सर्जरी से उबर रहे हैं। उन्होंने इसका पिछला खिताब 2011 में जीता था। वह पिछले सत्र में 18वें पायदान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक का स्वर्ण जीतने वाले शेफलर इस साल के फेडएक्स कप चैंपियन भी है। वह पीए टूर पर इस सत्र में सात खिताब जीतने के बाद लगातार तीन बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर वुड्स की बराबरी कर की राह पर है।

# भारत एशिया कप के सेमीफाइनल में

## अंडर-19 : सूर्यवंशी और आयुष के अर्धशतक, भारत ने यूएई को हराया

एजेंसी



शारजाह। तेरह साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे के अर्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां ग्रुप ए में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज युद्धजीत गुहा भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। चेतन शर्मा (27 रन पर दो विकेट) और ऑलराउंडर हार्दिक राज (28 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत ने इसके जवाब में सूर्यवंशी (46 गेंद में नाबाद 76) और आयुष (51 गेंद में नाबाद 67) के बीच पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए 143 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के मारे जबकि आयुष ने चार छक्के और इतने ही चौके जड़े। भारत ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप के पहले मैच में 43 रन की निराशाजनक हार के साथ की थी लेकिन फिर जापान की कमजोर टीम को 211 रन से हराया था। भारत सेमीफाइनल में ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे श्रीलंका से भिड़ेगा जबकि ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा पाकिस्तान शुक्रवार को बांग्लादेश से खेलेगा। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों ग्रुप चरण में अजेय रहे।

# ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराना भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती



ब्रिसबेन । भारत और आस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें आस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-। से हराया। आस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-। से हराया था। वहीं पिछले करीब नौ महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगाा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाये हैं। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल अठारह में से तेरह वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा। मैकग्रा ने कहा, भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई।

उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी। वहीं खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं मिल सकी है जिन्होंने अक्टूबर में यूएई में हुए टी टवेंटी विश्व कप में चार पारियों में सिर्फ 97 रन बनाये। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए तीन मैचों में भी वह 33, 11 , 12 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे श्रृंखला में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थी। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देने का उनके पास यह सुनहरा मौका है।

# पंत ने टेस्ट क्रिकेट को आसानी से अपना लिया : राहुल द्रविड़

एजेंसी



मुंबई। पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ज षभ पंत ने तुरंत भर दिया जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे बत्तख पानी को अपनाती है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने गाबा में चौथे टेस्ट में 89 रन की मैच विजयी पारी खेली और श्रृंखला में 274 रन बनाकर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 2-। की जीत में अहम भूमिका निभाई। द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा।

उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन। भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने कहा, पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम इतनी कमजोर थी, उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना - बेहद शानदार वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है। उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भी।-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है लेकिन 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी के संदर्भ में द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उन्हें अब भी श्रृंखला नहीं जीत पाने का मलाल है। द्रविड़ ने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में जिस तरह का प्रदर्शन किया है - वहां श्रृंखला जीतना बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, मेरा या भारत का प्रदर्शन चाहे कितना भी शानदार रहा हो, हम श्रृंखला नहीं जीत पाए।

# बांग्लादेश ने 15 साल बाद चखा जीत का स्वाद

एजेंसी



किंग्सटन (जमैका) । बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराकर पिछले 15 साल में पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट मैच जीता। वेस्टइंडीज की टीम जीत के लिए 287 रनों का पीछा करते हुए दो सत्र से भी कम समय में 185 रन पर ऑल आउट हो गयी। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम दो मैचों की श्रृंखला को।-। से बराबर करने में सफल रही। यह वेस्टइंडीज में टीम की तीसरी जीत है। टीम ने इससे पहले 2009 में दो मैचों की श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया था।

इस मैच से पहले बांग्लादेश को वेस्टइंडीज में अपने पिछले सात टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसमें मौजूदा श्रृंखला का पहला मैच भी शामिल था। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के पास दूसरी पारी में ताइजुल इस्लाम की फिरकी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्हें हसन महमूद और तस्कीन अहमद का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने दो-दो विकेट चटकाये जबकि नाहिद राणा को एक सफलता मिली। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज क्रेग बेथवेट ने 43 और केवम हॉज ने 55 रन की पारी खेली। अपने आखिरी छह विकेट 42 रन के अंदर गंवा दिये। हॉज के आउट होते ही टीम की पारी पूरी तरह से लड़खड़ा गयी। इससे पहले बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 193 रन से की। प्लेयर ऑफ द मैच जाकेर अली ने 91 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को 268 रन तक पहुंचाया। उन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ एक छोर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 106 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में 164 रन के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 146 रन पर आउट हो गयी थी।

**मुझे उम्मीद है कि मिचेल मार्श एडिलेड में गेंदबाजी करेंगे: लियोन**

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने उम्मीद जताई की हरफनमौला मिचेल मार्श भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में गेंदबाजी करेंगे और अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह कुछ अतिरिक्त ओवर करने के लिए तैयार रहेंगे। मार्श बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में चोटिल हो गये थे। मार्श ने इस मैच में 19.3 ओवर गेंदबाजी की थी। भारत ने इस मैच को 295 रन से जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने मार्श के विकल्प के तौर पर हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल किया है लेकिन ऐसा लग रहा है कि मार्श एकादश में अपनी जगह बनाये रखेंगे। लियोन ने बुधवार को कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि हम मिचेल मार्श को गेंदबाजी करते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा मुझे बाइसन (मार्श) की फिटनेस की चिंता नहीं है। उसने जब से टेस्ट टीम में वापसी की है तब से वह हमारे लिए शानदार रहा है।

# लखनऊ हीरोज ने जीता कृष्णा साईं 100 बॉल दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

> बेस्ट फील्डर निखिल बेस्ट बॉलर अक्षांश बेस्ट बैट्समैन विंटू यादव के शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। सीएसडी क्रिकेट अकैडमी गोमती नगर लखनऊ के मैदान पर दिव्यांग फाउंडेशन द्वारा आयोजित कृष्णा साईं यूपी 100 बॉल दिव्यांग प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में लखनऊ हीरोज ने गोरखपुर टाइगर्स को 6 विकेट से हराकर टूनार्मेंट का टाइटल अपने नाम किया वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे के अवसर पर आयोजित टूनार्मेंट में कल लखनऊ हीरोज के कप्तान नफीस सिद्दीकी ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया नफीस का यह फैसला टीम के फेवर में नहीं रहा गोरखपुर फाइटर ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया निर्धारित अवरों की समाप्ति पर चार विकेट खोकर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया इसमें रमेश पाल ने 31 गेंद खेलकर 44 रन विष्णु राजपूत 22 गेंद में शानदार 32 रन निखिल शुक्ला ने 31 तथा कप्तान जेपी सिंह के 21 रनों का योगदान रहा लखनऊ हीरोज की ओर से अक्षांश चौधरी और तनवीर अहमद ने एक-एक विकेट लिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम की शुरूआत बहुत ज्यादा अच्छी नहीं रही गोरखपुर टाइगर्स ने शुरू से ही लखनऊ पर दबाव बनाया और प्रारंभिक बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने आए विंटू यादव ने साथ जबरदस्त चाको की मदद से मात्र 20 गेंद में 62 रन की पारी खेलकर लखनऊ हीरोज को जीत की दहलीज पर लाकर रख दिया इसके अलावा तनवीर अहमद ने धैर्य पूर्वक खेलते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई और 31 गेम खेल कर 39 रन नॉट आउट बनाए इसके अलावा महताब अली ने 22 गेंद पर 31 रन खेलकर लखनऊ को जीत दिला दी गोरखपुर टाइगर्स की ओर से रमेश पाल ने दो जेपी सिंह और निखिल शुक्ला को एक-एक विकेट मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ हीरोज की जीत के नायक विंटू यादव को दिया गया पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ओशिम खेतरपाल साईं बाबा फेम द्वारा किया गया टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार अक्षांश चौधरी सर्वश्रेष्ठ क्षे क्षेत्ररक्षक निखिल शुक्ला और सक्सेस बल्लेबाज विंटू यादव को दिया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओशिम खेतरपाल ने टूनार्मेंट के शानदार आयोजन की सराहना करी एवं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी उन्होंने अगले 40 दिनों में कर टूनार्मेंट और आयोजन करने का आश्वासन दिया है।

# हरमनप्रीत को शेफाली के लय में लौटने की उम्मीद



एजेंसी

ब्रिसबेन। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की एकदिवसीय टीम में शामिल नहीं की गयीं युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि वह अगले साल घरेलू सरजमीं पर होने वाले महिला विश्व कप से पहले लय हासिल कर लेंगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में टीम को शेफाली के अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की सेवाएं नहीं मिलेंगी। यास्तिका को महिला बिग बैश लीग के दौरान कलाई में चोट लग गई थी। श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर हरमनप्रीत ने कहा, वह (शेफाली) हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और उसने देश के लिए असाधारण प्रदर्शन किये हैं। हम उसे अपने जोन (लय) में वापस आते और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। यास्तिका की जगह युवा उमा छेत्री को शामिल किया गया है जबकि तीन मैचों की श्रृंखला में रिचा घोष, हरलीन देयोल, टिटास साधु और मिन्नू मनी की वापसी हुई है। हरमनप्रीत ने कहा, हम जब भी खेलते हैं, हमारा लक्ष्य जीतना होता है और यह श्रृंखला भी अपवाद नहीं है। यह देखकर अच्छा लगता है कि हमारी टीम एकदिवसीय प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और हम इसी लय को बरकरार रखना चाहते हैं।

भारतीय कप्तान ने कहा, सभी मैच महत्वपूर्ण हैं, और हम अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की पहचान करने के लिए विभिन्न संयोजनों की कोशिश करेंगे। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमारा लक्ष्य उभरते खिलाड़ियों को मौका देने के साथ अनुभवी खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लेना है। हम उन खिलाड़ियों को चुनने पर ध्यान केंद्रित करेंगे जो विश्व कप के दौरान घरेलू परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला को 2-। से जीतकर ऑस्ट्रेलिया पहुंची है लेकिन इस देश में टीम ने 16 में से सिर्फ चार मैचों में जीत दर्ज की है। टीम को 2021 के पिछले दौरे पर।-2 से हार का सामना करना पड़ा था। हरमनप्रीत ने कहा, हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। यहां परिस्थितियां अलग हैं और हम जल्दी से जल्दी अनुकूल होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी किसी भी अन्य प्रारूप की तुलना में वनडे खेलने का अधिक लुत्फ उठाते हैं। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसका हम हमेशा इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा, भारत में होने वाले विश्व कप के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने कौशल को परखने का शानदार मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया को हमेशा बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, हमने यहां दो दिनों तक अभ्यास किया है और खुद को जल्दी ढालने की कोशिश कर रहे हैं।

# भारतीय टीम शानदार खिलाड़ियों का समूह : लियोन

एजेंसी



एडिलेड। अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने बुधवार को कहा कि भारत सितारों (बेहतरीन खिलाड़ियों) की टीम है और ऑस्ट्रेलिया का ध्यान सिर्फ जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली जैसे असाधारण खिलाड़ियों का मुकाबला करने की जगह पूरी टीम पर है जो अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट को भारत ने 295 रन से जीतकर शानदार आगाज किया है।

इस मैच में कोहली और बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया था। लियोन ने पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट से पहले कहा, मैं भारतीय टीम को देखता हूं तो वह सुपरस्टार्स का एक समूह दिखता है। क्रिकेट हालांकि एक टीम खेल है। इसमें जीतने के लिए पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होता है। भारत में बुमराह के साथ कुछ और असाधारण खिलाड़ी हैं, लेकिन यह सिर्फ दिग्गज खिलाड़ियों के बारे में नहीं है। लियोन ने गुलाबी गेंद से टीम के अभ्यास सत्र के इतर कहा, भारतीय टीम के बाकी खिलाड़ी भी अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं। वे एक बेहतरीन क्रिकेट टीम हैं। हम सिर्फ किसी एक खिलाड़ी पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, शुक्रवार को मैदान पर उतरने वाले हर भारतीय क्रिकेटर के लिए हमारे मन में सम्मान होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि हम प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम अपने तरीके का क्रिकेट खेलने और एक बेहतरीन टीम के खिलाफ कड़ी प्रतिस्पर्धा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। भारत दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम टेस्ट में 536 विकेट हैं लेकिन भारत ने पर्थ टेस्ट मैच में उनकी जगह हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को एकादश में मौका दिया था।

लियोन के लिए यह फैसला चौंकाने वाला था। उन्होने कहा, यह चौंकाने वाला था लेकिन इससे पता चलता है कि उनकी टीम में किस स्तर के खिलाड़ी है। अश्विन के नाम 530 से ज्यादा विकेट है, रविंद्र जडेजा के नाम 300 से ज्यादा टेस्ट विकेट है। ऐसे में उनकी टीम में वैकल्पिक खिलाड़ियों के स्तर का पता चलता है। उन्होंने कहा, वे किसका चयन करते है उस पर मेरा नियंत्रण नहीं है। वे जिसके साथ भी मैदान पर उतरे यह अच्छी चुनौती होगी।

लियोन को हालांकि पर्थ में पदार्पण करने वाले नीतिश कुमार रेड्डी के उनके खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये से कोई आश्चर्य नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, मैं इससे आश्चर्यचकित नहीं था। वह बाउंड्री लगाने की कोशिश कर रहा था, इससे मुझे विकेट लेने का मौका मिलता है। उम्मीद है मुझे ऐसे कुछ और मौके मिलेंगे।

**गुलाबी गेंद को गेंदबाज के हाथ से समझना चुनौतीपूर्ण: राहुल**

एडिलेड। अपने पहले दिन-रात्रि टेस्ट की तैयारी कर रहे भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल यह परखने में सफल रहे हैं कि गुलाबी कूकाबुरा गेंद तेज गति से आती है, क्षेत्ररक्षण करते समय हाथों पर अधिक जोर से लगती है और गेंदबाज के हाथ से इसे समझना काफी मुश्किल है।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 77 रन बनाकर टीम को 295 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले राहुल गुलाबी गेंद से अभ्यास सत्र के दौरान अधिक से अधिक सीखने की कोशिश कर रहे हैं।

# चीन से करेंगे वार्ता, घटायेंगे तनाव

## जयशंकर के बयान पर विपक्ष ने मांगी स्पष्टीकरण की अनुमति, सभापति धनखड़ ने किया अस्वीकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत-चीन संबंधों पर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अपेक्षित और महत्वपूर्ण है तथा दोनों पक्ष आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन और तनाव कम करने पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में जयशंकर नै चीन के साथ भारत के संबंधों में हाल के घटनाक्रमै पर एक बयान देते हुए यह भी कहा कि पूर्वी लद्दाख में चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत सैनिकों की वापसी का काम संपन्न हो गया है, जो अभी देपसांग और डेमचोक में पूरी तरह संपन्न होना है।

इससे पहले मंगलवार को उन्होंने लोकसभा में भी ऐसा ही बयान दिया था। भारत-चीन संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और गलवान घाटी की झड़प के बारे में विदेश मंत्री ने बयान में कहा कि 2020 के घटनाक्रम का भारत और चीन के संबंधों पर असर पड़ा जो असामान्य रहे, जब चीन की कार्वाइयों की वजह से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बाधित हुई। जयशंकर का बयान पूरा होने के बाद, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी सदस्यों ने स्पष्टीकरण पूछने की अनुमति मांगी जिसे सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इस पर आपत्ति जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा से बहिर्गमन किया।

उन्होंने कहा कि भारत इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट था कि सभी परिस्थितियों में तीन प्रमुख सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने तीनों सिद्धांतों के बारे में कहा, दोनों पक्षों को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए, किसी भी पक्ष को यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास नहीं करना चाहिए और अतीत में हुए समझौतों का और समझ का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से रिश्ते नकारात्मक रूप से प्रभावित भी हुए हैं।

हम स्पष्ट हैं कि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक शर्त है। आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। जयशंकर ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सैनिकों की वापसी का कार्य पूरा होने के साथ, अब हमें उम्मीद है कि शेष मुद्दों के संबंध में चर्चा शुरू होगी जिन्हें हमने एजेंडे में रखा था। उन्होंने कहा, सैन्य वापसी के बाद अब हमें अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए, अपने द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर विचार करने का अवसर मिला है। जयशंकर का विस्तृत बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय और चीनी सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले दो अंतिम स्थानों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है, जिससे पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य टकराव प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है। विदेश मंत्री ने कहा, अगली प्राथमिकता तनाव कम करने पर विचार करने की होगी, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की तैनाती और उनके साथ अन्य लोगों की तैनाती का मुद्दा भी होगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने आयुर्वेद में सघन अनुसंधान का किया आह्वान



पुरी (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को आयुर्वेद में कई रोगों का इलाज मौजूद होने को रेखांकित करते हुए उसमें सघन अनुसंधान की जरूरत पर बल दिया। यहां गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के 75 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि योग और प्रकृति से जुड़े रहकर व्यक्ति आजीवन रोगमुक्त रह सकता है। राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के विद्यार्थियों से अनुसंधान करने का आह्वान करते हुए कहा, अनुसंधान किसी भी प्रद्धति को वैज्ञानिक आधार देने में सक्षम है। सबूत से लोगों में विश्वास का वातावरण बनता है और इसी विश्वास से स्वीकार्यता के मार्ग में विस्तार होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ खास रोगों के उपचार के लिए आदिवासियों के बीच प्रचलित उपचार पद्धति के बारे में पता है। उन्होंने कहा कि कुछ बुजुर्ग जनजातीय लोग विभिन्न बीमारियों और उनके इलाज के लिए आवश्यक जड़ी-बूटियों के बारे में जानते हैं।

ओडिशा के मयूरभंज जिले में संथाल समुदाय से संबंधित मुर्मू ने कहा, लेकिन पारंपरिक ज्ञान धीरे-धीरे गायब हो हो रहा है। मैं आशा करती हूं कि आपमें से कुछ को उस उपचार के वैज्ञानिक आधार को खंगालने में दिलचस्पी होगी। ऐसा कर इस पद्धति को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है और वह समाज के लिए लाभप्रद भी हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि वह विद्यार्थियों एवं अनुसंधानकर्ताओं का ध्यान राज्य संग्रहालय में संजोकर रखी गयीं ताड़पत्र पांडुलिपियों की ओर आकृष्ट करना चाहेंगी जिनमें आयुर्वेद के बारे में कई सूचनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई लोगों के घरों में भी ताड़पत्र पांडुलिपियां हैं।

संक्षेप

## गृहमंत्री अमित शाह से मिलीं प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को केरल के कई लोकसभा सदस्यों के साथ गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और वायनाड में भूस्खलन प्रभावित लोगों की मदद का आग्रह किया। संसद भवन परिसर स्थित शाह के कार्यालय में यह मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान केरल से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस, आईयूएमएल और आरएसपी के सांसद के मौजूद थे। शाह से मुलाकात के बाद वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से कहा, हमने गृह मंत्री जी से मिलकर उन्हें वायनाड के हालात से अवगत करवाया है। वहां के लोगों के जीवन पर भूस्खलन का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों के परिवार और घर उजड़ गए हैं, उनके पास कोई सहयोग तंत्र नहीं बचा है। उन्होंने कहा, इन हालात में केंद्र सरकार अगर कुछ न करे, तो लोग किससे उम्मीद करेंगे। हमने गृह मंत्री जी से अपील की है कि राजनीति को परे वायनाड के लोगों की मदद की जाए। कांग्रेस महासचिव ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां पीड़ितों से मिले थे, तब लोगों को मदद की उम्मीद जगी थी, लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिल पाई है। वायनाड में इस साल जुलाई में भूस्खलन के कारण भारी तबाही हुई थी जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी से मिले ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त, विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और दोनों देशों के संबंधों तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।

ओएम ने मंगलवार को 10 जनपथ पर राहुल गांधी से मुलाकात की और बुधवार को इस मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा की। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ एक सार्थक और विचारशील बातचीत हुई। भारत, ऑस्ट्रेलिया, हिंद-प्रशांत और दुनिया के बारे में बात हुई। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने कहा कि दोनों देशों की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा करने के लिए बहुत कुछ है।

# बुलेट ट्रेन, मेट्रो कार शेड प्रोजेक्ट में देरी के लिए एमवीए सरकार जिम्मेदार

एजेंसी



मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार पर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन और आरे कॉलोनी में मुंबई मेट्रो कार शेड सहित महाराष्ट्र में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में रोड़े अटकाने का आरोप लगाया। सीतारमण ने दावा किया कि कांग्रेस, अविभाजित शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क की समस्याओं को हल करने का प्रयास किये जाने पर भी बाधाएं उत्पन्न कीं। सीतारमण ने राज्य भाजपा विधायक दल की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में देवेंद्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया और अब वह भाजपा नीत सरकार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर सीतारमण के साथ विजय रूपाणी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, अगर महा विकास आघाडी सरकार के कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र में कांग्रेस सत्ता में नहीं होती तो मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन पहले ही शुरू हो गई होती। सीतारमण ने मुंबई मेट्रो परियोजना के तहत आरे कार शेड निर्माण में देरी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों से महाराष्ट्र को शक्तिशाली राज्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा, हम एक हैं तो सेफ हैं।

# भाजपा ने संविधान की उड़ाई धज्जियां उपासना स्थल कानून को किया तार-तार

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जाने से रोके जाने के बाद बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि विभाजनकारी एजेंडे से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और उपासना स्थल कानून को तार-तार कर दिया गया है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा-आरएसएस अपने विभाजनकारी एजेंडे से संविधान की धज्जियां उड़ाने में व्यस्त हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल में पीड़ित परिवारों से मिलने जाने से रोकना इसी बात को साबित करता है।

उन्होंने कहा, दो समुदायों में नफ़रत पैदा करना ही भाजपा-आरएसएस की एकमात्र विचारधारा है, उसके लिए उन्होंने न केवल संविधान से पारित उपासना स्थल कानून को तार-तार किया, पर अब वो अपने नफ़रत के बाज़ार की शाखाओं को हर जगह खोलने पर उतारू हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी सौहार्द, शांति, भाईचारे, सद्भाव और मोहब्बत की दुकान खोलती चली जाएगी, और विविधता में एकता की तर्ज़ पर समाज को एकजुट रखेगी। हम झुकेंगे नहीं, पीछे हटेंगे नहीं। संभल हिंसा के पीड़ितों से बुधवार को मुलाकात करने जा रहे राहुल गांधी को उनके गंतव्य जनपद में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। राहुल ने इसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अपने विशेषाधिकारों का हनन करार दिया। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लंबी बहस के बाद भी बात नहीं बनने पर राहुल करीब दो घंटे बाद दिल्ली लौट गए।

# सांसदों के आगमन पर अवरुद्ध न हों संसद का प्रवेश द्वार

एजेंसी



नयी दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों द्वारा अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने की पृष्ठभूमि में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सदस्यों को संसद के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए। बिरला ने सदन में कहा, मैंने पूर्व में भी आग्रह किया था, फिर आज आग्रह कर रहा हूं।

संसद भवन के प्रवेश द्वार पर अवरोध होने की शिकायत कई सदस्यों ने की है। मेरा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि संसद भवन में आगमन के समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करें।

अध्यक्ष ने कहा कि विशेष रूप से महिला सांसदों ने उनसे संसद में प्रवेश के समय कठिनाई होने की बात व्यक्तिगत रूप से आकर कही है। उन्होंने कहा, मैंने व्यवस्था दी है और पुनः आज व्यवस्था दे रहा हूं। सदस्यों को कोई परेशानी है तो मुझे आकर मिलें। लेकिन प्रवेश द्वार पर अवरोध नहीं हों। हमारा व्यवहार संसद की मर्यादा के अनुरूप हो।

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर बुधवार को संसद भवन के मकर द्वार के निकट विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में आज भोजनावकाश नहीं होने की सूचना देते हुए कहा कि आज लगातार कामकाज होगा। उन्होंने कहा, जो समय स्थगन में गया है, उसकी तो भरपाई करनी होगी।

# मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान करे बांग्लादेश : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के बीच धार्मिक और आधारभूत मानवाधिकारों सहित मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान का आह्वान किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत लगातार चिंता व्यक्त कर रहा है। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने संवाददाताओं से कहा, हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए। पटेल ने कहा, सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और उनसे अधारभूत मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी सांसद ब्रैड शरमन ने एक बयान में कहा, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह पूर्ण दायित्व है।

इंटरटेनमेंट...

# नागा चैतन्य-शोभित धूलिपाला की शादी आज



मुंबई। साउथ एक्टर नागा चैतन्य आज एक्ट्रेस शोभिता धूलिपाला से शादी के बंधन में बंधेंगे। कपल की शादी हैदराबाद के उसी अन्नपूर्णा स्टूडियो में होगी, जिसकी स्थापना नागा चैतन्य के दादा जी अक्किनेनी नागेश्वर राव ने 1976 में की थी। कपल की शादी में साउथ और बॉलीवुड की तमाम हस्तियां शिरकत करने वाली हैं, जिनमें अल्लू अर्जुन, रामचरण, महेश बाबू, नयनतारा और प्रभास जैसे नाम शामिल हैं।

शोभिता धूलिपाला आज कांजीवरम सिल्क साड़ी पहनकर दुल्हन बनेंगी, जिसमें गोल्ड इंब्राइडरी होगी। इसके साथ वो सोने के आभूषण पहनकर ट्रेडिशनल अंदाज में तैयार होने वाली हैं। वहीं दूल्हा बनने वाले नागा चैतन्य सफेद पांचा पहनने वाले हैं। साउथ की शादियों में यही पारंपरिक पांचा पहनने का चलन है। नागा चैतन्य और और शोभिता की शादी में साउथ इंडस्ट्री से फिल्ममेकर एसएस राजामौली, एक्टर रामचरण और पत्नी उपासना, नयनतारा, प्रभास, अल्लू अर्जुन, महेश बाबू और पत्नी नम्रता शिरोडकर शादी में शामिल होने वाले हैं। इनके अलावा बॉलीवुड से भी कई सेलेब्स शादी में शिरकत करेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो नागा चैतन्य अपने दादा जी अक्किनेनी नागेश्वर का पांचा पहनेंगे। वहीं वो शोभिता से उसी अन्नापूर्णा स्टूडियो में शादी करने वाले हैं, जिसे उनके दादा जी ने 1976 में बनवाया था। ये 22 एकड़ में बना स्टूडियो अक्किनेनी परिवार के लिए बेहद खास है। हैदराबाद के बंजारा हिल्स में बने इस स्टूडियो में अब तक 60 बड़ी फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला तेलुगु ब्राह्मण रीति-रिवाजों से शादी करने वाले हैं। कपल की शादी की रस्में 8 घंटों तक चलेंगी।

शादी से पहले राता सेरेमनी होगी, जो साउथ कल्चर के मुताबिक एक अहम रस्म है। इसके लिए आम और जामुन के पत्तों और बांस की छड़ी की सजावट की गई है। नागा चैतन्य-शोभिता के वेडिंग कार्ड की झलक कुछ समय पहले नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला के वेडिंग कार्ड की पहली झलक सामने आई थी।

## रूसी एक्ट्रेस कामिला बेलयात्स्काया का निधन

**मुंबई**। रशियन एक्ट्रेस कामिला बेलयात्स्काया का हाल ही में निधन हो गया है। 24 साल की एक्ट्रेस छुट्टियां मनाने थाईलैंड गई थीं, जहां योगा करते हुए वो हादसे का शिकार हो गईं। कामिला अपने बॉयफ्रेंड के साथ थाईलैंड के कोई सामुई द्वीप में समय बिताने गई थीं। मेट्रो की रिपोर्ट्स में घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीद के हवाले से बताया जा रहा है कि कामिला चट्टानों में बैठकर योगा कर रही थीं। वो ध्यान लगा रही थीं कि तभी अचानक वो तेज रफ्तार में आ रहीं लहरों की चपेट में आ गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिशें कीं, लेकिन बहाव तेज होने पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। मौत के बाद कामिला के साथ हुई दर्दनाक घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कामिला योगा मैट में बैठी हुई हैं।

# राजकपूर की पोती से इंटीमेट सीन की उम्मीद नहीं : करीना



**मुंबई**। फिल्म चमेली करीना कपूर की पॉपुलर फिल्मों में से एक है। एक्ट्रेस ने करियर के पीक पर फिल्म चमेली में काम किया था। इस फिल्म में करीना ने सेक्स वर्कर की भूमिका निभाई थी। एक्ट्रेस ने फिल्म में इंटीमेट सीन्स दिए बिना अपने किरदार को निभाया था।

फिल्म की रिलीज के बाद करीना ने एक इंटरव्यू में अपने रोल को फिल्म प्यासा में वहीदा रहमान के रोल के साथ कंपेयर किया था। करीना ने बताया कि कुछ लोगों का कहना था कि फिल्म चमेली में सेक्स अपील की कमी थी। करीना कपूर ने सयैद फिरदौस अशरफ के साथ बातचीत में कहा था कि ह्वजब इंडस्ट्री के लोग चमेली फिल्म को देख रहे थे, तो वो कह रहे थे कि अरे चमेली में इंटीमेट सीन्स मिसिंग थे। वो यह नहीं समझते कि प्यासा फिल्म में वहीदा जी ने भी इंटीमेट सीन्स नहीं किए थे।

# ऋतिक रोशन ने किया 'द रोशन्स' सीरीज का अनाउंसमेंट



**मुंबई**। ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर द रोशन्स नाम की सीरीज की अनाउंसमेंट की है। ये सीरीज रोशन परिवार पर आधारित है। सीरीज में रोशन फैमिली के हिंदी सिनेमा में योगदान को दिखाया गया है। ये एक डॉक्यू-सीरीज है, जिसमें रोशन लाल नागरथ, राजेश रोशन, राकेश रोशन और ऋतिक रोशन की जर्नी को दिखाया गया है। रोशन फैमिली की डॉक्यू-सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज के जरिए लोगों को रोशन परिवार के बारे में जानने का मौका मिलेगा। सीरीज में परिवार के स्ट्रगल और अचीवमेंट्स के बारे में बताया गया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'बहुत अच्छा लग रहा है कि ऐसे परिवार की जर्नी को दिखाने का मौका मिला, जिन्होंने म्यूजिक, मैजिक और हिंदी सिनेमा में शानदार काम किया है। ये परिवार की लिगेसी और प्यार है। ऋतिक रोशन ने भी डॉक्यू-सीरीज का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। हालांकि, अब तक सीरीज की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। ऐसा माना जा रहा है कि ये सीरीज ऋतिक के बर्थडे यानि 10 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इस सीरीज में रोशन फैमिली के अलावा इंडस्ट्री के कई लोगों के कैंडिड इंटरव्यूज भी देखने को मिलेंगे। द रोशन्स सीरीज को शशि रंजन ने डायरेक्ट किया है। राकेश रोशन ने सीरीज को को-प्रोड्यूस किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा जोनस, और विक्की कौशल के पिता शाम कौशल भी नजर आएंगे।




Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com